आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 222, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला 14
मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर 13

## हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

शिमला, एजेंसी



- एनएचएआई अधिकारियों पर हमला करने का मामला

हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया।

मंत्री के खिलाफ एनएचएआई के दो अधिकारियों पर उस स्थान का निरीक्षण करने के दौरान हमला करने का आरोप है, जहां पांच मंजिला एक इमारत ढह गई थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मचारी अचल जिंदल की शिकायत पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अचल जिंदल फोर-लेन परियोजना के प्रबंधक हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सिंह ने उन्हें और उनके साइट इंजीनियर योगेश को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ मारपीट की। एनएचएआई के दोनों कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए मंत्री से संपर्क नहीं हो सका।

# स्वस्थ और विकसित भारत से ही हम बनेंगे विश्व गुरु : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण, पारंपरिक जीवनशैली अपनाने की सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भारत का विश्व में डंका बज रहा है। स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए आज से ही हमें प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व विकसित भारत से ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं। शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्र और संस्थान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में खेतों व जंगलों में आज भी जड़ी-बूटियों का खजाना मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती हैं कि पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा।



आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के बाद चित्र प्रदर्शनी देखतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

राष्ट्रपति मंगलवार को गोरखपुर में 52 एकड़ में 268 करोड़ की लागत से बने देश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है। आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग और सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है। भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की चर्चा करते कहा कि इन पद्धतियों की वैज्ञानिक स्वीकार्यता को बढ़ाने में भी ऐसे विश्वविद्यालय का योगदान रहेगा। राष्ट्रपति ने भाषण की शुरूआत में महायोगी गुरु गोरखनाथ की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली महापुरुष भारत में दोबारा नहीं हुआ। उन्होंने इस योग भूमि और नाथ पंथ के संतों-मनीषियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव व राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है।

### हर जिले में बनेगा आयुष वेलनेस सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में 100 बेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

# केंद्र सरकार दो वर्ष में साढ़े तीन करोड़ युवाओं को देगी नौकरी

## केंद्रीय कैबिनेट ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना और नई खेल नीति पर लगाई मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी

- रोजगार प्रोत्साहन योजना पर खर्च किए जाएंगे 1.07 लाख करोड़ रुपये



मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यह योजना खासतौर पर निर्माण क्षेत्र पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निर्माण क्षेत्र को मजबूती और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई खेल नीति पर भी मुहर लगा दी है।

अनुसंधान और विकास में निजी निवेश बढाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इनके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विकासपरक योजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) का मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य दो साल में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा।

वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था। इस योजना का लाभ एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।

### भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने की दिशा में पहल

**नई दिल्ली।** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है।

### अनुसंधान, विकास में निजी निवेश बढ़ाने की योजना को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुसंधान में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को भी मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य उभरते क्षेत्रों तथा आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य व आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसंधान, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण देना है।

# जीएसटी ऐतिहासिक सुधार, आर्थिक परिदृश्य को दिया नया आकार : मोदी

## जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री

- कहा-छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर 'एक्स' पर लिखा कि अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल एवं सेवा कर के लागू होने के बाद से सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

### सकल जीएसटी संग्रह जून में 1.84 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पिछले महीने 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा। सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा।

अशोका फोम
SUMMER SALE UPTO 70%
CURTAIN & SOFA FABRIC
MATTRESS & PILLOW
BED SHEET & BED COVER
TOWEL | WALL PAPER
Readymade Garments
FLAT 50% TO 80%
मिशन अस्पताल के सामने बरेली
मो. +91-9720031000

# पेड़ से भिड़ी कार, एक ही परिवार के तीन की मौत

## कार सवार पिता-पुत्री और भाभी की जान गई, 4 घायल, लखनऊ से लौट रहे थे घर

संवाददाता, बिजुआ (लखीमपुर खीरी)



श्रद्धा



सोमा देवी



जितेंद्र कुमार (फाइल फोटो)

- लखीमपुर-भीरा मार्ग पर मालपुर के पास अनियंत्रित हुई कार
- घायलों में दो की हालत गंभीर इलाज को लखनऊ में भर्ती

**अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र के गांव मालपुर के पास सोमवार रात लखीमपुर-भीरा मार्ग पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई, जिससे कार सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पिता, उसकी तीन वर्षीय बेटी और भाभी शामिल हैं। हादसे में चार लोग घायल हुए, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

गांव गुलरिया निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल अपनी बेटी श्रद्धा की दवा के लिए कार से लखनऊ गए थे। लौटते समय उनकी पत्नी सुषमा (30), भाभी सीमा देवी (32), भतीजा शिवम (22) और दो अन्य बच्चे भी साथ थे। रात करीब दस बजे मालपुर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। भीषण टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए।

राहगीरों व ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे पड़रिया तुला पुलिस चौकी प्रभारी और फोर्स ने कार से निकालकर घायलों को अस्पताल भेजा जहां जितेंद्र और उनकी बेटी श्रद्धा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल सीमा देवी को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी भी मौत हो गई। पत्नी सुषमा और भतीजा शिवम की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

> कार में सात लोग सवार थे। महिला समेत तीन की मौत हुई है। दो घायलों का इलाज लखनऊ में चल रहा है। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। -पवन गौतम, एएसपी पूर्वी।

### सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है। इस निर्णय की सूचना 24 जून को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय के सभी कर्मचारियों को दी गई। परिपत्र कहा गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून से प्रभावी कर दिया गया है। प्रभावी मॉडल रोस्टर के अनुसार, एससी श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

# रेल यात्रियों को अब एक ही जगह सभी सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया मोबाइल एप रेलवन



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी।

वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस एप की शुरुआत की। यह एप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। रेल मंत्रालय ने कहा कि रेलवन एप पर यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान उपलब्ध होगा। इस एप से यात्रियों को आरक्षित, अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग के साथ माल ढुलाई से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी है।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी दर में 58.5 रुपये की कटौती



**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई जबकि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 58.5 रुपये की कटौती की है। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत प्रति सिलेंडर 1,665 रुपये और मुंबई में 1,616.50 रुपये होगी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। अप्रैल में घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

# दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी




- पेट्रोल पंपों पर रीडर कैमरे लगाए गए, तैनात किए गए जांच दल

दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए हैं।

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।


# किसी से आई लव यू कहना यौन इच्छा प्रकट करना नहीं

## बंबई उच्च न्यायालय ने कहा- यह केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति, आरोपी व्यक्ति की सजा रद्द की

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है, न कि यौन इच्छा प्रकट करना।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के की पीठ ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में अनुचित स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई टिप्पणी शामिल है।



शिकायत के अनुसार, आरोपी नागपुर में 17 वर्षीय लड़की के पास गया, उसका हाथ पकड़ा और आई लव यू कहा। नागपुर की एक सत्र अदालत ने 2017 में आरोपी को भारतीय दंड संहिता और बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था और तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं पाई गई जिससे यह संकेत मिले कि उसका वास्तविक इरादा पीड़िता के साथ यौन संपर्क स्थापित करना था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जब लड़की स्कूल से घर लौट रही थी, तो उस व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया, उसका नाम पूछा और आई लव यू कहा।

लड़की वहां से भाग निकलने में सफल रही और घर जाकर अपने पिता को घटना के इसके बारे में बताया, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह मामला छेड़छाड़ या यौन उत्पीड़न के दायरे में नहीं आता।

### यौन उद्देश्य साबित करने को ठोस आधार जरूरी

उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू जैसे शब्द अपने आप में यौन इच्छा (प्रकटीकरण) के बराबर नहीं होंगे, जैसा कि विधायिका द्वारा परिकल्पित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू कहने के पीछे यदि यौन उद्देश्य था, तो उसे साबित करने के लिए कुछ ठोस और अतिरिक्त संकेत होने चाहिए, केवल इतना कहना पर्याप्त नहीं है। अदालती आदेश में कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति यह कहता है कि वह किसी से प्रेम करता है या अपनी भावनाएं व्यक्त करता है, तो केवल इतना भर कह देने से इसे किसी प्रकार के यौन इरादे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

## 4 किमी दूर स्कूल का विलय, अब कैसे जाएंगे बच्चे



**पूरनपुर, अमृत विचार** : प्राथमिक स्कूल रसूलपुर पचपुखरा के बच्चों को चार किमी की दूरी तय करनी पड़ेगी। खेत से होकर बच्चों के स्कूल तक पहुंचने में खतरा हैं। अभिभावकों ने एसडीएम को पत्र देकर गांव के स्कूल में ही शिक्षण कार्य कराने की मांग की है। बता दें कि तहसील क्षेत्र के गांव घाटमपुर के मौजा रसूलपुर पचपुखरा में प्राथमिक विद्यालय है। बच्चों की संख्या पचास से कम होने पर इस प्राथमिक स्कूल का विलय पड़ोस के गांव घाटमपुर में कर दिया गया। मंगलवार सुबह जब अभिभावकों को इसकी जानकारी लगी तो उनमें नाराजगी पनप गई। कई अभिभावक तहसील पहुंचे और एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को पत्र सौंपा। इसमें कहा गया कि रसूलपुर पचपुखरा से दूसरे स्कूल की दूरी करीब चार किमी है। बच्चों को हाईवे पार करने के बाद खेतों से गुजर कर स्कूल तक पहुंचाना पड़ेगा। इससे सड़क हादसे के अलावा वन्यजीवों से भी खतरा बना रहेगा। गांव में ही स्कूल बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा था। समस्याओं के चलते गांव के बच्चे चार किमी दूर मौजूद विद्यालय में जाने में असमर्थ हैं। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। अभिभावकों ने गांव में मौजूद विद्यालय संचालित कराए जाने की मांग की। इस मौके पर इंद्रजीत कौर, हरदीप कौर, मनजीत कौर, दलबीर कौर, लखविंदर कौर , गुरविंदर सिंह आदि अभिभावक मौजूद रहे।

## बच्चों को पहले दिन मिली खीर और हलवा



**पूरनपुर, अमृत विचार** : मंगलवार को परिषदीय स्कूलों का नया शिक्षा सत्र शुरू हुआ। स्कूलों से रैली निकालकर बच्चों को निशुल्क पुस्तकें बांटी गई। पहले दिन बच्चों को स्कूलों में हलवा और खीर खाने को दी गई। गांव शेरपुर कला के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक बाबूराम पासवान ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। खंड शिक्षाधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने अभिभावकों से छह वर्ष के बच्चों का सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलाने और प्रतिदिन विद्यालय भेजने का आग्रह किया। पहले दिन हलवा खीर पाकर बच्चे खुश दिखे। खिलाई गई। कंपोजिट विद्यालय बंगला में तिलक लगाकर व पुष्प देकर बच्चों का स्वागत किया गया। जागरुकता रैली निकाली गई। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमकार गंगवार, शिक्षक आशीष कुमार ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील की। शिक्षिका नवदीप कौर ने पुस्तकें बांटी।


**दसवां/तेरहवी संस्कार**



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **श्री हरी प्रकाश** का स्वर्गवास दिनांक 24.06.2025 को हो गया था। जिनका **दसवां संस्कार** दिनांक 02.07.2025 बुधवार को राम स्वरूप बाग (निकट बी.बी.एल.पब्लिक स्कूल) बरेली में समय दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक होगा तथा **तेरहवीं (ब्रह्म भोज)** दिनांक 04.07.2025 को दोपहर 01 बजे से निज निवास (राममूर्ति टावर के पीछे) सेंट फ्रांसिस स्कूल वाली गली, बरेली पर होगा।

**शोकाकुल**

**श्रीमती डॉ.शशि प्रभा (पत्नी) (पूर्व प्रधानाचार्य, द्रोपदी कन्या इण्टर कालेज), अंकुर पी गुप्ता (रीजनल पी.एफ. कमिश्नर) – सोनाली गुप्ता (पुत्र–पुत्रवधू), मुकेश शिंघल (पार्षद) – ज्योति गुप्ता (दामाद – बेटी), प्रदीप गुप्ता – स्वाति गुप्ता (दामाद–बेटी), यश प्रकाश गुप्ता (पोता), नित्या गुप्ता (पोती) एवं समस्त परिवार। मो.9821653953**




बच्चों से लैपटॉप चलवाकर देखते बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद। ● अमृत विचार



प्राथमिक विद्यालय टंडोला में बच्चों का तिलक लगाकर अभिवादन करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।



टाह पौटा में बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण करती ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा।

# नौनिहालों का तिलक लगाकर स्वागत, बांटी निशुल्क पुस्तकें

### परिषदीय विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र शुरू, पहले दिन संख्या रही कम, रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजे विद्यालय, पहले दिन बच्चों ने खूब मस्ती की

- **डीएम ने प्राथमिक विद्यालय टंडोला में किया बच्चों का स्वागत और निकाली गई रैली**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : गर्मी की छुट्टी के बाद एक जुलाई को शैक्षिक सत्र की नई सुबह बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आई। पहले दिन बच्चों की संख्या कम रही। मगर, जो पहुंचे उनके चेहरे पर उत्साह दिखा। जनप्रतिनिधि और अफसरों की मौजूदगी में शिक्षकों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत और अभिवादन किया। रंग-बिरंगे गुब्बारों, स्वागत गीतों और रैलियों के बीच बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। पहले दिन छात्र-छात्राओं ने अपने दोस्तों के साथ जमकर मस्ती की।

बता दें कि 1508 परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले पौने दो लाख नौनिहालों के लिए मंगलवार को स्कूल के द्वार खोले गए। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के प्रवेश उत्सव/स्वागत उत्सव का आयोजन किया गया। अभी तक शासन की ओर से 20 मई से 30 जून तक गर्मी के अवकाश की घोषणा की गई थी। जिसके बाद एक जुलाई से कक्षा एक से आठ तक के स्कूल खोले गए। पहले दिन कंपोजिट विद्यालय बिथरा में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, बीएसए अमित कुमार सिंह और सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने स्कूल चलो अभियान की शुरुआत कराई। रैली को झंडी दिखाकर रवाना कराया।

बच्चों का माल्यार्पण, तिलक लगाकर स्वागत करते हुए कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी बांटी। डीएम और बीएसए प्राइमरी स्कूल टंडोला पहुंचे, यहां डीएम की ओर से स्कूली बच्चों को फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। इधर, कंपोजिट स्कूल बरहा में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास और ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार ने भी स्कूल चलो अभियान रैली निकलवाई।

इससे पहले की सीडीओ, ब्लॉक प्रमुख, बीईओ अमूल कुमार, जिला समन्वयक राकेश पटेल ने स्कूली बच्चों को माल्यार्पण कर तिलक लगाया और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें बांटी। उच्च प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा और जिला समन्वयक मनीष श्रीवास्तव ने स्कूल चलो अभियान एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की। अफसरों ने स्कूलों का निरीक्षण कर वहां के शैक्षिक सत्र का भी आकलन किया। स्कूल का संचालन का समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे बजे तक रहा। बीएसए समेत सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने स्कूल पहुंचकर वहां औचक निरीक्षण किया।



– रोटरी क्लब की ओर से स्कूली बच्चों को बैग वितरण करते पदाधिकारी।



सरस्वती शिशु मंदिर मझोला में बच्चों को तिलक कर स्वागत करतीं शिक्षिकाएं।

## समय से पहले कर दी छुट्टी, नहीं हुआ हलुवा वितरण

**पीलीभीत**, ललौरीखेड़ा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय नंबर दो में बच्चों की संख्या कम रही। दोपहर 12 :35 बजे स्कूल में कोई बच्चा मौजूद नहीं था। प्रधानाध्यापक हीरेंद्र सिंह ने इसे लेकर चुप्पी साध ली। हालांकि इस स्कूल में जाने वाले बच्चों का कहना था कि हलवा खीर आदि का वितरण नहीं हुआ। शिक्षक ने समय से पहले ही स्कूल में छुट्टी कर दी। जबकि दो बजे छुट्टी होनी थी, लेकिन प्रधानाध्यापक ने जल्दी अवकाश करा दिया। जहानाबाद प्राथमिक विद्यालय जहानाबाद नंबर एक में पहले दिन 127 में 60 बच्चे आए। यहां पहले दिन दाल चावल के साथ हलवा वितरण किया गया। यहां पर दो शिक्षक कार्यरत है, इनमें एक अवकाश पर गए थे। ऐसे में एक ही शिक्षक के सहारे शैक्षिक कार्य को पूर्ण किया। मरौरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय न्यूरिया हुसैनपुर में भी गिने–चुने बच्चे पहुंचे। मिड डे मील को लेकर प्रधानाध्यापक कोई जवाब नहीं दे सके। आरोप है कि यहां जागरुकता रैली नहीं निकाली गई। पहले दिन सिर्फ शिक्षक औपचारिकता निभाते दिखाई दिए। बच्चे भी समय से पहले ही घर चले गए।

## रैली निकाल शैक्षिक सत्र की शुरुआत

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कंपोजिट विद्यालय जमुनिया महुआ में विधायक विवेक वर्मा ने स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना कराया। कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरण की। इसके अलावा आईसीटी लैब का भी उद्घाटन किया गया। पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय दुबे में प्रधानाध्यापक सौरभ ने बच्चों का पहले दिन स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय नवाडांडी में प्रधानाध्यापक इशहाक हुसैन ने पहले सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई। रामदुलारी श्याम सुंदर इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य मनोज कुमार दुबे द्वारा विद्यालय स्थित देवस्थान पर पूजन कर सत्र का शुभारंभ किया गया।

## मझोला में बच्चों में दिखा उत्साह

**मझोला, अमृत विचार** : चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन सत्र में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह समेत स्टाफ मौजू रहा। बच्चों पर पुष्प वर्षा की गई। स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती शिशु मंदिर में भी प्रधानाचार्य धनपाल सिंह की अगुवाई में स्टाफ ने बच्चों को तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत व अभिनंदन किया। बच्चों में भी उत्साह दिखा।

## रोटरी क्लब ने बांटे बैग, पंखे और अन्य संसाधन

**पीलीभीत**, रोटरी क्लब ने मंगलवार को शिक्षा उदय कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन के बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया। पंखे समेत अन्य संसाधन भी स्कूलों में दिए गए। इस मौके पर डॉ.अनिल सक्सेना, डॉ.एसपीएस संधू, डॉ.उपेंद्र नाथ मिश्रा, डा.राहुल शर्मा, कपीश अग्रवाल, डॉ.पीएन सक्सेना, देवेंद्र सिंह छावड़ा, डा.प्रांजल अग्रवाल, डॉ.नीलम अग्रवाल, डा.संगीता अनेजा, डॉ.भरत कंचन, परविंदर सिंह सैहमी, आदि मौजूद रहे।


# VARUN ARJUN UNIVERSITY

**Varun Arjun Medical College Campus**
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307

ADMISSION OPEN

**ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026**

ADMISSION OPEN

**VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

**VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| M.Sc. (Medical Anatomy) | Candidate must have passed three years undergraduate | 3 Years |
| M.Sc. (Medical Biochemistry) | Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With | |
| M.Sc. (Medical Microbiology) | Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, | |
| M.Sc. (Medical Physiology) | BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. | |
| M.Sc. (Medical Pharmacology) | Nursing Must have Passed from a recognized University. | |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

**VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

**VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

**VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in


## गोशाला में मना व्यापारी नेता की पत्नी का जन्मदिन

**पीलीभीत, अमृत विचार**: डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अपील का अमल जिले के लोगों ने शुरु कर दिया है। इसके तहत व्यापारी ने गोशाला पहुंचकर अपना जन्मदिन मनाया। बीते दिनों डीएम ने जिलेवासियों से अपील की थी कि अपने जन्मदिन समेत अन्य अवसरों पर गोशाला पहुंचकर गोसेवा करते हुए मनाएं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने अपनी पत्नी श्वेता अग्रवाल का जन्मदिन मंगलवार को गोसेवा करते हुए मनाया। नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की अस्थायी गोशाला में पहुंचकर पौधारोपण किया।

# ग्रामीणों के बेहतर इलाज के लिए सीएचसी-पीएचसी में भेजे डाक्टर

- **पांच नॉन-पीजी जेआर सीएचसी पर भेजे, महिला अस्पताल को मिले चार विशेषज्ञ**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : मेडिकल कॉलेज स्थापित होने के बाद अब ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने के लिए शासन और एनएचएम स्तर से कुल नौ नए चिकित्सकों की तैनाती की गई है। इनमें पांच नॉन-पीजी जूनियर रेजिडेंट्स को सीएमओ के अधीन विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजा गया है, जबकि चार विशेषज्ञ डॉक्टरों को जिला महिला अस्पताल में तैनाती मिली है।

लंबे समय से सीएचसी- पीएचसी पर डॉक्टरों की किल्लत बनी हुई है। ऐसे में व्यवस्थाओं को चलाने के लिए कई डॉक्टरों को संबद्ध कर काम चलाया जा रहा था। ऐसे में ग्रामीणों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा। इसको देखते हुए बीते दिनों डॉक्टरों की भर्ती निकाली गई थी। जिन पर शासन द्वारा अनुबंध के आधार पर दो वर्षों के लिए नौ डॉक्टरों को सीएमओ अधीन तैनात किया गया है। इनमें पांच नॉन-पीजी जूनियर रेजिडेंट शामिल है। इनमें डॉ. कृतिका गुप्ता को ललौरीखेड़ा पीएचसी, डॉ. संचित कुमार को न्यूरिया सीएचसी, डॉ. प्रियंका गौतम और डॉ. जीतू कुमार गौतम को पूरनपुर सीएचसी पर तैनात किया गया है।

डॉ. पूजा को अमरिया सीएचसी पर तैनाती मिली है। वहीं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के माध्यम से बिड प्रक्रिया द्वारा चयनित चार विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती जिला महिला अस्पताल में की गई है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा गंगवार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार शर्मा, डॉ. सीमा सिंह एवं डॉ. हितेश कुमार को जिला महिला अस्पताल में तैनाती मिली है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि नई तैनातियों से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और मरीजों को और बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# पीडीए दिवस के रूप में मना अखिलेश यादव का जन्मदिन



महिला को साड़ी देते पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी व अन्य।



पूरनपुर में हुए कार्यक्रम के दौरान केक काटकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव राजकुमार राजू।

- **कई जगह हुए कार्यक्रम, सपा नेताओं ने केक काटा, पौधे रोपे और साड़ियां भी बांटी**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। नकटादाना चौराहा के पास स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय पर मंगलवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व राष्ट्रीय सचिव वीरपाल सिंह यादव रहे। इस दौरान पौधरोपण किया गया। महिला सशक्तिकरण के तहत साड़ी वितरण हुआ और निराश्रितों को भोजन कराया गया।

पूर्व राज्यसभा सदस्य वीरपाल सिंह यादव ने कहा कि पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एकजुट होकर 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में बूथ स्तर तक जुट जाएं। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही सामाजिक मुद्दों पर हमेशा मुखर रहती है। अखिलेश यादव एकमात्र ऐसा नेता है जो सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखते है। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने तमाम महिलाओं को साड़ी व सूट बांटे और भोजन करवाया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, दिव्या गंगवार, धनपति वर्मा एडवोकेट, मखदूम खान, गयासुद्दीन,प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, लखविंदर सिंह पन्नू, सपा अधिवक्ता सभा ज्योति प्रकाश शुक्ला, चौधरी प्रदीप पटेल, हरगोविंद गंगवार, पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

उधर, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने पूरनुपर में कार्यक्रम कराया। जिसमें केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। राष्ट्रीय अध्यक्ष के 52वें जन्मदिन के मौके पर कार्यकर्ताओं संग 52 पौधे रोपित किए।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जन-जन तक सपा की नीतियों और पीडीए के संदेश को पहुंचाने का काम करें। पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन पीडीए दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर गुरदयाल सिंह, सतीश वर्मा, कौशल वाजपेयी, ओम शर्मा, नोमान अली वारसी, मीता सिंह, संजय खान, सबीउल्ला खां,सोनू यादव,उबैद बेग,महेश आजाद,अहीद खां, पूर्व प्रधान बद्री प्रसाद आदि मौजूद रहे। पूर्व जिला महासचिव यूसुफ क़ादरी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने बरेली रोड पर पर राहगीरों को फल एवं जल का वितरण किया।

## बीसलपुर में भी मना जन्मदिन

**बीसलपुर, अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य हरिपाल सिंह लोधी के कैंप कार्यालय पर केक काटा गया और पौधरोपण किया। इस मौके पर केदारनाथ गौतम, शैलेश शर्मा, राम प्रताप गंगवार, यासीन अंसारी, अकरम अंसारी, आरिफ सिद्दीकी, मोहम्मद हारुन खान, डॉ. सुरेंद्र गंगवार, अमित गंगवार आदि मौजूद रहे।




## शहर में आज

- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे से।
- सत्य नारायण मंदिर पर जरूरतमंदों को भोजन वितरण दोपहर 12 बजे।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5.30 बजे।
- कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में संवाद सुबह 11 बजे।

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

**जहानाबाद, अमृत विचार** : दुष्कर्म, मारपीट के मामले में आरोपी ग्राम मीरपुर कल्यानपुर खास के निवासी हरिओम और कमल किशोर को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार को आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

### 27 सागौन के पेड़ काटे रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार** : सागौन के 27 पेड़ बिना अनुमति गुपचुप तरीके से काट लिए गए। वन रक्षक की आरे से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली में दी गई तहरीर में वनरक्षक वसीम ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम करनपुर लायकराम आदिलाबाद निवासी राम प्रताप ने 28 जून को सुबह साढ़े नौ बजे पेड़ चोरी से काट लिए। समस्त पेड़ों की लकड़ी सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम आने से पूर्व ही गायब कर दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### दुकान पर बैठे युवक के साथ मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशीटोला निवासी विजय पुत्र प्यारेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 जून को वह अपने साथी गोपाल के साथ एक दुकान पर बैठे थे। इस बीच प्रमोद पुत्र लालता प्रसाद आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। शोर पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : क्षेत्र के एक ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 25 जून की रात उसकी 20 वर्षीय पुत्री खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गई थी। रात करीब 11 बजे जब वह कमरे में पहुंचे तो पुत्री कमरे में मौजूद नहीं थी। काफी तलाशने के बाद पता चला कि उसे गांव का राजवीर पुत्र महेंद्र पाल बहला फुसला कर ले गया है। उसकी पुत्री घर में रखी नगदी और जेवर भी अपने साथ ले गई है। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।युवती के बारे में जानकारी कराई जा रही है।

# अमरिया में घूम रही बाघिन...रेस्क्यू के लिए पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ से मांगी अनुमति

## मंगलवार सुबह भी देखी गई बाघिन की चहलकदमी, निगरानी करने में जुटी हैं टीमें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: अमरिया तहसील क्षेत्र में यूपी-उत्तराखंड सीमा से सटे इलाकों में मंडरा रही बाघिन को रेस्क्यू किया जाएगा। इसको लेकर वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव से अनुमति मांगी है। अनुमति मिलते ही बाघिन को पकड़ने के लिए रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया जाएगा।

अमरिया क्षेत्र में एक बाघिन पिछले करीब सप्ताह भर से यूपी-उत्तराखंड सीमा के इर्दगिर्द मंडरा रही है। करीब चार-पांच दिन पूर्व बाघिन ने रानी कॉलोनी के पास एक गन्ने के खेत में छुट्टा पशु को निवाला बना डाला था। तबसे लगातार बाघिन इसी क्षेत्र में मंडरा रही है। एक दिन पूर्व बाघिन ने मझोला-सितारगंज मार्ग पर देवहा पुल के समीप एक बाइक सवार पर छलांग लगा दी थी। गनीमत यह रही कि बाइक सवार पर हमला नहीं किया। बाइक गिरने से बाइक सवार को मामूली चोटें आई। इसके कुछ देर बाद ही बाघिन ने उत्तराखंड के मेहरबान नगर में एक छुट्टा गोवंश पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। बीते रविवार को वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीम द्वारा बाघिन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रानी कॉलोनी के समीप 03 ट्रेप कैमरे भी लगाए गए थे। पूर्व में ग्रामीणों द्वारा बाघिन को दो शावकों के साथ घूमने की बात कही जा रही है। बाघिन के लगातार आबादी क्षेत्र की ओर बढ़ता देख वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव से बाघिन को रेस्क्यू करने की अनुमति मांगी है। वन अफसरों के मुताबिक अनुमति मिलते ही बाघिन को पकड़ने के लिए रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया जाएगा।



निगरानी टीम से जानकारी लेते क्षेत्रीय वनाधिकारी विनीत प्रकाश श्रीवास्तव।



अमरिया क्षेत्र में घूमती बाघिन (फाइल फोटो)

> बाघिन को रेस्क्यू करने के लिए अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलने के बाद बाघिन को रेस्क्यू किया जाएगा। फिलहाल अभी टीम द्वारा लगातार बाघिन की मॉनीटरिंग की जा रही है। – **विनीत प्रकाश श्रीवास्तव**, क्षेत्रीय वनाधिकारी

### मंगलवार सुबह मझोला-सितारगंज मार्ग किनारे देखी गई बाघिन

यूपी-उत्तराखंड सीमा के इर्द गिर्द मंडरा रही बाघिन पिछले चार-पांच दिनों से लगातार देखी जा रही है। मंगलवार सुबह करीब छह बजे बाघिन मझोला-सितारगंज मार्ग पर काला पुल के नजदीक देखी गई थी। मझोला के कुछ लोगों ने बाइक से चलते-चलते इसका वीडियो भी बनाया लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। रिहायशी इलाकों में लगातार बाघिन की मौजूदगी से लोगों में दहशत भी बढ़ती जा रही है। इधर जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय वनाधिकारी विनीत प्रकाश श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने निगरानी में जुटी वन दरोगा सोनी सिंह, दिनेश सिंह, राजीव ढाली आदि से बाघिन के संबंध में जानकारी लेने के साथ अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

# हादसे में युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**बीसलपुर, अमृत विचार**: सड़क हादसे में बाइक सवार सवार युवक की जान चली गई। वजह अपने परिचत को छोड़कर घर जा रहा था। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।



- बाइक से परिचित को छोड़ने गया था प्रवेश

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रिछोला घासी निवासी अरविंद कुमार (23 वर्ष) पुत्र प्रवेश कुमार सोमवार रात बाइक से चुर्रा सकतपुर एक परिचित को छोड़ने गए थे। वापस आते वक्त नहर कोठी के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।

जिससे अरविंद को सिर में चोट लगी। इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिवार वाले भी आ गए। घायल को एक निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# राज्यमंत्री की मध्यस्थता से खत्म हुई ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल



चुंगी माल गोदाम में वार्ता में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, एएसपी, सिटी मजिस्ट्रेट व व्यापारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एएसपी और सिटी मजिस्ट्रेट भी रहे मौजूद, निकाला रास्ता
- शाम चार से छह बजे तक मिलेगी ट्रांसपोर्टरों के वाहनों को छूट

**अमृत विचार**: द ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन फुटकर एवं थोक की दो दिन से चल ही हड़ताल आखिरकार समस्या का समाधान निकाले जाने के बाद समाप्त हो गईञ। राज्यमंत्री की मध्यस्थता के बाद अफसर संजीदा हुए और शाम को दो घंटे की छूट ट्रांसपोर्ट के वाहनों के लिए दे दी गई है।

बता दें कि सुबह आठ बजे से रात के आठ बजे तक नो एंट्री लागू होने से ट्रांसपोर्टर खफा थे। उनका कहना था कि इस वक्त उनके वाहनों की एंट्री न होने से काफी दिक्कत आ रही है। इसे लेकर बीते दिनों पहले डीएम को ज्ञापन दिया गया। इसके बाद भी जब समाधान न हुआ तो दी परचून ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (फुटकर एवं थोक) से जुड़े ट्रांसपोर्टर 29 जून की रात 12 बजे से दो दिन की हड़ताल पर चले गए थे। इसके बाद इस हड़ताल को मंगलवार रात से और बढ़ाने की तैयारियां चल रही थी। मगर, इससे पहले ही राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के दखल के बाद समाधान निकाल लिया गया। राज्यमंत्री ने चुंगी माल गोदाम पर संचालित ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचकर वार्ता की। इस दौरान एएसपी विक्रम दहिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर भी मौजूद रहे। कुछ देर चली वार्ता के बाद समाधान करा दिया गया।

# मां ने डांटा तो घर से चला गया किशोर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : मोबाइल चलाने से मना करने पर मां ने बेटे की डांट लगा दी। इससे क्षुब्ध होकर 13 वर्षीय किशोर घर से बिना बताए कहीं चला गया। काफी तलाश के बाद पता नहीं चला तो पिता ने सुनगढ़ी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 13 वर्षीय मोबाइल चल रहा था। पत्नी ने उसकी डांट लगा दी। इससे नाराज होकर पुत्र 29 जून को शाम चार बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। बेटा अपने साथ मां का मोबाइल भी ले गया है। उसने फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो स्विच ऑफ था। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज है।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पुलिस छानबीन में जुटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- लक्ष्मी टॉकीज में चाय की दुकान चलाता था मृतक
- 2022 में लड़ा था विधानसभा चुनाव, शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार** : लक्ष्मी टॉकीज में चाय की दुकान चलाने वाले एवं विधानसभा चुनाव लड़ चुके अरविंद यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में मिला। पत्नी ने फंदे से लटककर खुदकुशी करने की बात कही जबकि परिजन हत्या की आशंका जताते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन कर रही है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के लक्ष्मी टॉकीज में रहने वाले 35 वर्षीय अरविंद यादव अपनी पत्नी सुनीता देवी और दो बच्चों के साथ कैंपस में रहते थे। बंद टॉकीज परिसर में ही चाय की दुकान चलाते थे। अपने परिवार सहित दुकान के ऊपर बने कमरे में रह रहे थे। उनके पिता जसवंत यादव समेत अन्य परिवार वाले सदर कोतवाली क्षेत्र के जमुनी चौराहे के पास किराए पर रहते हैं। सोमवार देर रात अरविंद की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पत्नी सुनीता देवी के अनुसार, जब वह कमरे में पहुंची तो अरविंद फंदे से लटके मिले। फंदे से उतारकर सूचना मृतक के पिता जसवंत यादव को दी गई। परिजन के आने पर एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। जबकि परिवार वालों का कहना है कि अरविंद का शव कमरे में बेड के नीचे पड़ा था। उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और फील्ड यूनिट की मदद से सुरागरसी की। प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद में खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। हालांकि मृतक के पिता द्वारा लगाए गए अन्य आरोपों की भी जांच पुलिस कर रही है। मृतक के छह वर्षीय पुत्री आराध्या और चार वर्षीय पुत्र आयुष है। बता दें कि अरविंद यादव ने वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में सर्व समाज पार्टी के टिकट पर पीलीभीत सदर सीट से चुनाव लड़ा था। उन्हें 916 मत प्राप्त हुए थे। हाल में एक ही नाम से संचालित हो रहे दो संगठनों का मामला चर्चा में था। एक गुट में अरविंद यादव खुद को प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी बता रहे थे, जबकि दूसरे पक्ष ने फर्जी संगठन संचालित करने का आरोप लगाया था। जिसे लेकर पुलिस प्रशासनिक स्तर पर भी शिकायत दोनों पक्षों से की गई थी। जिसकी जांच अभी भी चल रही है।

> संदिग्ध हालात में युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। मामले की जांच कराई जा रही है। – **पवन कुमार पांडेय**, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

# मकान पर कब्जा करने और सामान गायब करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गजरौला पुलिस ने दर्ज की नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचार** : महिला के घर में परिवार के ही कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया। आरोप है कि दूसरे ताले डाल दिए गए और सामान कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

साहू फॉर्म निवासी सत्येंद्र कौर पत्नी स्वरंजित सिंह ने थाना गजरौला में तहरीर देकर बताया कि 27 जून को वह अपनी मां और भाई के साथ हाईकोर्ट प्रयागराज में किसी कार्य से गई थी। जब 29 जून को सुबह 11 बजे वह अपने घर वापस आए तो देखा कि उसके परिवार के धर्मेंद्र सिंह और उसकी पत्नी जसमीत कौर ने मकान पर कब्जा कर लिया। काफी देर तक दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन उक्त लोगों ने दरवाजा नहीं खोला। इस पर डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। 112 पुलिस भी मौके पर आई, फिर भी दरवाजा नहीं खोला। आरोप है कि पुलिस के सामने ही धमकी दी गई। घर की दीवार कूद कर कमरे की तरफ पहुंची तो नए ताले लगे मिले। एक कमरे का ताला खुलवाकर सामान चेक किया तो आरोप है कि पीड़ित का कागज, बैग, जेवर समेत कीमती सामान गायब था। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। गजरौला एसओ जगदीप मलिक ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# एसएसबी जवान की पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : क्षेत्र की एक महिला ने जहानाबाद थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पति बीएसएफ में हैं। ससुराल वालों ने गांव के बाहर एक अलग मकान उसको रहने को दे दिया। जिसमें वह अपनी सास के साथ रहती है। सास दोपहर में दूसरे घर में चली जाती थी। आरोप है कि इस दौरान दो देवर दुष्कर्म करते थे। इसका वीडियो भी बना लिया और एडिट करके 12 जून को उसके पति को दिखाया। इसके बाद पति ने भी उसकी बात नहीं सुनी और मारपीट की। आरोप है कि गला दबाकर जान लेने की कोशिश की गई। इस बीच मायके वाले अचानक आ गए और जानकारी की। एडिट की गई वीडियो दिखाकर वायरल कर देने की धमकी दी। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# आधी-अधूरी तैयारी, 720 ग्राम पंचायतों में होगा स्वच्छ सर्वेक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीलीभीत में कभी भी आ सकती है स्वच्छ सर्वेक्षण की केंद्रीय टीम
- रेंडम आधार पर चयनित 42 ग्रामीणों का निरीक्षण करेगी टीम

**अमृत विचार**: अब शहरों की तर्ज पर गांवों में स्वच्छ सर्वेक्षण होने जा रहा है। इसमें जिले की सभी 720 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसमें रैंडम आधार पर चयनित गांवों में केंद्रीय टीमें सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगी। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर केंद्रीय टीम कभी भी जनपद में पहुंच सकती है। इसको लेकर अफसरों द्वारा पूर्व में ही पंचायत सचिवों और प्रधानों को सर्वेक्षण संबंधी तैयारियों के निर्देश दिए गए थे, मगर गांवों में इससे संबंधित तैयारियां आधा-अधूरी ही दिख रही है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की शुरूआत की गई है। इसमें गांवों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता की परख की जाएगी। इसी आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर गांवों की स्वच्छता रैंकिंग जारी की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर पूर्व में ही सभी 720 ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों और ग्राम प्रधान को स्वच्छता संबंधी कार्य कराने को निर्देशित किया गया था। ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता संबंधी कार्य कराए गए हैं। इन कार्यों के संबंध में ग्रामीणों का मोबाइल एप के माध्यम से फीडबैक लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय टीम रेंडम आधार पर चयनित जनपद की 42 ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर जायजा लेंगी। इससे जुड़ी तैयारियां की गई है। केंद्रीय टीम कभी भी जनपद में आ सकती है।

### स्वच्छता, कार्य क्षमता, फीडबैक व सेवा स्तर के मिलेंगे अंक

गाइडलाइन के अनुसार ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन कुल 1000 अंकों में किया जाएगा। इसके तहत चार श्रेणियों में केंद्रीय टीम आकलन करेंगी। गांवों की प्रत्यक्ष स्वच्छता स्थिति के लिए 540 अंक निर्धारित हैं। इसमें विद्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, हाट-बाजार एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई का निरीक्षण शामिल है। इसके साथ संयंत्रों की कार्य क्षमता के लिए 120 अंक निर्धारित हैं। इसमें ग्राम पंचायत में निर्मित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट गोवर्धन वायोगैस प्लांट और फीकल स्लज ट्रीटमेंट संयंत्र (मानव मल-अपशिष्ट ट्रीटमेंट यूनिट ) शामिल हैं। वहीं, नागरिक प्रतिक्रिया के लिए 100 अंकों में से अंक दिए जाएंगे। ग्रामीण गूगल प्ले स्टोर से स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 मोबाइल ऐप डाउनलोड कर अपने गांव में स्वच्छता की स्थिति का फीडबैक देंगे। एक अन्य श्रेणी सेवा स्तर की प्रगति के लिए 240 अंक निर्धारित हैं। इसमें स्वच्छता योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की जाएगी। डीपीआरओ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद की ग्राम पंचायतों में स्वच्छ सर्वेक्षण होना है। ग्राम पंचायत में स्वच्छता संबंधी कार्य कराए गए हैं। । पंचायतों को आईएमआईएस एवं ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर नियमित रूप से डेटा अपडेट करने को भी कहा गया है। साथ ही विशेष सफाई अभियान चलाने और संयंत्रों की आय को बैंक में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# वन महोत्सव का आगाज, जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में पौधरोपण शुरू

- जनपद में हरियाली बढाने को रोपे जाएंगे 36.61 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: जनपद में मंगलवार से वन महोत्सव का आगाज हो गया। सामाजिक वानिकी प्रभाग की ओर से विभिन्न रेंजों में जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में पौधरोपण की शुरुआत कर दी गई है। इस बार जनपद में 36.61 लाख पौधे रोपे जाएंगें।

जनपद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पौधरोपण अभियान को इलेक्शन मोड में बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में एवं वन्यजीव प्रभाग की ओर से मंगलवार से वन महोत्सव का आगाज किया गया। इसके तहत पूरनपुर रेंज के वन अफसरों की मौजूदगी में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉ. विवेक सिंह एवं ग्राम प्रधान हरीपुर फुलहर आनंद गिरी ने गोमती उगदम स्थल पर पौधरोपण किया। इस मौके पर पूरनपुर रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी एवं फील्ड स्टाफ मौजूद रहा। बीसलपुर रेंज के बरखेड़ा अनुभाग में वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत टिकरी-पतरसिया मार्ग पर पौधरोपण किया गया। यहां बरखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, ग्राम प्रधान ओर क्षेत्रीय वनाधिकारी रोहित जोशी आदि ने पौधरोपण किया। क्षेत्रीय वनाधिकारी ने सभी को तुलसी के पौधे भेंट किए।



गोमती उद्गम स्थल पर पौधरोपण करते जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व वन अफसर।

### 27 विभागों को लक्ष्य आवंटित

वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी वन महोत्सव पर वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इस बार शासन की ओर से जनपद में 36.61 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसको लेकर 27 विभागों को लक्ष्य भी आवंटित किया गया है। विभागों की ओर से पौधरोपण संबंधी तैयारी तेजी से की जा रही है। नर्सरी से किसानों को निशुल्क पौध दी जाएगी।बता दें कि शासन ने इस बार लक्ष्य में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की है। गत वर्ष भी जनपद में 36.61 लाख पौधरोपण लक्ष्य दिया गया था।

### पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश



**मझोला, अमृत विचार** : ग्राम भिंडारा में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व्यापार मंडल युवा विंग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गोयल रहे। एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधरोपण किया गया। इस मौके पर प्रधान लालता प्रसाद, अजय निराला, चंद्रप्रकाश, जमुना प्रसाद, नन्हेलाल, मुकेश, रामचंद्र, रामबहादुर, क्षेत्रीय वनाधिकारी विनीत प्रकाश श्रीवास्तव, वन दरोगा सोनी सिंह, दिनेश कुमार, राजीव ढाली, प्रमोद कुमार, वीरेंद्र, प्रदीप कुमार, रोजगार सेवक निर्दोष आदि मौजूद रहे।

# जायद फसलों का डिजिटल क्राप सर्वे पूरा, 1109 राजस्व गांवों में हुआ सर्वे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 1.45 कृषि गाटों का किया गया सर्वे शासन को भेजी गई सर्वे रिपोर्ट

**अमृत विचार**: जायद फसलों का डिजिटल क्राप सर्वे पूरा कर लिया गया। जनपद में 1109 राजस्व गांवों में 1.45 लाख कृषि गाटों का सर्वे किया गया। सर्वे पुरा होने के बाद रिपोर्ट शासन को भेज दी गई ।

किसानों को खेती से जुड़ी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए खेती से जुड़े सभी प्रकार के आंकड़ों को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसी क्रम में सरकार द्वारा फसलों के क्षेत्रफल एवं फसलवार सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए एग्री स्टैक (ई खसरा पड़ताल) योजना शुरू की है। जनपद में रबी सीजन के दौरान कृषि गाटों की मोबाइल एप के माध्यम से खेतों की ई- पड़ताल की गई थी। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। इधर शासन के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जनपद में गन्ना समेत जायद फसलों को लेकर डिजिटल क्राप सर्वे शुरू कराया गया था। सर्वे का कार्य अब पूरा कर लिया गया है। डिजिटल क्राप सर्वे कार्य की जिम्मेदारी कृषि, राजस्व एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों को दी गई थी। इसमें 589 कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें बनाई गई। सर्वे टीम की निगरानी के लिए सुपरवाइजर और वेरिफायर भी लगाए गए। सर्वे टीम ने एग्रीस्टेक मोबाइल एप के माध्यम से गांव-गांव खेतों में जाकर अक्षांश और देशांतर के आधार पर खेत की भौगोलिक स्थिति और फसल की ई पड़ताल की। इधर सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। नोडल अधिकारी के मुताबिक जिले के 1109 गांवों के 145745 कृषि गाटों का सर्वे किया गया।

> शासन के निर्देश पर गन्ना समेत जायद फसलों के क्षेत्रफल फसलवार सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए जनपद में सात मई से डिजिटल क्राप सर्वे शुरू किया गया था। इसके तहत टीमों द्वारा जनपद के 1109 गांवों का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। – **राम मिलन परिहार**, उप कृषि निदेशक

### डिजिटल क्रॉप सर्वे का यह होगा लाभ

- फसल के उत्पादन और रकबे से विभाग रहेंगे अपडेट
- फसल क्षति के दौरान किसानों को मिल सकेगा मुआवजा
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड को बनाने में ई-पड़ताल के डाटा का होगा उपयोग
- फसल बिक्री के दौरान पंजीकरण के लिए सत्यापन की नहीं होगी आवश्यकता
- फसल उत्पादन के अनुसार खरीद केंद्रों की बन सकेगी योजना

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

दियोरियाकलां क्षेत्र के रामनगर से जराकोठी मार्ग का मामला

# मानसून की दस्तक से बढ़ गई परेशानी
# नहर कटी, धंस गई सड़क, आवागमन ठप

## नहर के तेज बहाव से सड़क का काफी हिस्सा कटा, रामनगर से जरा कोठी जाने वाला रास्ता बंद

संवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचारः** तेज बारिश के बाहर तेज बहाव होने पर नहर कटने के साथ ही सड़क धंस गई। जिसके बाद मानसून की दस्तक के बीच ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ गई है। सड़क कटने के बाद आवागमन ठप हो गया है। ग्रामीण दूसरे दिन परेशान हुए।

बीते साल हुई बारिश के बाद नदियों का जलस्तर बढ़ा और बाढ़ के हालात बने तो मुसीबत बढ़ गई थी। कई जगह पुलियां कटी और आवागमन बाधित हुआ। जिनका एक साल बाद भी सुधार नहीं कराया जा सका है। इस बार मानसून दस्तक दे चुका है। रामनगर के पास जमुनी कुंडा देवस्थान पर सड़क धंसी और नहर कट गई है। नहर के तेज बहाव से सड़क का काफी हिस्सा कट गया है जिससे रामनगर से जरा कोठी जाने वाला रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। बताते हैं कि सोमवार देर रात तेज बहाव के कारण नहर का किनारा कट गया और सड़क पर पानी भर गया। सड़क धंसने से पानी ने रास्ता बना लिया और धीरे धीरे पानी के तेज बहाव से सड़क का काफी हिस्सा कट गया। जिसके बाद रामनगर जरा कोठी सड़क मार्ग पर यातायात पूरी तरह बंद हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों को आवाजाही के लिए दिक्कत होने लगी है। अब इसका सुधार कैसे होगा, इसे लेकर ग्रामीण परेशान होते दिखाई दिए।


रामनगर से जराकोठी मार्ग पर धंसी सड़क। ● अमृत विचार

- पिछले साल बाढ़ से कटे रास्ते पुलिया अब तक दुरुस्त नहीं
- ग्रामीणों को आवाजाही के लिए होने लगीं दिक्कतें

### खेती भी हो गई प्रभावित

बता दें कि ये मार्ग आसपास के तमाम गांवों को जोड़ता है। इस सड़क मार्ग पर रोजाना सैकड़ों लोग यात्रा करते हैं। सुबह जब स्थानीय लोगों को सड़क मार्ग कट जाने की सूचना मिली तो काफी लोग जमा हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत कार्य कराने की मांग की। हालांकि अभी कोई कार्य शुरू नहीं हो सका है, न ही कोई जिम्मेदार पहुंचा।फिलहाल नहर कटने से हसनापुर, मिंतरपुर, सिंधौरा बिंदुआ, बकैनियां, शेरगंज, महदखास समेत आसपास के कई गांवों में जलभराव होने से धान की रोपाई प्रभावित हो गई है। दूसरी तरफ नहर कटने से रामनगर से आगे पानी नहीं आ रहा है। जिससे किसान परेशान है।

### तीन माह पहले बनाई गई पुलिया की साइडें धंसी

**दियोरियाकला, अमृत विचार :** पहली बारिश में बढ़ैरा से गुलड़िया राधे जाने वाली सड़क पर तीन माह पहले बनाई गई पुलिया की दोनों साइड मिट्टी धंस गई और पुलिया के किनारे लगाई गई ईंटें जमीन में धंस गई हैं। भारी वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में खेल करने का आरोप लगाया है। बता दें कि पिछले साल तेज बारिश होने से सड़क मार्ग पर बनी पुलिया पानी में बह गयी थी। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से पुलिया निर्माण की गुहार लगाई, तब कहीं जाकर मार्च में जिला पंचायत द्वारा पुलिया निर्माण कराया। मगर, ये पुलिया मानसून की पहली तेज बारिश होते ही लापरवाही उजागर कर गई। पुलिया की दोनों साइड पर मिट्टी धंसने से आवागमन का संकट पैदा हो गया। खेतों में जाने के लिए एक मात्र रास्ता यही है, इसी से किसान ट्रेक्टर आदि लेकर इसी पुलिया से होकर जाते हैं। अब पुलिया की दोनों साइड की ईटें धंसने से आवागमन बाधित हो गया है। जिला पंचायत के जेई मुकेश कुमार ने बताया कि बढ़ैरा से गुलड़िया राधे मार्ग पर बनी पुलिया की दोनों साइडों पर मिट्टी धंसने की सूचना मिली है। पुलिया की दोनों साइडों पर खड़ंजा डलवाया गया था, जिसे उखड़वाकर दोबारा सही कराया जाएगा।



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेज़र द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# कांवड़ यात्रा में चंद दिन बाकी, गौरीशंकर मंदिर की सड़क पर फैली अव्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सावन माह शुरू होने वाला है। कांवड़ियों के रूट पर फैली अव्यवस्थाएं दूर कराने के लिए एक दिन पूर्व ही डीएम ने बैठक कर निर्देश दिए थे। वर्तमान हालात पर गौर करें तो कंकरीट की चुभन और जलभराव के दलदल कई जगह हैं। जिनका सुधार न कराया गया तो कांवड़ियों को मुश्किल आएगी। आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा से गौरीशंकर मंदिर तक की निर्माणाधीन सड़क भी दर्द दे रही है। अधूरे निर्माण कार्य, सड़क पर गड्ढे, जगह-जगह जलभराव और साफ-सफाई की बदहाल स्थिति दूर करने के लिए समय कम है। बारिश के बाद तो इस मार्ग पर तमाम दुश्वारियां हैं।

शहर के प्राचीन गौरीशंकर मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने के लिए नगरपालिका की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसको शासन ने बंधन योजना में स्वीकृति देते हुए 1.80 करोड़ का बजट पास किया। अब आयुर्वेदिक कॉलेज से गौरीशंकर मंदिर तक की सड़क का निर्माण होना है। इसके अलावा मंदिर के पीछे गेट पर बनी मीनार से खकरा को जाने वाले मार्ग समेत अन्य सड़क बनाई जानी है। इतना ही नहीं इस प्रोजेक्ट में 25 स्ट्रीट लाइट के पोल, दो वाटर कूलर और आठ बेंच भी स्थापित होनी है, टेंडर होने के बाद कार्यदायी संस्था ने करीब दो माह पहले निर्माण कार्य शुरु किया था। मगर अभी तक सिर्फ सत्यनारायण मंदिर से गौरीशंकर मंदिर तक की सड़क का निर्माण पूरा हो सका। जबकि आयुर्वेदिक कॉलेज से सत्यनारायण मंदिर तक सड़क बदहाल है। यह प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बन रही है। इतना ही नहीं वहां रहने वाले स्थानीय लोगों को अपने घर तक पहुंचने और वाहन ले जाने में भी परेशानी हो रही है। आयुर्वेदिक कॉलेज के पास बजरी का ढेर लगा हुआ है। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट, बेंच और वाटर कूलर का भी काम शुरु नहीं हो सका। ऐसे में जल्द सुधार न किया गया तो कांवड़ लेकर नंगे पैर चलने वाले कावंड़ियों को यह रास्ता मुश्किलें पैदा करेगा।


सत्यनारायण मंदिर के पास अधूरी पड़ा पुलिया का निर्माण। ● अमृत विचार


आयुर्वेदिक कॉलेज के पास लगा बजरी का ढेर व हुआ गड्ढे में जलभराव।

- जल्द नहीं कराया सुधार तो कांवड़ियों को आएगी दिक्कत

> बंधन योजना के तहत सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। बारिश के चलते कुछ दिन काम बंद रहा था। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक श्रमिकों को लगाकर सावन से पहले काम पूरा करा लिया जाए। अगर कावंड़ यात्रा में किसी तरह की समस्या आई तो संबंधित के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। – **संजीव कुमार**, ईओ नगरपालिका पीलीभीत

## सार-संक्षेप

### कार्यवाहक प्रधानाचार्य को तदर्थ लाभ देने की मांग



**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा के नेतृत्व में डीआईओएस से मिला। इस दौरान जनपद में कार्यरत कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजेश कुमार गंगवार, मनोज कुमार दुबे, रोहतास कुमार, समर बहादुर सिंह, हरचरण लाल, सोहेल अनवर और धर्मेंद्र वर्मा को तदर्थ प्रधानाचार्य के लाभ सुनिश्चित करने का आग्रह किया। आयकर विवरण दाखिल करने के लिए फॉर्म 16 की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की भी मांग की। इस मौके पर प्रांतीय प्रतिनिधि सतीश चंद्र कुमार, शिवम कुमार, डॉ. सीताराम राठौर आदि मौजूद रहे।

### निर्माणाधीन गौरी शंकर मंदिर सड़क का किया निरीक्षण



**पीलीभीत, अमृत विचार :** डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत गौरी शंकर मंदिर जाने वाली निर्माणाधीन सड़क का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री को देखा और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माणाधीन सड़क को निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण बनाएं और कांवड़ यात्रा से पूर्व सड़क को तैयार करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### मथुरा में हुए कार्यक्रम में डॉ.संधू सम्मानित



**पीलीभीत, अमृत विचार :** मथुरा में रोटरी क्लब मंडल 3110 का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पीलीभीत के डॉ. एसपीएस संधू को रोटरी भूषण के अलंकार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके रोटरी वर्ष में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। डॉ .संधू स्थानीय पीलीभीत रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य और मंडल के मुख्य सचिव हैं। उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें स्मृतिचिह्न प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने डॉ .संधू के कार्यों की सराहना की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मांग पत्र पर कार्रवाई न होने पर भाकियू ने जताई नाराजगी



**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू की जिला स्तरीय मासिक पंचायत मंडी समिति स्थित कृषक विश्राम गृह में हुई। जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने इसकी अध्यक्षता की। जिसमें बीते दिनों दिए गए मांग पत्र पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक विंग निसार शाह ने कहा कि जिले में अवैध खनन चरम पर है। जिला सचिव बालमुकुंद प्रजापति ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि जिम्मेदारों की मिलीभगत से राशन कार्ड धारकों को मिट्टी मिला राशन मिल रहा है। मानक के अनुसार एक किलो कम राशन देने का आरोप लगाया। धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने थानों में पीड़ितों की सुनवाई न होने की बात कही। बरेली मंडल बरेली लालू मिश्रा ने मनरेगा में भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर हरिओम बाजपेई, तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर, सुखलाल गंगवार, सुरेश कुमार, डालचंद मौर्य, निर्मल सिंह, वीरेंद्र गिरी, महेंद्र सिंह गंगवार, रामकुमार, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### बरुआ नदी में जलस्तर बढ़ने से फसलें जलमग्न

**पूरनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव भगवंतपुर मुश्तकिल कुलुआगढ़ा में अधिकांश जमीन बरुआ नदी के पास है। कुछ दिन पहले किसानों ने धान की फसल की रोपाई की थी। बरुआ नदी का पानी धान के खेतों में करीब दो फीट तक भर गया। इससे किसानों की धान की फसल जलमग्न हो गई। जल भराव अधिक होने पर फसलों के खराब होने की आशंका है। पानी निकास की व्यवस्था नहीं है इससे लेकर किसान परेशान हैं। जलभराव से चुन्नीलाल, नन्हे, राजपाल, लेखराज आदि किसानों की फसलें डूबी हुई हैं।

# संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान की शुरुआत

- दिलाई गई शपथ, निकाली गई जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले में मंगलवार से संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान का आगाज हो गया। मंगलवार को बिथरा स्थित कंपोजिट विद्यालय में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने अधिकारियों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों को संचारी रोगों के प्रति शपथ दिलाई और जन जागरूकता रैली को रवाना किया।

शासन के निर्देश पर जनपद में एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान तक अभियान चलाया जाएगा। पहले दिन कंपोजिट विद्यालय से संचारी रोग नियंत्रण के प्रति जागरुक करने के लिए रैली निकाली गई। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संचारी रोगों के प्रति शपथ दिलाई गई।

अभियान के तहत सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटरों व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर भी स्थानीय अधिकारियों द्वारा शुरुआत की गई। स्कूली बच्चों की भागीदारी से गांवों में रैलियां निकाली गईं। इसके अलावा सभी विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। पंचायती राज विभाग नालियों की सफाई, जलभराव खत्म करेगा। हैंडपंप की मरम्मत भी कराई जाएगी। शिक्षा विभाग हर स्कूल में नोडल शिक्षक नामित कर प्रार्थना सभा में संचारी रोगों पर जानकारी देगा व प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। कृषि विभाग चूहा-छछूंदर नियंत्रण पर गांवों में गोष्ठियां करेगा। पशुपालन विभाग सूकर पालकों को जागरूक करेगा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस और जिंक टेबलेट डिपो बनाए जाएंगे। नगर निकायों द्वारा कूड़ा निस्तारण, नालियों की सफाई, फॉगिंग और लार्वा नाशक छिड़काव के साथ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।


जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना कराते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य।


पूरनपुर सीएचसी में अभियान की शुरुआत कराते चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता।

### 11 से घर-घर दस्तक देंगी आशा वर्कर

जनपद में 11 जुलाई से शुरू होने वाले दस्तक अभियान में आशा वर्करों द्वारा प्रत्येक घर पर जाकर घर वालों को संचारी रोग के बारे में बताने के साथ घर के अंदर जाकर यह निरीक्षण किया जाएगा, कि घर में कहीं भी टूटे फूटे सामानों या अन्य अनुपयोगी पात्रों में जलभराव तो नहीं है। अगर ऐसा मिलता है तो तत्काल उसे खाली कराया जाएगा। अभियान के दौरान ही आशा वर्कर घर-घर जाकर बुखार, खांसी, जुकाम, टीबी, फाइलेरिया आदि से ग्रस्त रोगियों की सूची तैयार कर सीएचसी को भेजेगी। ऐसे रोगियों की सीएचसी पर जांच कर उन्हें इलाज की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। वहीं डायरिया रोको अभियान के दौरान आशा वर्कर एवं आंगनबाडी घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों की सूची तैयार करेगी। डायरिया से ग्रस्त बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जाएगा। अभियान के दौरान आशा वर्कर ओआरएस व जिंक टैबलेट् भी बांटेगीं।

### पूरनपुर में पालिकाध्यक्ष ने कराई शुरुआत

**पूरनपुर, अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू किया गया। नगरपालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने इसकी शुरुआत कराई। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा इसके लिए 382 टीमें बनाई गईं हैं। यह टीम नगर से लेकर देहात तक लोगों को स्वच्छता और संचारी रोगों के लेकर जागरूक करेंगी। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. मनीष शर्मा, मीनाक्षी दुबे, डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि विभोर, फार्मासिस्ट जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## समर स्पेशल ट्रेन संचालन का बढ़ा समय

**मैलानी, अमृत विचारः** रेलवे ने ट्रेनों में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए समर स्पेशल ट्रेनों की समयावधि में इजाफा कर दिया है। इससे लालकुआं- कोलकाता एवं बनारस सिटी-लालकुआं से सफर करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

रेलवे ने गत माह यात्रियों की भीड़ को देखते हुए लालकुआं से कोलकाता और बनारस सिटी के लिए समर स्पेशल ट्रेनों की शुरूआत की थी। जिनकी समयावधि 30 जून को समाप्त होने से एक जुलाई से संचालन बंद हो गया था।

मगर, यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने लालकुआं से कोलकाता जाने वाली 05060 का संचालन 10 जुलाई से 28 अगस्त तक प्रत्येक गुरुवार के लिए और कोलकाता से लालकुआं जाने वाली 05059 साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन 12 जुलाई से 30 अगस्त तक के लिए हर शनिवार को बढ़ा दिया है। बनारस सिटी से लालकुआं जाने वाली 05029 का संचालन सात जुलाई से 30 जुलाई तक हर सोमवार, बुधवार एवं शनिवार तक के लिए बढ़ा दिया है। वहीं लालकुआं से बनारस सिटी जाने वाली 05030 साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन आठ जुलाई से 31 जुलाई तक हर मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार के लिए बढ़ा दिया है।

# खुले स्कूल, लौटी रौनक, तिलक कर बच्चों का हुआ स्वागत

## एक जुलाईः बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय राजापुर में जागरुकता रैली का किया आरंभ, नए शैक्षिक सत्र पर विद्यालयों को सजाया-संवारा गया

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** करीब 45 दिनों से बंद बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के ताले मंगलवार को खुल गए। बच्चों के पहुंचने से एक बार स्कूल गुलजार हो गए। बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय राजापुर पहुंचकर छात्रों का तिलक कर स्वागत किया और फिर जागरूकता रैली रवाना की। हालांकि पहले दिन बेसिक से लेकर माध्यमिक स्कूलों में छात्रों की संख्या बेहद कम रही। उधर, छात्र संख्या कम होने की वजह से जिन 23 स्कूलों को दूसरे विद्यालयों में मर्ज किया गया था उनके ताला लगा रहा है।

एक जुलाई से शुरू हुए शैक्षिक सत्र को लेकर बेसिक स्कूलों में विशेष तैयारियां की गई थीं। आदेश के मुताबिक विद्यालयों को फूल पत्तियों से लेकर गुब्बारों से सजाया संवारा गया था। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय राजापुर में छात्रों का तिलक कर स्वागत किया और कॉपी पेंसिल देकर मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद बीएसए ने जागरूकता रैली रवाना की। उधर, ग्रामीण अंचल के स्कूलों में भी शिक्षकों ने बच्चों का रोली तिलक कर स्वागत किया। इसके बाद स्कूलों में जागरूकता रैली आयोजित हुई। शिक्षकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को बच्चों का स्कूल में पंजीकरण कराने से लेकर रोजाना विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। संविलियन विद्यालय सदर में पहले दिन करीब 80 बच्चे उपस्थित रहे।

शिक्षामित्र अर्चना वाजपेयी ने बताया कि बच्चों का तिलक कर स्वागत करने के बाद पढ़ाई हुई। उधर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड) में छात्रों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर हुआ। इसके बाद हनुमान चालीसा के 11 पाठ का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने छात्रों को नियमित रूप से मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

उधर, आरएमज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज राजाजीपुरम में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बच्चों ने मस्ती की। शिक्षिकाओं विद्यार्थियों और शिक्षकों के मस्तक पर टीका लगाकर स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट, प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला, अर्चना, विनीता आदि ने उत्साहवर्धन किया।



कंपोजिट स्कूल भुसौरिया में बच्चों का स्वागत करतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार



संविलियन विद्यालय सदर में छात्रों को प्रोजेक्टर पर पढ़ाती शिक्षामित्र अर्चना वाजपेयी।



राजापुर विद्यालय में छात्रा को तिलक कर स्वागत करते बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी।

### मर्ज किए गए स्कूलों में लगा रहा ताला

छात्र संख्या कम होने की वजह से जिले के 23 विद्यालयों का पहले चरण में पास के दूसरे स्कूलों में विलय कर दिया गया है। बीएसए ने एक जुलाई से इन स्कूलों के शिक्षकों एवं छात्रों को समायोजित विद्यालयों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को पहले दिन इन 23 स्कूलों में ताला लगा रहना बताया गया है। वहीं विद्यालयों को जिन स्कूलों में मर्ज किया गया है, उनकी दूरी अधिक होने की वजह से छात्र स्कूलों में नहीं पहुंच सके। स्कूलों के समायोजन को लेकर शिक्षक संगठन ही नहीं, बल्कि अभिभावकों में भी नाराजगी है।

**मझगई।** गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय छेदुई पतिया, धोबीपुरवा, मुन्नापुरवा, छेदुई, सेमराहिया, बल्लीपुर, मुर्गहा, मझगई, नौगवां, बेला, कोठिया आदि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगलवार को खुल गये। स्कूलों में शिक्षकों ने तिलक लगाकर और फूल देकर बच्चों का स्वागत किया।

प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि कक्षा एक से आठवीं तक के सभी स्कूलों में स्वागत सप्ताह मनाया गया। उधर, मुन्नापुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया। क्षेत्र के लोखंद्रपुर, बम्हनपुर, बोधिया, लोध पुरवा, धर्मापुर, दौलता पुर, सुरजी पुरवा, सलीमाबाद आदि विद्यालयों में प्रधानाचार्यों ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान राजेश मिश्रा, ब्रह्मादिन, अंजू देवी, मिहीलाल, मो असद, त्रिभुवन सिंह, रमेश सिंह, रोशनी, मुख्तार अली सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे।

**मूड़ा सवारान।** ग्रीष्म अवकाश के बाद मंगलवार को खुले परिषदीय स्कूलों में बच्चों की चहल पहल शुरू हो गई। पहले दिन स्कूलों में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कूलों में 20 प्रतिशत बच्चे ही उपस्थित रहे।

## फेसबुक पर अशोभनीय पोस्ट करने पर लेखपाल को किया निलंबित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** फेसबुक पर अपनी आईडी से ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर अशोभनीय पोस्ट करने वाले लेखपाल जयप्रकाश वर्मा को तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

इटावा प्रकरण से जुड़े एक मामले में आपत्तिजनक पोस्ट को साझा करने पर शुक्रवार को कोतवाली के निकट पार्क में ब्राह्मण समाज के संगठनों ने धरना देकर एसडीएम युगांतर त्रिपाठी और एएसपी प्रशांत कुमार को ज्ञापन दिया था।

ज्ञापन में सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद इस प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट करने पर लेखपाल को निलंबित किए जाने और उन पर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखकर शनिवार को लेखपाल जयप्रकाश वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और जांच तहसीलदार भीमचंद को सौंपी गई है। एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने बताया की आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने पर लेखपाल जेपी वर्मा को निलंबित कर दिया गया है।

## रेलवे क्रॉसिंग खुलने से शुरू हुआ आवागमन

**संवाददाता, गोला गोकर्ण नाथ**

**अमृत विचारः** पीलीभीत बस्ती हाईव पर गोला और लखीमपुर के बीच बंद वाहनों का संचालन सोमवार आधी रात को बहाल हो गया। क्रासिंग खुलने से राहगीर ही नहीं, बल्कि रोडवेज यात्रियों से लेकर वाहन चालक खुश है। इसका कारण गोला से लखीमपुर अलीगंज एवं सिंकद्राबाद जाने में समय अधिक लगने के साथ डीजल आदि का खर्च बढ़ना था।

गोला लखीमपुर के बीच 12 जून की आधी रात से वाहनों का संचालन बंद था। इसकी वजह गोला में लखीमपुर रोड की रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण होना था। ऐसे में लखीमपुर, सीतापुर, लखनऊ जाने वाले वाहन अलीगंज से लेकर सिकंद्राबाद होकर जाते थे। इससे रोडवेज बसों से सफर करने वाले यात्रियों का गंतव्य तक पहुंचने में जहां अधिक समय लगता था, तो वहीं वाहन चालकों को डीजल एवं पेट्रोल अधिक खर्च होता था। इससे वाहन चालकों से लेकर यात्रियों एवं राहगीरों को दिक्कत हो रही थी। मगर, एक जुलाई मंगलवार से रेलवे क्रॉसिंग खुल जाने से एक बार फिर वाहनों का संचालन शुरू हो गया है। इससे यात्रियों को ही नहीं, बल्कि राहगीरों से लेकर वाहन चालकों को राहत मिली है। वहीं ओवरब्रिज की सर्विस रोड बनने से वाहन चालकों को रफ्तार भरने में भी सुविधा हो रही है।



गोला में लखीमपुर रोड की क्रासिंग खुलने के बाद गुजरते वाहन।

## रेलवे ट्रैक बचाने के लिए जुटे कारसेवक

**संवाददाता, पलियाकलां**

- संत बाबा गुरनाम सिंह के आह्वान पर सैकड़ों कारसेवक मौके पर पहुंचे

**अमृत विचार :** शारदा नदी के पानी से कट रहे रेलवे ट्रैक को बचाने के लिए क्षेत्र के प्रमुख गुरुद्वारा महंगापुर के मुख्य संत बाबा गुरनाम सिंह के आह्वान पर सैकड़ों कारसेवक मौके पर पहुंचे और रेल मजदूरों के साथ रेलवे लाइन को बचाने का प्रयास शुरू कर दिया है।

उत्तराखंड एवं नेपाल के पहाड़ों पर हुई जबर्दस्त बारिश के बाद जलस्तर बढ़ने से शारदा नदी का पानी पलिया -भीरा के मध्य रेलवे ट्रैक के किनारे होता हुआ अतरिया तक आ गया और इस पानी ने प्रेम नगर-अतरिया के सामने रेलवे ट्रैक से नीचे से तेजी से रिसाव शुरू कर दिया था।

इससे फॉर्मर एवं कई गांवों के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था। गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पलिया- भीरा मार्ग पर धरना देकर रास्ता भी जाम कर दिया था, लेकिन एसडीएम रत्नाकर मिश्रा के समझाने पर मान गए थे। उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख गुरुद्वारा महंगापुर के संत बाबा गुरनाम सिंह से पिछले साल की तरह इस बार भी कार सेवा कराकर सुरक्षा किए जाने की अपील की थी। इस पर संत बाबा के आह्वान पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कार सेवकों ने रेलवे मजदूरों का साथ देते हुए रेल लाइन को बचाने का प्रयास शुरू कर दिया है।

कार सेवकों का उत्साह बढ़ाने के लिए संत बाबा गुरनाम सिंह महंगापुर वाले मंगलवार को स्वयं पूर्व ब्लाक प्रमुख पलिया गुरप्रीत सिंह जार्जी आदि के साथ मौके पर पहुंचे और कार सेवकों का उत्साहवर्धन किया।



शारदा नदी के पानी से कट रहे रेलवे ट्रैक की मरम्मत करते कारसेवक। ● अमृत विचार

## रेलवे ट्रैक पर मिला राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव

**मैगलगंज, अमृत विचारः** कस्बा क्षेत्र के गांव रहजनिया के निकट रेलवे ट्रैक पर राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव मिला। उधर से निकल रहे लोगों ने इसकी सूचना मैगलगंज स्टेशन प्रशासन व रेलवे सुरक्षा बल को दी।

आरपीएफ की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने वन विभाग को सूचित किया। इस पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मोर के शव को सुपुर्दगी में लेकर कार्यवाही की है।

मैगलगंज रेंज के वन दरोगा विनोद भारती ने बताया कि प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि मोर की मौत ट्रैक से गुजरते समय ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। मोर का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मोर के शव को नियमानुसार दफनाया जाएगा।

## नौ सेकेंड में ही शारदा नदी में समाया मकान



गांव घोसियाना का शारदा नदी में ढहता मकान। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** शारदा नदी एक तेवर एक बार फिर कड़े हो गए हैं। नदी ने सदर तहसील की ग्राम पंचायत जंगल नंबर 11 के मजरा घोसियाना को अपने निशाने पर ले लिया है। सोमवार की शाम नौ सेकेंड के भीतर एक मकान कटकर नदी के आगोश में समा गया। इससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल है।

गांव निवासी नूर आलम ने बताया कि उनका मकान कटान के मुहाने पर था। इसलिए उन्होंने मकान को खाली कर दिया था। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हुई भारी बरसात के बाद से नदी ने एक बार फिर विकराल रूप ले लिया।

सोमवार को देखते ही देखते नौ सेकेंड के भीतर उनका मकान नदी में जा समाया। गांव के ही वसीम और हसन के मकान भी कटान की जद में आ गए हैं। नदी का कटान काफी तेज हो गया है। कटान की सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल रमाकांत वर्मा ने मौका मुआयना किया।

## लौटी बाघ की दहशत, नीलगाय का किया शिकार

**संवाददाता, केशवापुर**

**अमृत विचारः** गन्ने की फसल की बढ़वार होते ही ग्रामीण इलाकों में वन्यजीवों का फिर से आना शुरू हो गया है। मोहम्मदी वनरेंज की वन चौकी बिलहरी के अंतर्गत सेमरई गांव में दो दिनों से लगातार बाघ होने की जानकारी मिल रही है। बाघ ने आबादी से महज 100 मीटर दूरी पर कौशल किशोर शुक्ल के आम के बाग की मेड़ पर नीलगाय का शिकार किया है।

नीलगाय को मारकर बाघ उसे शत्रोहन लाल के गन्ने के खेत में करीब 10 मीटर अंदर खींच ले गया। मंगलवार की सुबह जब कुछ किसान खेतों की ओर जा रहे थे तब उन्हें ग्रामीण रामेश्वर प्रसाद के खेत में किसी हिंसक जानवर के पैरों के निशान दिखाई दिए। साथ ही नीलगाय का अधखाया शव वहीं पड़ा था।

ग्रामीणों ने वन विभाग को तुरंत बाघ होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने पगचिन्हों को देखकर बाघ होने की पुष्टि की है। बाघ के हमले से दर्जनों ग्रामीणों में खौफ पैदा हो गया है। किसान रामेश्वर प्रसाद, मुन्ना मिश्रा, अविनाश तिवारी, नन्द किशोर, वीर सागर, दुर्गेश कुमार, कृपाल सिंह, चम्पा कश्यप, ज्वालासिंह ने वन विभाग के अधिकारियों से शीघ्र बाघ को पकड़वाने की मांग की है।



सेमरई में बाघ के पगचिह्न देखते वनकर्मी और ग्रामीण। ● अमृत विचार

## आज से 9 तक पांच घंटे गुल रहेगी बिजली

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत उपकेंद्र नई बस्ती एवं गढ़ी में कार्य कराया जाना है।

इसकी शुरूआत दो जुलाई और समापन नौ जुलाई को होगा। इन दिनों में रोजाना सुबह चार से नौ बजे तक पांच घंटे शट डाउन लिया जाएगा। दो जुलाई को रानीगंज, सौजन्या चौक, पंचपीर, तीन को सब्जी मंडी, पंचपीर, चारको रानीगंज, सौजन्या चौक, पंचपीर, पांच को - मिश्राना, पंचपीर, सात को सब्जी मंडी, सौजन्या चौक, पंचपीर, आठ को रानीगंज, पंचपीर और नौ जुलाई को सौजन्या चौक, तहसील मार्केट, पंचपीर के बिजली बाधित रहेगी।

## सोने के बताकर पीतल के सिक्के बेचने आया ठग दबोचा

**संवाददाता, मैगलगंज**

**अमृत विचारः** कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में दो युवक ज्वैलरी की दुकान पर नकली सोने के सिक्के बेचने पहुंचे, जांच में वह नकली निकले। इस पर लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी भाग गया। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया।

मंगलवार दोपहर दो युवक बाइक से अंकुर सोनी की दुकान पर पहुंचे। ज्वैलर को चमकदार सिक्के दिखाते हुए उन्हें सोने का बताने लगे। संदेह होने पर ज्वैलर ने सिक्कों की जांच की तो वे पीतल के निकले। सिक्के नकली होने की बात सामने आते ही दुकान पर भीड़ जुट गई। दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। इस बीच एक युवक भाग निकला। भीड़ ने भागने की कोशिश कर रहे गुलशेर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में युवक ने अपना पता मोहम्मदी व दूसरे का पिहानी (हरदोई) बताया।

पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फरार युवक की तलाश में पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

## मर्ज हो रहे स्कूलों का अभिभावक कर रहे विरोध

**संवाददाता, पसगवां**

- एसएमसी अध्यक्ष, ग्राम प्रधान व अभिभावकों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**अमृत विचारः** कम छात्र संख्या के चलते मर्ज स्कीम में समायोजित हो रहे विद्यालयों को मर्ज करने का विरोध अभिभावकों ने शुरू कर दिया है। पसगवां ब्लॉक के पीएस रामापुर के एसएमसी अध्यक्ष, ग्राम प्रधान और अभिभावकों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के साथ बीएसए को भी प्रार्थना पत्र दिया है।

जिले से जारी पहली सूची में ब्लॉक पसगवां के तीन प्राथमिक विद्यालय हैं जिनमें रामापुर का अल्लीपुर में, जीराबोझी का बसारा में और पीएस फतियापुर का कटिघरा में समायोजन होना है। रामापुर पीएस के एसएमसी अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह और 54 अभिभावकों ने बीएसए को प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें कहा है कि इस विद्यालय में सत्र 2024-25 में छात्र संख्या 35 थी और वर्तमान सत्र में 28 छात्र संख्या है। प्रथम चक्र में 20 बच्चे या उससे कम छात्र-छात्राओं के नामांकन वाले विद्यालयों का मर्ज होना था लेकिन इस नियम का पालन नहीं किया है।

प्राथमिक विद्यालय जीराबोझी के एसएमसी अध्यक्ष राजेश कुमार, अभिभावक गौरव मिश्रा और सौरभ मिश्रा कह रहे हैं कि वह अपने बच्चों के नाम कटा लेंगे, लेकिन बसारा नहीं भेजेंगे। फातियापुर में अभिभावक मदन कुमार व प्रकाश ने विरोध किया है और बताया कि बच्चे दूसरे स्कूल में नहीं जाएंगे।

## नकली दवाएं और मिलावटी खाद्य-पदार्थ रोकने को करें छापामारी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन परामर्श समिति की जिला स्तरीय बैठक हुई। इसमें एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने नकली, अधोमानक एवं मिथ्याछाप दवाओं के निर्माण व बिक्री रोकने के अलावा मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए छापेमारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावन में श्रद्धालुओं को गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ मिलें, इसके लिए भंडारों से लेकर दुकानों पर बनने वाली खाद्य वस्तुओं की नियमित जांच करने, कांवड़ मार्ग पर मीट, मछली व अंडे की बिक्री प्रतिबंधित करने, एनजीओ एवं धार्मिक संगठनों की ओर से संचालित पंडालों में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की निगरानी जरूर करें।

## टैंक विध्वंसक वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर किया नमन

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** टैंक विध्वंसक परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर पूर्व सैनिकों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता की जय के जयकारे लगाए।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद भारत के वीर सपूत थे। उन्होंने अपनी वीरता के बल पर 1965 के युद्ध में पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त कर दिया था। वह एक जांबाज योद्धा थे, जिन्होंने मैदाने जंग में जीप पर बैठकर पाकिस्तान के टैंकों को बर्बाद कर दिया था। संरक्षक राजेश्वर सिंह ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद भारत के सच्चे शूरवीर थे, जिनके बलिदान की कहानी आज भी सभी को प्रेरणा देती है।


वीर सपूत के जयंती दिवस पर भूतपूर्व सैनिकों ने अलीगंज रोड स्थित हमीद मार्केट में पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कृष्णगोपाल त्रिवेदी, अकरम खान, गजेंद्र प्रसाद, इंद्रपाल सिंह, राकेश कुमार आदि भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।



गोला में वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व सैनिक।

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

# बेटियों को बचपन में वैक्सीनेशन कराएं, जीवन भर सुरक्षा

## सर्वाइकल कैंसरः डॉक्टर्स डे पर आईएमए ने शुरू किया वैक्सीनेशन जागरुकता अभियान

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगवार को डॉक्टर्स डे पर बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए वैक्सीनेशन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें डीएम ने बेटियों का बचपन में टीकाकरण कराकर जीवन भर का सुरक्षा कवच देने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

जागरुकता कार्यक्रम का आरंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. ज्योति मल्होत्रा एवं जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके कोली ने संयुक्त रूप से किया।

डीएम ने बेटियों का जीवन भर की सुरक्षा देने के लिए बचपन में सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने न सिर्फ बच्चे के वैक्सीन लगवाने की हामी भरी, बल्कि जनपदवासियों से भी बेटियों का टीकाकरण कराने के लिए जागरुक किया। उन्होंने कहा कि वैक्सीन सुरक्षा का कवच है, इसे अपनाकर आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित किया जा सकता है।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि जनचेतना और जिम्मेदारी का विषय है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन ही कारगर उपाय है। डीएम ने नीट एवं आईआईटी में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं छात्र-छात्राओं से लेकर तमाम लोग मौजूद रहे।


वैक्सीनेशन को लेकर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### चिकित्सक बोलीं, जितना जल्दी टीकाकरण उतना ही ज्यादा होगा असरदार

जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद स्त्री रोग विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन बेहद महत्वपूर्ण है। वैक्सीन जितनी जल्दी लगेगी उतना ही प्रभावशाली बनेगी। नौ से 14 साल तक की बालिकाओं को दो और 14 से 45 साल की महिलाओं को तीन डोज लगना जरूरी है।

### सेहतमंद रहने के लिए चलाएं साइकिल व चलें पैदल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एक जुलाई को डॉक्टर्स डे पर प्राइवेट मेडिकल प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के लोगों ने साइकिल रैली का आयोजन किया और सेहतमंद रहने के लिए रोजाना साइकिल चलाने एवं पैदल चलने के लिए प्रेरित किया। रैली का आरंभ सौजन्या तिराहा पर पीएमपीडब्ल्यू के वरिष्ठ सदस्य डॉ. रमेश मेहरोत्रा ने किया। साइकिल रैली सौजन्या तिराहा से नौरंगाबाद होते हुए मिश्राना के रास्ते मेला मैदान चौराहा पहुंची। इसके बाद संकटा देवी चौराहे से सदर चौराहा के रास्ते हमदर्द दवाखाना से शाहपुरा कोठी होते हुए पीएमपीडब्ल्यू भवन पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में चिकित्सकों ने लोगों को सेहतमंद रहने के लिए रोजाना 15 से 20 मिनट व्यायाम करने, कम से कम पांच किलोमीटर साइकिल चलाने से लेकर पैदल चलने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद पीएमपीडब्ल्यू भवन पर प्रतियोगिताएं हुईं। बैडमिंटन डबल्स में डॉ. शोकरन वर्मा विजेता एवं डॉ. अनिल वर्मा उपविजेता रहे। टेबुल टेनिस में डॉ. आरके गुप्ता विजेता एवं डॉ. मुदित मेहरोत्रा उपविजेता रहे। महिलाओं के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया। बच्चों में मध्य बैलून शूटिंग प्रतियोगिता रही। इस मौके पर संस्थाध्यक्ष डॉ. नित्य मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. एमआर खान, सचिव डॉ. रोहित मिश्रा, कोषाध्यक्ष डॉ. शरद कुमार सिन्हा, डॉ. पवन गर्ग, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. देश दीपक जायसवाल, डॉ. मुदित मेहरोत्रा, डॉ. संजीव भल्ला, डॉ. डीके पुष्कर, डॉ. शोकरन वर्मा, डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. रूपक टंडन, डॉ. रोचक टंडन, डॉ. अरविंद मिश्रा, डॉ. पुनीत मिश्रा, आईएमए अध्यक्ष डॉ. अखिलेश खरे, सचिव डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. एएस सलूजा आदि रहे।

# एआरटीओ ने दो स्कूली वाहनों का किया चालान, दो सीज


स्कूली वाहनों की जांच करते एआरटीओ प्रशासन शशी भूषण पांडेय। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● मंगलवार से 15 जुलाई तक चलेगा विशेष चेकिंग अभियान

**अमृत विचारः** संभागीय परिवहन विभाग ने सोमवार से 15 दिनों का स्कूली वाहनों की चेकिंग अभियान की शुरुआत की है। पहले दिन सोमवार को एआरटीओ ने खुद भी मोर्चा संभाला और विभिन्न जगहों पर स्कूली वाहनों की चेकिंग की। कमियां मिलने पर दो स्कूली वाहनों का चालान किया। वहीं दो वाहनों को सीज किया गया है।

एआरटीओ प्रशासन शांती भूषण पांडेय ने बताया कि स्कूलों में लगे वाहनों की जांच के लिए पहली जुलाई से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल यह अभियान 15 जुलाई तक जारी रहेगा। इसके लिए टीमें गठित की गई हैं, जो जिले के विभिन्न मार्गों पर आने-जाने वाले स्कूली वाहनों की जांच करेंगी। उन्होंने सोमवार को पहले दिन खुद भी मोर्चा संभाला और शहर समेत विभिन्न जगहों पर 12 से अधिक स्कूली वाहनों की जांच की, जिसमें से कमियां मिलने पर जहां दो वाहनों का चालान किया गया, वहीं दो स्कूली वाहनों को सीज किया है। उन्होंने बताया कि किसी भी दिशा में नियम विरुद्ध तरीके से वाहनों का संचालन सड़कों पर नहीं करने दिया जाएगा।

# गोला में सांसद ने सुनी लोगों की समस्याएं


गोला में जन समस्याएं सुनते सांसद उत्कर्ष वर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन गोला नगर में पूर्व विधायक विनय तिवारी के यहां केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा माधुर ने केक काटकर कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन की खुशियां मनाई। ।

लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र से आए फरियादियों की सांसद ने समस्याएं सुनी।

उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। सांसद ने मूड़ा, जड़ौरा, बिलहरी समेत कई गांव में जाकर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर रोहित वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यराम वर्मा लल्लन, अशोक वर्मा, पूर्व प्रधान रियाजुल्ला खा बन्नें, नसीम अहमद सुयेब अहमद, श्याम देव वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांग यूनियन का धरना दूसरे दिन भी जारी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** भारतीय दिव्यांग यूनियन ने रोजगार, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री आवास, अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने की मांग को लेकर इंदिरा पार्क में सोमवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया, जो दूसरे दिन जारी रहा। तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि दिव्यांगों को शासकीय सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए। यूनियन के पदाधिकारियों का हौसला बुलंद करते हुए राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा और भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने भारतीय दिव्यांग यूनियन को हर संभव प्रयास और सहयोग करने का ऐलान किया। दूसरे दिन धरने पर मोहम्मद जावेद, अमित कुमार, सभासद रियाजुद्दीन, राजेश मौर्य, तिलकराम वर्मा, जहीर, सर्वेश कुमार, सर्वेश कुमार अर्कवंशी, अल्ताफ, हबीब, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# लोगों को संचारी रोग से बचाव के लिए किया जागरूक

संवाददाता, लखीमपुर खीरी


स्वच्छता अपनाकर बीमारियों से बचने की शपथ दिलाती डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

● संचारी रोग नियंत्रण अभियान तहत डीएम ने रवाना की रैली
● अधिकारियों ने रोगों की रोकथाम के लिए प्रयास का लिया संकल्प

**अमृत विचारः** संचारी रोग नियंत्रण अभियान का मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आरंभ हुआ। डीएम ने संचारी रोगों से लोगों को सुरक्षित रहने के लिए शहर में जागरुक रैली रवानाकर जागरुक किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर नियंत्रण करने एवं बेहतर इलाज मुहैया कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। संचारी रोगों से बचने के लिए लोगों का भी जागरुक होना जरूरी है। रैली नगर में भ्रमण कर लोगों को संचारी रोगों से लेकर दिमागी बुखार से बचाव के लिए जागरूक करेगी। डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार के खिलाफ यह सिर्फ अभियान नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए जनजागरूकता की लड़ाई है। सभी लोग जागरूक रहकर संचारी रोगों से सुरक्षित रह सकते हैं। रैली में शामिल आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम एवं स्वच्छता दूतों ने शहर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर लोगों को बारिश में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संक्रामक रोगों को हराना है के लिए प्रेरित किया। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, ईओ संजय कुमार, डीपीएम अनिल यादव आदि मौजूद रहे।

### संचारी रोगों से बचाव के लिए हर संभव प्रयास करने की ली गई शपथ

संचारी रोग एवं दिमागी बुखार से बचाव के लिए डीएम ने कहा कि कोई भी सामान्य बुखार आगे चलकर जानलेवा दिमागी बुखार बन सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक विकलांगता तक हो सकती है। इसलिए बुखार आने पर बिना देर किए सरकारी अस्पताल लाकर दिखाएं। डीएम ने लोगों को शौच के लिए शौचालय का उपयोग करने एवं दूसरों को भी प्रेरित करने, व्यक्तिगत साफ-सफाई पर ध्यान रखेंगे, गांव के वातावरण को स्वच्छ बनाने से लेकर समुदाय को भी स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई।

# कुत्ता और इंसान पुस्तक का किया विमोचन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पुस्तक विमोचन के दौरान मौजूद कवि एवं साहित्यकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार शाम शहर के एक होटल में कहानी की पुस्तक कुत्ता और इंसान का विमोचन किया गया। कवियों से लेकर साहित्यकारों ने पुस्तक में लिखी कहानियों की प्रशंसा कर इन्हें समाज का आइना बताया।

दिवंगत कवि, लेखक एवं शिक्षक शत्रुघन लाल वर्मा के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यकम में मुख्य अतिथि प्रो. प्रह्लाद राम वर्मा, विशिष्ट अतिथि युवा साहित्यकार सुरेश सौरभ एवं श्याम किशोर बेचैन ने कहानीकार वेद प्रकाश वर्मा के नवीनतम कथा संग्रह कुत्ता और इंसान का विमोचन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वेद प्रकाश वर्मा की कहानियां सामाजिक मुद्दों की गहराई से पड़ताल करती हैं। वैज्ञानिक और शिक्षाविद मनोहर लाल वर्मा ने कहा कुत्ता और इंसान कथा संग्रह की कहानियां ग्रामीण एवं शहरी परिवेश पर लिखी गईं हैं। युवा कवि उत्तम कुमार पांडे ने कथा संग्रह की भाषा सहज और सरल बताई। पुस्तक की समीक्षा करते हुए सुरेश सौरभ ने कहा वेद प्रकाश वर्मा की लिखी कहानियां निम्न एवं मध्यवर्गीय परिवार की संवेदनाओं को पाठकों से जोड़ने में सफल सिद्ध होंगी। इस अवसर पर कवि गौरव शुक्ला, पंकज वर्मा, बालिका कुहू वर्मा, डॉ. शफी सीतापुरी, हरेंद्र वर्मा, श्याम किशोर बेचैन, उत्तम पांडे ने काव्य पाठ किया। संचालन संजीव मिश्र व्योम ने किया। सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र कुमार वर्मा, उर्मिला वर्मा, हेमलता वर्मा, अंतिमा वर्मा, डॉ. आदित्य रंजन, समरेन्द्र वर्मा, रामेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन

**संसारपुर, अमृत विचारः** कस्बे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 52 वा जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलवार की दोपहर संसारपुर के सपा कार्यकर्ताओं ने कैफ ऑटो मोबाइल्स के प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया।

कार्यकर्ताओं ने अपने नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान मोहम्मद फैज, अरुण यादव, बादाम सिंह यादव, अखिलेश वर्मा, राकेश यादव, आफताब खान, अमर सिंह यादव, डॉ. सुहेल, उत्तम कुमार, रोहित वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोष्ठी में संचारी रोगों से रोकथाम की दी गई जानकारी


संचारी रोग अभियान के तहत रैली रवाना करते सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह।

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचारः** संचारी रोग दस्तक अभियान को लेकर सीएचसी में कार्यक्रम किया गया। सीएचसी अधीक्षक ने जागरुकता रैली को रवाना किया।

1 से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान का आरंभ सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान गोष्ठी में संचारी रोगों से रोकथाम की जानकारी दी गई। सभी को संचारी रोगों से बचाव हेतु शपथ दिलाई गई। जागरुकता रैली का आयोजन किया। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन शिवेंद्र सिंह बीपीएम तैयब सिद्दीकी सहित स्वास्थ्य केंद्र मितौली में कार्यरत अधिकारी, एएनएम व सभी कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में मां और पुत्र घायल

**पसगवां, अमृत विचारः** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर सोमवार देर शाम उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम कोटरा में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक बाइक पर सवार बुजुर्ग माता और पुत्र घायल हो गए। गांव कोटरा निवासी महेंद्र पाल (55) पुत्र झब्बूलाल अपनी मां रामश्री (90) को बाइक पर बैठा कर कहीं जा रहे थे। उसी समय सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में माता और पुत्र दोनों घायल हो गए। बुजुर्ग महिला के सिर में चोट आई है। सूचना पाकर मौके पर सेवा का जुनून की टीम पहुंची और डॉ. संजीत सनी ने प्राथमिक उपचार किया। उसके बाद एम्बुलेंस से दोनों को सीएचसी पसगवां भेजा गया। दूसरी बाइक सवार भी गिरा, लेकिन कम चोट के चलते वह बाइक लेकर चला गया।

# केक काटकर मनाया गया सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्म दिवस धूमधाम से जिले भर में मनाया गया। सपा जिला कार्यालय लोहिया भवन में जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव और प्रदेश सचिव रेहान खान की मौजूदगी में केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया गया।

कार्यकर्ताओं और नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। बाद में अस्पतालों में फल वितरण और गरीबों के लिए भंडारों का आयोजन किया। कई जगहों पर पौधरोपण भी किया गया।

सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल की सराहना करते हुए सपा शासनकाल की योजनाओं की जानकारी दी। सपा के प्रदेश सचिव रेहान खान ने कहा कि सभी कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करें।

लोहिया भवन चौराहे के सामने जिला महासचिव अंसार महलूद, मोहन वाजपेयी, जेडए उस्मानी, आकाश गुप्ता, अशोक कश्यप, आरिफ खान, दीपक रस्तोगी ने मिष्ठान बांटकर खुशियां मनाईं। अंसार महलूद, आरिफ खान, त्रिभुवन सिंह, करन सिंह, शेखावत अली, अजमत गौरी, उमेश कुमार ने अपने महलूद फार्म हाउस पर पौधरोपण किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष कयूम खां, मिर्जा शेखू, अशोक कश्यप आदि ने भी अपने विचार रखे।


जिला कार्यालय पर केक काटने के बाद एक-दूसरे को खिलाया। ● अमृत विचार

### पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन

**निघासन, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। निघासन में पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा की मौजूदगी में केक काटा गया। एक-दूसरे को खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। इसके बाद सपाइयों ने पौधारोपण किया। सीएचसी में जाकर मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान सपा विधान सभा अध्यक्ष भण्डारी यादव, माजिद अली, डॉक्टर बेनजीर उमर, रामआसरे यादव, सुभाष कुमार वर्मा, ध्रुव मौर्य, जग रोशन यादव, दामोदर मौर्य, सलीम अहमद, जिलाध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मनोज वर्मा आदि रहे।

### जन्मदिन पर कार्यकर्ता बोले- आप जियो हजारों साल



**पलिया कलां, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने तलफीपुर व जनकपुर के बीच स्थित छत्रवीर बाबा के स्थान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष रियाज उल्ला खान (बन्ने प्रधान) ने केक काट कर सभी कार्यकर्ताओं बधाई दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन आने वाले विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा व जोश भरने का काम करेगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान अमरसिंह यादव, अरुण यादव, शकील खान, आमिर खान सईदी, प्रदीप भार्गव, महेंद्र भारती, वीरपाल सिंह, लेखपाल यादव, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।

# निघासन में मनाया गया सपा प्रमुख का जन्मदिन


निघासन में केक काटकर कार्यकर्ता को खिलाते पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा।

**निघासन, अमृत विचारः** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

निघासन में पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा की मौजूदगी में केक काटा गया। एक-दूसरे को खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। इसके बाद सपाइयों ने पौधारोपण किया। सीएचसी में जाकर मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर सपा विधान सभा अध्यक्ष भण्डारी यादव, माजिद अली, डॉक्टर बेनजीर उमर, रामआसरे यादव, सुभाष कुमार वर्मा, ध्रुव मौर्य, जग रोशन यादव, दामोदर मौर्य, सलीम अहमद, जिलाध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मनोज वर्मा आदि रहे।

## तेंदुए के खौफ से ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के अंतर्गत बिझौली और लखैया गांव के बीच में जायका के जंगल में इन दिनों तेंदुए का आतंक चल रहा है, जिसके पगचिह्न खेतों में देखे गए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी तेंदुआ देखे जाने की बात सुनकर भी गांव में नहीं पहुंचे हैं। वन विभाग के रवैये के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द ही तेंदुए को पकड़ा जाए नहीं तो तेंदुआ किसी को भी अपना शिकार बना सकता है। लोगों का कहना है कि अक्सर सड़क पार करते तेंदुआ देखा गया है, जिससे जंगल से सटे में गांवों में तेंदुए का खतरा बना हुआ है।

### एक-एक कर कुत्तों को बना रहा निवाला

बिझौली निवासी चंदन सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह गांव के किनारे होते हुए तेंदुआ निकल कर गया है, जिसके पग चिह्न अभी भी बने हैं। यह तेंदुआ पालतू और छुट्टा विचरण करने वाले कुत्तों को भी निवाला बना रहा है, जिससे गांव में कुत्ते कम होते जा रहे हैं।

# कार की टक्कर से सड़क पार करते तेंदुआ की मौत

## वन विभाग ने पलिया से कार की बरामद, कार मालिक व चालक फरार, पुलिस तलाश में जुटी

संवाददाता, भीरा/बिजुआ

**अमृत विचारः** लखीमपुर-भीरा मार्ग पर थाना भीरा क्षेत्र में सोमवार रात तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे युवा नर तेंदुए को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे जमींदोज करा दिया है। कार बरामद कर वन विभाग कार मालिक और चालक की तलाश कर रहा है।



हादसे में मृत तेंदुआ का शव।

भीरा वन रेंज क्षेत्र में बाघ और तेंदुए जंगल से निकलकर आबादी तक पहुंच रहे हैं। सोमवार की रात करीब 10 बजे एक तेंदुआ जंगल से निकलकर भीरा-लखीमपुर मार्ग पर पहुंच गया। बताते हैं कि वह ब्रह्मबाबा स्थान व मनमीत नगर कॉलेज के बीच जगदेवपुर के पास सड़क पार कर रहा था। तभी लखीमपुर की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार ने तेंदुए को टक्कर मार दी। हादसे में तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने तेंदुए की मौत की खबर पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना पर बफर जोन भीरा रेंज के डिप्टी रेंजर अखिलेश कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम ने मौके से कार की टूटी पड़ी आधी नंबर प्लेट को कब्जे में लिया और शव भीरा रेंज लेकर पहुंची।



बरामद कार के साथ मौजूद वन अधिकारी व स्टाफ। ● अमृत विचार

पांच डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शव को जमींदोज कर दिया गया। वन विभाग ने टूटी नंबर प्लेट के आधार पर जांच शुरू की तो कार को पलिया से बरामद कर उसे वन रेंज कार्यालय ले आई। डिप्टी रेंजर ने बताया कि कार पलिया के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी दुर्गा प्रसाद गुप्ता की है। कार मालिक व चालक फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृत तेंदुआ युवा नर था। वन विभाग आगे की कार्रवाई कर रहा है।

दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन के डीएफओ सौरीष सहाय ने बताया कि मृत नर तेंदुए की आयु करीब दो वर्ष है। उसका पोस्टमार्टम पांच पशु चिकित्सकों से कराया गया है। कार को बरामद कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तेज रफ्तार वन्य जीवों के लिए बन रही काल

पीलीभीत-बस्ती हाईवे, शाहजहांपुर-पलिया हाईवे दुधवा नेशनल पार्क और उसके बफरजोन से निकले हुए हैं। इन मार्गों पर काफी लंबा जंगल पड़ता है, लेकिन चालक तेज रफ्तार वाहन चलाते हैं। इससे आए दिन वन्य जीव हादसे का शिकार हो जाते हैं। कई बार तो उनकी कुचलकर मौत हो चुकी है। वन विभाग ने स्पीड को लेकर एक-दो जगहों पर चेतावनी बोर्ड तो लगा रखे हैं, लेकिन स्पीड की मॉनिटरिंग के कोई उपाय नहीं किए हैं।

## सर्पदंश से चार साल के बच्चे समेत दो की मौत

लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव अदलिशपुर निवासी कपिल का चार वर्षीय बेटा अर्पित सोमवार की रात घर में सो रहा था। इसी बीच उसके पैर में किसी जहरीले सर्प ने काट लिया। अर्पित ने पैर में कुछ काटने की बात घर वालों को रात में ही बताई। परिजन अर्पित को पहले भर्राटा गांव में झाड़-फूंक कराने ले गए। इस बीच उसकी हालत अधिक बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने अर्पित को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव हरिहरा में हुई। गांव निवासी महादेव (50) सोमवार की शाम करीब छह बजे खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में सांप ने डस लिया। परिजन महादेव को लेकर शाहजहांपुर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां महादेव को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# हादसे में बिखर गया हंसता-खेलता पूरा परिवार

संवाददाता, बिजुआ

**अमृत विचारः** थाना भीरा के गांव गुलरिया निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल के लिए सफर आखिरी साबित हुआ। हादसे में हंसता खेलता पूरा परिवार बिखर गया। जितेंद्र के साथ उनकी बेटी और भाभी ने भी दम तोड़ दिया। पत्नी और भतीजा अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है।

लखीमपुर-भीरा हाईवे पर सोमवार की रात कार पेड़ से टकराने से गांव गुलरिया निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल, उनकी पुत्री श्रद्धा, भाभी सीमा देवी की मौत हो गई थी, जबकि पत्नी सुषमा देवी, भतीजा शिवम समेत चार लोग घायल हो गए थे। वह चार साल की बेटी श्रद्धा की दवा लेने गए थे। वापस आते समय यह सफर मौत का सफर बन गया। हादसे में मारे गए जितेंद्र कुमार की शादी वर्ष 2018 में हुई थी। वह पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। उनकी दो बहनों लक्ष्मी व पूजा की शादी हो चुकी है। जितेंद्र छोटी गाड़ियों (कार) को किराए पर चलवाने का कार्य कर रहे थे। वह अपने पीछे बेटी किंजल (13), धारा (11) रिभा (6), बेटा छोटू (2) और हर्षित को छोड़ गए। उनकी पत्नी सुषमा देवी और भतीजा शिवम लखनऊ में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। उधर हादसे में पिता और बहन श्रद्धा को खोने वाली तीन बहनों, दो साल के पुत्र छोटू और हर्षित के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। घटना से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। हर कोई असमय हुई मौतों से स्तब्ध है।



रोते-बिलखते मृतकों के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री ने हादसे पर व्यक्त की शोक संवेदना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स हैंडल पर हादसे में तीन लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही जिला प्रशासन से घायलों का समुचित इलाज कराने के निर्देश दिए हैं।

### पोस्टमार्टम के बाद गांव लाए गए शव, मचा कोहराम

पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव मंगलवार की शाम गांव लाए गए। शव घर पहुंचते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। शवों को देखने के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा। परिवार की महिलाओं की चीत्कार सन्नाटे को चीर रहीं थी। परिजनों का विलाप और एक ही जगह घर में रखे तीनों शव देखकर वहां मौजूद हरेक व्यक्ति की आंखे नम हो गईं। लोग बिलख रहे परिजनों को ढांढस बंधा रहे थे। बच्चे भी शवों से लिपट कर विलाप कर रहे थे। एक साथ तीन मौतों से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ था।

### एक साथ उठी तीन अर्थियां तो रोया पूरा गांव

तीनों शव घर में रखे गए थे। एक तरफ जितेंद्र का शव था तो दूसरी तरफ उसकी भाभी सीमा देवी का शव। बीच में पिता के साथ जान गंवाने वाली श्रद्धा का शव था। तीनों की अर्थियां जब घर की दहलीज से एक साथ बाहर निकली तो पूरा गांव रो पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण तीनों की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। परिवार वालों ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तीनों शवों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया।

● **एक ही परिवार में तीन मौतों से हर कोई स्तब्ध, परिवार व गांव में छाया मातम**

# सांड़ के हमले में घायल चौकी इंचार्ज की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मोहम्मदी-शाहजहांपुर मार्ग पर सोमवार की रात बाइक से जा रहे चौकी इंचार्ज पर एसडीएम मोहम्मदी के आवास के सामने सांड़ ने हमला कर दिया। इससे वह बाइक समेत गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर आते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है।



मृतक रमेश चंद्र शुक्ला।

मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी शंकरपुर राजा के चौकी इंचार्ज रमेश चंद शुक्ला (53) गांव इब्राहीयाबाद थाना कोठी जनपद बाराबंकी के रहने वाले थे। सोमवार की रात लगभग आठ बजे विभागीय कार्य से सीओ आवास के सामने से वह बाइक से निकल रहे थे। तभी एक सांड ने उन पर हमला कर दिया। इससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गए। सिर में गंभीर चोट आने लगने से उनकी हालत बिगड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल चौकी इंचार्ज को आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंची, जहां से हालत अधिक खराब होने पर डॉक्टर ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर आते ही पुलिस महकमें में शोक की लहर दौड़ गई। प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि दारोगा रमेश चंद शुक्ला बाइक पर थे। जहां सांड के हमले से वह घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चौकी इंचार्ज की मौत पर एसपी संकल्प शर्मा ने गहरा शोक जताया है।

# जयंती पर याद किये गये पं. सियाराम मिश्र



नगर पालिका परिसर में लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद गोला में पं. सियाराम मिश्रा की जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पं० सियाराम मिश्रा नगर के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय कवि थे।

विशिष्ट अतिथि शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने कहा कि पं० सियाराम मिश्रा की ख्याति से नगर अभिभूत हो गया है। विशिष्ट अतिथि रूवा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने कहा कि पं० सियाराम मिश्रा सादगी पसंद व्यक्ति थे। कार्यक्रम का संयोजन साहित्यकार मधुकर सैलाई ने किया। पं० सियाराम मिश्रा के पुत्र राजन मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर व्यापारी नेता गोपाल शुक्ला, भ् ाजपा विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य सुरेशचन्द्र शुक्ला, सभासद नानकचन्द्र वर्मा, पूर्व

## सार-संक्षेप

### आरपीएफ ने तालाब में डूबकर किशोर की मौत



**संसारपुर, अमृत विचार :** गांव मछोहा निवासी छैलबिहारी का पुत्र अंकुश कुमार (11) अपने दोस्तों के साथ गांव के बाहर तालाब के पास खेल रहा था। परिजनों के मुताबिक कुछ महीने पहले मार्ग पर खड़ंजा लगाने हेतु मिट्टी निकाली गई थी, जिससे बच्चे का पैर फिसल गया और वह रपटकर तालाब में जा गिरा। पानी अधिक होने के कारण वह डूबने लगा। साथ में खेल रहे बच्चों का शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने तालाब में कूदकर उसकी जान बचाने का प्रयास किया। सूचना पाकर परिजन भी मौ पर पहुंच गए। उसे तालाब के बाहर निकालकर संसारपुर कस्बे के निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अंकुश कुमार दो बहन एक भाई में सबसे बड़ा था। घर की माली स्थिति ठीक न होने के कारण पिता मजदूरी कर परिवार चलाता है। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### वन महोत्सव शुरू, किया गया पौधरोपण

**मैलानी, अमृत विचार :** मैलानी रेंज बफर जोन के अन्तर्गत 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जाएगा। मैलानी रेंज की गदनिया बीट के गांव सुआबोझ में तालाब के किनारे रेंजर साजिद हसन, वन दरोगा कामता प्रसाद, बृजेश कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधान शंकर लाल आदि ने ग्रामीणों के सहयोग से सागौन, कंजी, जामुन सहित कई प्रजातियों के पौधों का रोपण कर वन महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की है।

### गांव पहुंचा छात्र का शव, परिवार में मचा कोहराम

**धौरहरा, अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के दल के साथ शैक्षिक भ्रमण के लिए मिर्जापुर गए धौरहरा के महराजनगर गांव निवासी छात्र की मिर्जापुर में झरने में नहाते समय मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह शव गांव लाया गया तो परिवार में हाहाकार मच गया। पिता ने दोपहर मुखाग्नि दी। महराजनगर गांव निवासी भानू प्रताप मौर्या (26) लखनऊ विश्वविद्यालय में एसएस डबल्यू के छात्र थे। विश्वविद्यालय से छात्रों का दल शैक्षिक भ्रमण के लिए वाराणसी गया था। मिर्जापुर के लखनियादरी में झरने में नहाते समय वह डूब गया। सूचना पर बचाव दल ने शव के पानी से निकाला, जिसका सोमवार को पोस्टमार्टम हुआ, लेकिन रात तक शव गांव नहीं पहुंच सका। मंगलवार सुबह जब छात्र का शव लाया गया तो पूरे गांव में शोक छा गया। परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल था। पिता उमाशंकर मौर्या ने बेटे को अंतिम विदाई देते हुए मुखाग्नि दी।

### अतिरिक्त दहेज के लिए महिला को पीटा

**धौरहरा, अमृत विचार :** थाना तंबौर जनपद सीतापुर के गांव तेंदुआ तालगांव निवासी सतीश प्रकाश तिवारी ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री प्रज्ञा की शादी तीन वर्ष पूर्व खमरिया थाना क्षेत्र के गांव खमरिया पंडित निवासी से हुई थी। शादी के बाद आरोपी पति तुषार उर्फ निखिल मिश्रा, ससुराल सुरेश मिश्रा, सास, देवर और ननद बेटी को अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान करने लगे। दहेज न दे पाने के चलते रविवार को पुत्री को लात घूसों और लाठी डंडे से सभी ने मारापीटा। मामले में पुलिस ने पांचों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार

**मैगलगंज, अमृत विचार :** थाना मैगलगंज की औरंगाबाद चौकी पुलिस ने मोहल्ला देवीस्थान के पास छापा मारकर चार लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से 1180 रुपये भी बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने छापा मारकर फिरोज, आयुष, किशन सैनी और संदीप निवासी औरंगाबाद को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### पुलिस चौकी के निकट से साइकिल चोरी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के पत्रकार महेश पटवारी ने बताया कि वह सावन मेला को लेकर नीलकंठ मैदान में हो रही बैठक की कवरेज करने गए थे। पुलिस चौकी के निकट अपनी रेंजर साइकिल ताला लगाकर खड़ी कर दी। बैठक के बाद बाहर आने पर उन्हें साइकिल नहीं मिली। डीएम-एसपी समेत पुलिस बल की मौजूदगी में साइकिल गायब होने पर लोग अचरज हैं।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.
PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अंग्रेजी में GREESH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में GIRISH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। भविष्य में मुझे उक्त सही नाम से जाना व पहचाना जाये। **ग्रीश बाबू पुत्र ओमप्रकाश निवासी मो. नं. 2, बिल्सी तहसील बिल्सी जिला बदायूं (उ.प्र.)**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का नाम अंग्रेजी में GREESH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में GIRISH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। उक्त दोनों नाम मेरे पति के ही हैं। भविष्य में मेरे पति को उक्त सही नाम से जाना व पहचाना जाये। **शशि वार्ष्णेय पत्नी ग्रीश बाबू निवासी मो. नं. 2, बिल्सी तह. बिल्सी जिला बदायूं (उ.प्र.)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने 28/7/2007 में LIC की पालिसी करायी थी। जिसकी पालिसी सं.- 2231113454 है। पॉलिसी में घरेलू नाम श्यामकली के नाम से बीमा कराया था। अब मेरा नाम रामवाला पाण्डेय उर्फ श्याम कली पत्नी रामपाल पाण्डेय उर्फ आनन्द किशोर के नाम से जाना व पहचाना जाये। **रामवाला पाण्डेय पत्नी रामपाल पाण्डेय उर्फ आनन्द किशोर नि. ग्राम रेहरिया पर. बडागांव तह. पुवायां, पोस्ट सुनारा बुजुर्ग शाहजहांपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2020-21 में इन्टरमीडिएट की परीक्षा 60030 विशप कॉनराड सीनियर स्कूल, बरेली से उत्तीर्ण की थी। जिसका रोल नं. 21628266 Reg. No. N221/60030/0065 है। जिसकी प्रथम टी.सी. विद्यालय से प्राप्त कर ली थी। जो कि रास्ते में घर जाते समय गणेश धाम कॉलोनी, बरेली में कहीं खो गई है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **दीक्षा पुत्री विष्णुदयाल निवासी मो. बगिया नाथ पो. खुटार खास थाना खुटार जिला**

**सूचना**
मैं अपने तीनों पुत्र प्रदीप कुमार, विकास कुमार व आकाश के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर समस्त सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह तीनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जगदीश कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल निवासी मकान नं0 - 513, रोहली टोला, पुराना शहर, थाना बारादरी बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अनादरो विलम्बश्च वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पश्चापि दानस्य दूषणानि च।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछ्चाताप होना। ये सभी 5 क्रियाएं दान को दूषित कर देती है।

## संपादकीय

# वित्तीय साक्षरता जरूरी

बैंकिंग और वित्तीय नियमों में बदलाव डिजिटल भारत की ओर एक बड़ा कदम हैं। महत्वपूर्ण वित्तीय बदलावों का सीधा असर करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा और प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क ट्रेन/हवाई जहाज की बुकिंग में आधार ओटीपी की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। सवाल है कि ये नियम व्यक्तियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सुविधा कैसे बढ़ाएंगे। साथ ही वित्तीय अपराधों पर नियंत्रण में कैसे मदद करेंगे। नए नियमों से भुगतान प्रणाली में सुधार होगा, जिससे ऑनलाइन लेनदेन और भी सुरक्षित और तेज़ होंगे। यानी ये नियम ग्राहकों को अधिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, धोखाधड़ी को कम करेंगे और बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना आसान बनाएंगे। नए नियमों से ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग लेनदेन अधिक सुरक्षित होंगे। जिससे धोखाधड़ी और हैकिंग का खतरा कम होगा। बैंकों को अपने ग्राहकों को लेनदेन और खातों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिससे ग्राहकों को अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण होगा। नए नियमों से बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर और अधिक नवीन बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में हाल के बदलावों और भविष्य की दिशा पर बात की जाए तो कहा जा सकता है कि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र, एक गतिशील और तेजी से बदलता हुआ क्षेत्र है, जो लगातार नवाचार और सुधारों का सामना कर रहा है। हाल के वर्षों में, इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। परिवर्तनों का प्रभाव बैंकों, वित्तीय संस्थानों और ग्राहकों पर समान रूप से पड़ा है। वित्तीय स्थिरता को भी बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली आर्थिक विकास और विकास का समर्थन कर सकें। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बदलावों के साथ, बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अनुकूलन करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। वास्तव में हम एक ऐसे वित्तीय भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोपरि होगी। देश में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि लोग अपने वित्तीय अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझ सकें।

# ईरान-इजराइल युद्ध का वैश्विक राजनीति पर प्रभाव



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है।

आखिरकार ईरान-इजइयल युद्ध में अमेरिका को खुलकर सामने आना पड़ा, लेकिन उसके द्वारा प्रयुक्त अमेरिकी बंकर बस्टर बमों ने इरानी परमाणु ठिकानों को कितना नुक्सान पहुंचाया, यह तो भविष्य ही बताएगा। इजराइल ने युद्ध शुरू होने से पहले ही कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को नेस्तनाबूद करना तथा वहां सत्ता परिवर्तन कराना है। सत्ता परिवर्तन या प्रमुख धार्मिक नेता के बारे में तो इजराइल सफल नहीं हो पाया, उल्टे जिस तरह ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल के शहरों पर बमबारी की और मिसाइल दागे, इससे स्पष्ट हो गया कि ईरान अब पहले जैसा देश नहीं रह गया है और दूसरे कि इजराइल का एयर डिफेंस डोम अब सुरक्षित नहीं है। इस युद्ध का वैश्विक असर अमेरिका, इजराइल, पश्चिम एशिया, रुस, चीन, पाकिस्तान सहित भारत पर भी पड़ा है।

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है। इरान युद्ध के समय अमेरिका, यूरोप और इजराइल के समर्थकों पर खाड़ी देशों से सामूहिक तेल प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर सकता है जैसा कि 1973 के योम किप्पुर युद्ध के समय लगाया गया था। इतना ही उसके प्राक्सी मिलीशिया मसलन हमास और हिजबुल्ला आदि खाड़ी देशों में अमेरिकी और इजराइली सैन्य अड्डे पर हमला कर सकते हैं। इराक जो विश्व को प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल से अधिक तेल की आपूर्ति करता है, इन हमलों का निशाना आसानी से बन सकता है। ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रमों पर रोक लगाने की जिद का असर कम से कम सऊदी अरब और यूएई की महत्वाकांक्षाओं पर भी पड़ेगा क्योंकि इस तरह से यह क्षेत्र पूरी तरह से इजराइल के रहमो-करम पर रह जाएगा, क्योंकि यह एकमात्र परमाणु-सक्षम देश है, जो अमेरिका की इजराइली सैन्य श्रेष्ठता को बनाए रखने की नीति के अनुकूल है। अमेरिका द्वारा खाड़ी देशों में रूसी संपत्तियों को जब्त करने,



टैरिफ और आर्थिक नीतियों ने मध्य पूर्व में पश्चिमी निवेशों को लेकर एक अशांति उत्पन्न कर दी है। भले ही उपरी तौर पर यहां लोग व्यापारिक हित में अमेरिका और पश्चिमी देशों का सहयोग कर रहे हो, खाड़ी के अधिकांश देश फिलिस्तीनी समर्थक और अमेरिका विरोधी है।

इस युद्ध में इजराइल का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था या उस पर निर्णायक चोट करनी थी जिसमें वो सफल भी हुए हैं लेकिन इसने सिर्फ आधारिक संरचना नष्ट कर दिया है, वैज्ञानिकों को मार दिया है लेकिन उनका परमाणु ज्ञान तो नहीं मिटा सके हैं जो ईरानी शासन ने कई वर्षों में जमा किया है। इतना ही नहीं अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या हवाई हमलों ने उस नौ सौ पाउंड यूरेनियम को नष्ट कर दिया है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, ईरान ने पहले ही हथियार-ग्रेड की गुणवत्ता के करीब समृद्ध कर लिया था। इसके अतिरिक्त इस युद्ध में ईरान पर अमेरिका इतना निर्णायक दबाव नहीं बना पाया है कि उसे बिना शर्त वार्ता के टेबल पर आने के लिए मजबूर कर दे। यहां तक कि परमाणु ठिकानों पर हमले के जबाव में उसने अमेरिकी अड्डों पर भी बमबारी की ही साथ में युद्धविराम की घोषणा के बाद भी इजराइल पर मिसाइल दागे।

यह सच है कि इजराइल ने अपने से पचहत्तर गुना बड़े देश ईरान जिसकी जनसंख्या उससे नौ गुना अधिक है, पर मिसाइल, ड्रोन से बमबारी कर उसके परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल कर एवं अमेरिका को सीधे लड़ाई में लाकर उसने दशकों पुराना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राजनीतिक रूप से देखें तो भारत इजराइल और ईरान के बीच टकराव में कहीं फंस गया है क्योंकि दोनों के साथ उसके महत्वपूर्ण रणनीतिक हित हैं। भारत के लिए इजराइल महत्वपूर्ण रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जबकि ईरान अपने बंदर अब्बास बंदरगाह के माध्यम से भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान में रणनीतिक प्रवेश द्वार प्रदान करता है। हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध में इजराइल ने भारत का खुलकर समर्थन किया था परंतु भारत ऐसा नहीं कर सका क्योंकि दूसरा पक्ष भी उसका मित्र देश था। इतना ही नहीं रूस और अमेरिका के साथ भी उसके प्रतिस्पर्धी हित हैं, जो इस संघर्ष में विपरीत पक्षों पर खड़े थे। आर्थिक रूप से, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अस्सी प्रतिशत आयात करता है, जो खाड़ी देशों से प्रभावित हैं। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता में अटूट विश्वास है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मौजूदा व्यवहार को देखते हुए लगता है कि अमेरिका के साथ भारत के रणनीतिक संबंध लगभग खोखले हो चुके हैं। चीन के साथ भारत के रिश्ते वैसे ही ठंडे पड़े हुए हैं क्योंकि वह चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खड़ा है। परंपरागत मित्र रूस इस समय खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा है, क्योंकि भारत स्कैंडिनेविया से लेकर भूमध्य सागर तक यूरोप के रूसोफोबिक देशों के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि अमेरिका का मुख्य रोष यही है कि भारत रुस से तेल और रक्षा सामग्री आयात कर रहा है जबकि अमेरिका स्वयं भारत को रक्षा हथियार बेचना चाहता है।

इसके साथ ही ईरान भी हाल के युद्ध में भारत का समर्थन न पाने और भारतीय पश्चिम एशियाई रणनीति में इजराइल को दिए गए महत्व से खुश नहीं हो सकता है। हालांकि ईरान पहले विश्व राजनीति में भारत का काफी महत्वपूर्ण समर्थन किया था। तीस साल पहले जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान और ईरान के बीच एक कूटनीतिक युद्ध हुआ था, जब ईरान ने यूएनएचआरसी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था, जिसमें कश्मीर में भारत के कथित मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की गई थी। इसलिए मध्य पूर्व के संबंध में भारत को एक ठोस, संतुलित और चतुर रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है तो इस युद्ध में उसने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लिया है। इरान इजराइल युद्ध में अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस और चीन के साथ मिलकर तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। यद्यपि इस मसौदा प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से अमेरिका या इजरायल का नाम नहीं लिया गया, लेकिन इसमें ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों की निंदा की गई। जबकि ईरान के साथ उसके संबंध और परमाणु शक्ति संपन्न देश होने को ध्यान में रखकर ही डोनाल्ड ट्रम्प ने उसका समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य प्रमुख मुनीर को लंच पर बुलाया था। इसके बावजूद ईरान के समर्थन में यह पाकिस्तान द्वारा रणनीतिक स्वायत्तता का एक आश्चर्यजनक रूप से मुखर प्रदर्शन है। ईरान के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन के साथ मिलकर काम करना न केवल एक साहसिक सोच का प्रदर्शन है, बल्कि उभरते बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने की दिशा में पाकिस्तान की परिपक्वता का संकेत भी है। जाहिर है कि यह भारतीय हित में नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट है ईरान -ईजराइल युद्ध भले ही युद्धविराम की स्थिति में है लेकिन यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। ना तो ईरान अपनी सुरक्षा के लिए अपनु परमाणु कार्यक्रमों को इतनी आसानी से रोक देगा और ना ही इजराइल फिलिस्तीन सहित ईरान या अन्य किसी मध्य पूर्व के देशों को इतना शक्तिशाली बनने का अवसर देना चाहेगा जो उसके अस्तित्व के लिए ख़तरा हो। लेकिन यह भी सच है कि जब तक इज़राइल और अमेरिका मध्य पूर्व में एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए सहमत नहीं हो जाते हैं, तब तक मध्य पूर्व में अस्थिरता और अशांति जारी रहने की संभावना बरकरार है।

## प्रसंगवश

# नदियों में बढ़ता प्रदूषण और धार्मिक संस्कार





कुछ दिन पहले एक वीडियो देख मैं अभिभूत हो गया। इसमें लोग बरसात में कावेरी नदी के जल के आगमन पर फूलों से उसका स्वागत कर उसे प्रणाम कर रहे थे। अपनी नदियों के प्रति ऐसी श्रद्धा देख कोई भी व्यक्ति भावुक हो सकता है। मनोज कुमार की फ़िल्म का एक गीत भी है। "इतनी ममता नदियों को यहां माता कह के बुलाते हैं" लेकिन एक दूसरी तस्वीर भी है। तमिलनाडु की एक नदी तामिरबरणी को भयंकर प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रदूषण की वजह है कि लोग इसमे अपने मृतकों के कपड़े, गद्दे, तकिए, फोटो फ्रेम, मिट्टी के बर्तन आदि फेंकते हैं। ऐसा वो भविष्य वक्ताओं के कहने पर धार्मिक संस्कारों के तहत करते हैं। ये सब इतनी अधिक संख्या में होने लगा कि नदी की धारा ही चोक हो गई और इसमें रहने वाली मछलियों और कछुओं के जीवन को खतरा हो गया।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस नदी से चार जिलों को पीने का पानी भी सप्लाई होता है। इसलिए पर्यावरण वादियों ने इस धार्मिक संस्कार के विरुद्ध आवाज उठाई। और नदी को गंदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस धार्मिक संस्कार के लिए सरकार ने जगह-जगह डस्ट बीन रखे हैं लेकिन लोगों के कहने पर लोग नदी में ही कपड़े डालते हैं।

आखिर एक पर्यावरण प्रेमी बी मूर्ति, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में लोग सामने आए और उन्होंने इसे साफ करने का बीड़ा उठाया। आप विश्वास नहीं करेंगे कि उन्होंने नदी से 94 टन मृतकों के कपड़े, 975 किलो गिलास फोटो फ्रेम, 275 किलो नैपकिन, डायपर और 4 टन प्लास्टिक वेस्ट 21 दिन की अथक मेहनत के बाद निकाले। अब अपनी नदियों को लेकर ये दो भाव हमारे सामने हैं। दोनों ही भावों में नदी को आदर दिया गया है। लेकिन क्या नदी को हमारे आदर की जरूरत भी है। हमें सोचना होगा कि क्या हमारा ये मान सत्कार नदी के अस्तित्व पर संकट तो नहीं ला रहा।

मेरा पहला सवाल है कि आखिर नदी को नदी क्यों नहीं रहने देते। जब हमने उसका यही हश्र करना है तो उसे माता मानने की जरूरत ही क्या है। दूसरा सवाल है कि हमारे सारे धार्मिक संस्कार जो नदियों को प्रदूषित करते हैं। उसके लिए एक बड़े अभियान द्वारा लोगों को समझाया क्यों नहीं जा सकता जिससे हमारे धार्मिक संस्कारों का स्वरूप थोड़ा बदला जाए ताकि हमारी नदियां, जलीय जीव जंतु सही से सांस ले सकें। जैसा कि कुछ जगह जागरूकता आने के कारण अब देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन बहते पानी की जगह कृत्रिम जलाशयों में किया जाता है।

इस संबंध में कोर्ट ने रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए मूर्तिकारों के पक्ष में एक फैसला भी दिया और उन्हें केवल प्राकृतिक रंग और मिट्टी की जगह प्लास्टर ऑफ पेरिस और कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से प्रतिमाएं बनाने की इजाजत दी। लेकिन साथ ही एक आदेश भी दिया कि ऐसी प्रतिमाओं का विसर्जन बहते हुए पानी मे नहीं किया जा सकता। समय अनुसार अगर हम और हमारे धार्मिक संस्कार नहीं बदले तो मनुष्य के अस्तित्व पर ही संकट आ सकता है।

उत्तराखंड हाई कोर्ट के एक निर्णय अनुसार नदियों को जीवित इकाई माना गया और नदियों को भी मनुष्यों समान कानूनी अधिकार दिए गए। लेकिन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और नदियों को जीवित इकाई मानने से इनकार कर दिया। क्या ही बेहतर होता अगर उत्तराखंड कोर्ट का फैसला बरकरार रहता। और हम कम से कम नदियों के अधिकार के लिए लड़ तो सकते थे।

# बाल स्वास्थ्य की दिशा में अनूठा कदम

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के द्वारा बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं हितों को ध्यान में रखते हुए एक अभूतपूर्व कदम उठाया गया है। सीबीएसई के द्वारा सम्बद्ध विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने परिसर में 'शुगर बोर्ड' की स्थापना करें। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों के द्वारा शर्करा के सेवन पर निगरानी रखना एवं यदि वह आवश्यकता से कहीं अधिक हो रहा है तो उस पर नियंत्रण करना है। निस्संदेह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा की गई यह पहल नितांत सराहनीय एवं दूरदर्शितापूर्ण है क्योंकि उच्च शर्करा स्तर की समस्या आज वयस्कों से लेकर बच्चों तक को अपना शिकार बनाती जा रही है। सीबीएसई के अनुसार विगत दशक में बच्चों में टाइप-2 मधुमेह के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक समय था जब इस बीमारी का बच्चों के साथ दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था एवं इसके मामले केवल वयस्कों अथवा वृद्धों में ही देखे जाते थे।

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं। अगर हम विगत कुछ दशकों के दौरान बच्चों की जीवनशैली, खानपान, रहन-सहन तथा शैक्षणिक एवं शारीरिक गतिविधियों में होने वाले परिवर्तनों पर सम्यक दृष्टिपात करें तो निश्चित रूप से हम उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर खोजने में भी सफल हो जाएंगे। दरअसल कुछ दशकों पूर्व के बच्चों एवं आज की नई पीढ़ी में जमीन आसमान का अंतर है। यदि हम खानपान की बात करें तो जहां पहले की पीढ़ी स्वस्थ, संतुलित एवं पोषणयुक्त खान-पान से जुड़ी थी, वहीं आज की पीढ़ी फास्ट फूड,



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं।

जंक फूड एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अंदर ही पोषण, भूख एवं स्वाद को ढूंढ रही है। अब वह ऐसा अपनी इच्छा से कर रही है अथवा करने पर विवश है, यह तो स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। वहीं अगर हम व्यायाम अथवा शारीरिक गतिविधियों की बात करें तो जहां पुराने जमाने के बच्चे खेलकूद, योगासन एवं अन्य स्वास्थ्यप्रद गतिविधियों से जुड़े थे, तो आज की आधुनिक पीढ़ी मोबाइल गेमिंग एवं सोशल मीडिया जैसी झूठी दुनिया में ही खेलकूद का आनंद तलाश रही है। खास बात तो यह है कि आज के बच्चे जंक फूड एवं मोबाइल गेमिंग जैसे छदम परिदृश्य में ही अति प्रसन्न हैं, लिहाजा अगर उनको स्वस्थ जीवन शैली एवं खान-पान से परिचित कराने का प्रयास भी किया जाए तो वह उनको कतई रास नहीं आता।

सीबीएसई के द्वारा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इस योजना के संबंध में पत्र लिखा गया है एवं कहा गया है कि बच्चों में बढ़ते शुगर लेवल का प्रमुख कारण है- शर्करा का अति सेवन। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि स्कूलों के आसपास स्नेक्स, कोल्ड ड्रिंक एवं अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मध्यावकाश अथवा स्कूल से छुट्टी के समय में विद्यार्थी इन पर ऐसे टूटते हैं जैसे कि मानो उन्हें कोई बड़ा खजाना बड़ी लंबी प्रतीक्षा के बाद प्राप्त हो गया हो। जाने अनजाने में वे उन पदार्थों का सेवन अपनी क्षुधा को शांत करने के लिए करते हैं जो उनके लिए नितांत हानिकारक होते हैं। जाहिर सी बात है कि जब पेट जंक फूड से ही ठसाठस भर जाएगा तो फिर स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के पेट में जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। खास बात तो यह है कि जंक फूड एवं प्रसंस्कृत पदार्थों से दोस्ती बच्चों की दिनचर्या का अंग बन चुकी है। बदल बदल कर जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक इत्यादि का सेवन करना बच्चों की आदत में आ चुका है।

अध्ययन बताते हैं कि चार से दस वर्ष की आयु के बच्चों के दैनिक कैलोरी सेवन में चीनी का अंश 13 फ़ीसदी है तथा 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 15 फीसदी है, जबकि बच्चों के लिए चीनी सेवन की अनुशंसित सीमा 5 प्रतिशत ही है। स्पष्ट है कि बच्चों के द्वारा आवश्यकता से कहीं ज्यादा चीनी का सेवन किया जा रहा है। इस संबंध में भारत में हुए अध्ययन की रिपोर्ट बेहद चिंताजनक है। भारत में 88.6 फ़ीसदी विज्ञापन उच्च फैट, नमक एवं चीनी युक्त उत्पादों के हैं। इस मामले में हम सभी को ब्रिटेन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्रिटेन में अक्टूबर 2025 से टीवी एवं सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर जंक फूड विज्ञापनों पर आंशिक रोक लागू करने की योजना बनाई जा रही है। निश्चित है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से बच्चों में जंक फूड के प्रति आकर्षित होने एवं ललचाने की प्रवृत्ति में ह्रास होने की पूर्ण संभावना होगी। इन सभी पहलुओं को देखकर एवं विचार करने के उपरांत यह कहा जा सकता है कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उठाया गया कदम नितांत विवेकपूर्ण एवं प्रशंसनीय है।

## सोशल फोरम

# धरोहरों का हो संरक्षण

वृंदावन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रीबांकेविहारी मंदिर कॉरिडोर के भूमि की नाप-जोख और सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। बताया जा रहा कि यह गलियारा लगभग पांच एकड़ भूमि पर निर्मित होगा।

दो दिन पूर्व ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के प्रकाशन अधिकारी गोपालशरण शर्मा ने इस पूरे क्षेत्र में आ रहे प्राचीन धरोहर स्थल एवं मंदिरों का अवलोकन कराया जिसके बाद इस क्षेत्र की धरोहरों के प्रति हमारी चिंताएं गंभीर हो गई हैं। उदाहरण के लिए हमने ठा.श्रीराधामोहन के सुंदर दर्शन किए। यह पूरा परिसर राधामोहन का घेरा कहलाता है। यह 16वीं सदी में आबाद हुआ एक प्राचीन परिसर है, जहां श्रीराधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक महान रसिकाचार्य श्रीहित हरिवंश गोस्वामी के दूसरे सुपुत्र गोस्वामी श्रीकृष्णचन्द्र महाराज के सेव्य विग्रह ठा.श्रीराधामोहन का मंदिर स्थापित है, जो वृन्दावन में शाही लाल पत्थर से निर्मित 16 वीं सदी के मंदिरों में से एक है। यह मंदिर श्रीराधावल्लभ के पुराने मंदिर के साथ का ही बना था। हम जानते ही हैं कि आज श्रीराधावल्लभ का पुराना मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित एक स्मारक है। इन दोनों मंदिरों में प्रयुक्त हुए पत्थर, तोरण, द्वार, वास्तुशिल्प आदि की समानता को देख कर भी यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि ये दोनों मुग़लकालीन संरचनाएं एक ही युग की देन हैं। राधावल्लभ संप्रदाय के वाणी साहित्य से ज्ञात होता है कि 18 वीं सदी में राधामोहन घेरे का परिसर अत्यन्त रमणीय और हितकुल का प्रमुख स्थान था।



लक्ष्मीनारायण तिवारी
सचिव, ब्रज संस्कृति शोध संस्थान,वृन्दावन

यहां मंदिर में हमारी भेंट सेवायत गोस्वामी श्रीमृदुल वल्लभ से हुई जिन्होंने हमें बड़े दुखित मन से बतलाया कि कॉरिडोर निर्माण हेतु ठा. श्रीराधामोहन के प्राचीन मंदिर सहित पूरे परिसर को नाप लिया गया, प्रस्तावित कॉरिडोर के नक्शे के अनुसार ठा.श्रीराधामोहन मंदिर को तोड़ा जाना है जिसके लिए नाप कर नंबर डाल दिए गए हैं। धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक वृंदावनी धरोहरों के संरक्षण का एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने खड़ा है। आज जिस प्रकार के हालात है वह हम सब के लिए विचारणीय है।

-फेसबुक वॉल से

# क्रैश जहाज से जिंदा बचे शख्स जैसे अखिलेश यादव

संघर्षों से लड़ने और बढ़ने की विरासत लिए अखिलेश यादव राजनीतिक कुशलता में अपने पिता मुलायम सिंह यादव से कम नहीं हैं। भाजपा की धुरी यूपी में मोदी-योगी की लोकप्रियता की सुनामी में सबसे बड़े विपक्षी दल के तौर पर सपा की शक्ति को बचा पाना अखिलेश यादव की बड़ी उपलब्धि है। तब जब भाजपा के फैलाव में पिछले एक दशक में देश के शक्तिशाली दल टूट गए, बिखर गई, बौने हो गए। पार्टी को बचा पाना, संभाल पाना और ऐसे दौर में सपा के इतिहास में पहली बार 2024 में लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतना अखिलेश की राजनीतिक दक्षता का चमत्कार है। इतनी सीटें तो मुलायम सिंह अपने स्वर्णकाल में भी नहीं जीत सके थे। अभिनेत्रा राजकपूर के गीत के निर्देशन में राजनीतिक गाड़ी चलानी पड़ती है-ऐ भाई जरा देख के चलो, आगे ही नहीं पीछे भी, दाएं ही नहीं बाएं भी...कहते हैं कि सियासत में युद्ध कौशल का प्रदर्शन हर जगह होता है। घर के बाहर विरोधी से ही नहीं घर के अंदर के प्रतिद्वंद्वीयो से भी लड़ना होता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहते अपने चाचा और उनके गुट से अखिलेश नहीं लड़ते तो शायद आज पिता मुलायम सिंह की कुर्सी का सौ फीसद हिस्सेदारी का हक नहीं मिल पाता। चाचा शिवपाल यादव उनकी समानांतर ताकत में होते। नेता जी के बाद पार्टी में एकक्षत्र ताकत का संकट तो गहराता ही।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हर मोर्चे पर युद्ध लड़ा। अपनों से भी लड़ाई जीती और भाजपा के तीव्र तूफान में भी पार्टी की नैय्या बचा ली।'

बसपा सुप्रीमों मायावती यूपी की शीर्ष नेताओं में शुमार हैं, भाजपा के स्वर्णकाल में बसपा विपक्ष के लायक भी नहीं रही। लगभग डेढ़ दशक तक ये कहा जाता रहा कि प्रियंका गांधी राजनीति में आ जाएं तो यूपी में कांग्रेस के पुराने दिन वापस आ जाएंगे। वो भी आईं कुछ ना कर पाईं। भाजपा व उसकी सरकार और योगी आदित्यनाथ के हिन्दुत्व के चेहरे की ताकत के आगे सब धराशाई हो गए। मजबूत विपक्ष के तौर पर कोई बचा तो वो थी समाजवादी पार्टी। अखिलेश यादव ने सपा की नैय्या को कई तूफानों से बचाया, कमजोर नेतृत्व होता तो ताज्जुब नहीं कि बसपा और कांग्रेस की तरह सपा भी हाशिए पर पड़ी होती और सदन में भाजपा का एकक्षत्र राज रहता। ये सच है कि यूपी का मुख्यमंत्री बनने में अखिलेश यादव की योग्यता आधी थी और आधा पिता प्रेम था, पिता का श्रेय था।

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया। उस चुनाव में मुलायम चुनावी कम्पेन से गायब थे उन्होंने ने अखिलेश पर ऐसे जिम्मेदारी दी थी जैसे चील अपने बच्चे को आकाश की ऊंचाइयों पर ले जाकर फेंक देती है। जान बचानी है तो बाजुओं में ताकत पैदा करो, उड़ना सीखो और उड़ो। फिर सारा आकाश तुम्हारा होगा! पिता की कोशिश और मार्गदर्शन पर पुत्र पूरी फरमाबरदारी से चलता भी रहा। उन्होंने रथयात्रा निकालकर पूरे प्रदेश के गांव-गांव जनता से मिले, जमीनी संघर्ष किया। सपा को गुंडे-माफियाओं की पार्टी कहने के आरोपों को ग़लत साबित करते हुए दागियों को पार्टी से दूर करने की साहसी और सराहनीय पहल की। डीपी यादव जैसे कई नेताओं को टिकट ना देने पर अड़े तो जनता में अखिलेश में आशा की एक नई किरण दिखने लगी। "अखिलेश यादव को सत्ता मिली तो भी संकट थे और सत्ता के बाहर दमदार विपक्ष बने रहना भी बहुत मुश्किल था"

2012 में सपा सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अखिलेश यादव बेहद लोकप्रिय नेता बन कर उभरे। किंतु पार्टी में इतनी कलह थी उसे सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव जी भी नहीं संभाल सके। दूसरी तरफ तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट करने पर नई भाजपा का समुद्र देश में उफान ले रहा था। बावजूद इसके हो सकता था कि अखिलेश यादव के विकास कार्यों और लोकप्रियता के आगे भाजपा की सुनामी उत्तर प्रदेश में कोई खास असर नहीं दिखा पाती। लेकिन उन दिनों सत्तारूढ़ सपा में आपसी कलह सड़क पर उतर चुकी थी, जिसके कारण यूपी में अखिलेश के विकास कार्य और लोकप्रियता भाजपा को रोक नहीं सकी। संघर्ष जारी है। 2027 के चुनाव में लगभग डेढ़ वर्ष शेष है।

अखिलेश के सामने योगी आदित्यनाथ का हिन्दुत्व का लोकप्रिय चेहरा है। इस जटिल लड़ाई में कांग्रेस का साथ लेना ही पड़ेगा। योगी तीसरी बार जीत गए तो सपा को टूट-फूट से बचाना बेहद मुश्किल होगा। अखिलेश जीत गए तो यूपी में कांग्रेस के फैलाव को रोकना भी काफी जटिल होगा। सियासत के हर रास्ते में कांटे होते हैं। सफलता में भी असफलता में भी। कभी फूलों में कांटे छिप जाते हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# डीएम-एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्ग, पार्किंग समेत सुरक्षा व्यवस्था देखी

## सावन मेलाः बैठक में यातायात, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सहूलियत की ली जानकारी, डीएम ने कहा-श्रद्धालुओं को मिले बेहतर सुविधा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सावन मेला को लेकर मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू के साथ रूट डायवर्जन, ट्रैफिक व्यवस्था, पेयजल, अस्थाई शिविरों, प्राथमिक चिकित्सा व एंटी स्नैक वेनम की व्यवस्थाएं देखीं और रुक-रुककर अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। कार्यों की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया गया।

बाद में नीलकंठ मैदान में प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापारियों और समाजसेवियों के साथ बैठक की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं। उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। सावन मेले के पारंपरिक स्वरूप को देखते हुए हर विभाग को जरूरी जिम्मेदारियां दी हैं। श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्ग पर एंबुलेंस, औषधियां, कंट्रोल रूम, साफ-सफाई और सीसीटीवी निगरानी जैसे प्रबंध किए जा रहे हैं।

डीएम ने संकेत दिए कि श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा जैसे आयोजन भी इस बार आकर्षण का केंद्र होंगे।

उन्होंने बताया कि सड़कों की मरम्मत, कंट्रोल रूम की स्थापना और अन्य सभी तैयारियों पर हर विभाग पूरी मुस्तैदी से जुटा है। उन्हें विश्वास है कि जनसहयोग और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से इस बार का सावन मेला दिव्य और भव्य रूप लेगा।


निरीक्षण के दौरान निर्देश देतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। साथ में एसपी संकल्प शर्मा और नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू।

### कांवड़ रूट पर ये तैयारियां जरूरी

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ रूट पर ट्रांसफार्मर व खुले तारों की जांच कर सुरक्षा प्रमाण पत्र लिया जाए। विद्युत लाइटिंग की भी सुरक्षा जांच कर रिपोर्ट सुनिश्चित की जाए। दुकानों पर रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगाई जाए। कंट्रोल रूम में अधिकारी सतर्क रहें। सीसीटीवी, खोया-पाया केंद्र, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, पार्किंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं।

### श्रद्धालुओं-कांवड़ियों को कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगीः चेयरमैन

नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू ने कहा कि श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुविधा के लिए पालिका प्रशासन के साथ वह खुद तत्पर हैं। मेले के दौरान सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों का पूरा सहयोग मिलता है। किसी को कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

### पॉलीथिन बैन की नई पहल, डीएम-एसपी ने बांटे कैरी बैग

नगर पालिका परिषद गोला की ओर से पॉलीथिन पर रोक के लिए एक नई पहल की गई। डीएम व एसपी ने नगर पालिकाध्यक्ष के साथ नगर में कैरी बैग वितरण योजना का आरंभ किया। इस दौरान उन्होंने नगर के प्रबुद्ध नागरिकों को पुन: प्रयोग योग्य थैले वितरित किए और लोगों से पॉलिथीन के प्रयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए यह सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, भाजपा नेता मोंटी गिरि, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, जिला अग्निशमन अधिकारी, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, पीडब्ल्यूडी, बिजली सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, उद्यमी एवं सभासद मौजूद रहे।

## राशन लेने गए कार्डधारक को कोटेदार के परिजनों ने पीटा

**धौरहरा, अमृत विचारः** ईसानगर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव निवासी कोटेदार के यहां राशन लेने गए कार्डधारक की कोटेदार के परिजनों ने पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव बिरसिंहपुर निवासी सोबरनलाल गौतम ने बताया कि वह राशन लेने कोटेदार सुरेश भार्गव के यहां गया था। तभी राशन कम देने पर विवाद हो गया। इससे नाराज कोटेदार के पिता भोली भार्गव और धीरज पुत्र प्रेम उससे गाली गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने विरोध किया तो दोनों ने उसे लात-घूसो व डंडे से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार गंगवार ने बताया राशन लेने के विवाद में मारपीट हुई है रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## एक नजर

### सिलेंडर में लगी आग युवक झुलसा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सिलेंडर में आग लगने के बाद एक युवक झुलस गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहिचा निवासी सर्वेश कुमार की पत्नी सुशीला देवी कुछ दिन पूर्व अपने मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने के बाद सर्वेश कुमार घर में अकेले थे। वह रोज की तरह मंगलवार सुबह रसोई में खाना बना रहे थे। बताते हैं कि इस बीच सिलेंडर में आग लग गई। इसे बुझाने का प्रयास करते वक्त सर्वेश कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। शोर पर पहुंचे आसपासस के लोगों ने बचाया। उन्हें सीएची से प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### खाद की दुकान पर छापेमारी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कृषि विभाग की टीम ने मंगलवार को छापामारी की। कई दुकानों पर पहुंचकर मशीनें और स्टॉक चेक कर मिलान किया। एडीओ दिलीप वर्मा ने घुंघचाई की कई दुकानों पर छापेमारी की और यूरिया व अन्य उर्वरकों का स्टॉक चेक किया। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि दुकानों पर स्टॉक सही पाया गया। उर्वरकों की कालाबाजारी ना हो, इसके लिए लगातार चेकिंग चल रही है।

### जेठ पर हमला करने का लगाया आरोप

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर वाहनपुर में बच्चों के विवाद को लेकर नूर बानों पत्नी जहांगीर की मंगलवार को पिटाई कर दी गई। महिला का आरोप है कि उसके जेठ ने अपने पुत्र संग मिलकर हमला किया। शोर पर जमा हुए लोगों ने उसे बचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जमुनहा गांव के श्रद्धालुओं ने कराया भंडारा

**बिझौली, अमृत विचार :** जमुनाबाद कृषि फार्म के ब्लॉक नम्बर दो में स्थित फ़क़ीरबाबा स्थान पर सदर तहसील क्षेत्र के गांव जमुनहा के श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया। भंडारा सुबह से लेकर शाम को अनवरत रूप से चलता रहा। व्यवस्था के लिये पंकज यादव, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य महेशचंद्र कनौजिया, अशोक वर्मा, प्रधान अरविंद वर्मा, राजेश वर्मा, हरीश वर्मा ,जनमेजय यादव आदि मौजूद रहे।

# बिजली समस्याः किसान नेता ने दिया ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/कुकरा

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन के नेता अमनदीप सिंह संधू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही के खिलाफ धरना देकर ज्ञापन दिया है।

किसान नेता ने ज्ञापन में कहा है कि बांकेगंज विद्युत उपकेंद्र से जुड़े फीडरों में लगातार समस्याएं आ रही हैं। रोस्टर के नाम पर अघोषित कटौती की जा रही है। 33 केवी लाइन भी बार बार खराब हो रही है। वर्कशॉप होने के बावजूद जर्जर लाइन की मरम्मत नहीं की गई। संसारपुर के नौआखेड़ा गांव में 27 जून को दो ट्रांसफार्मर जल गए। ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र बांकेगंज की मदद से ट्रांसफार्मर बदलवाए। रात भर गर्म करने के बाद भी ट्रांसफार्मर चालू नहीं हुए। तब से गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद है।


गोला में एक्सईएन को ज्ञापन देते अमनदीप सिंह संधू। ● अमृत विचार

● **जेई और लाइनमैन से कई बार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं**

जेई और लाइनमैन को कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान नेता अमनदीप संधू ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण धरने पर बैठे रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग के उपकेंद्र बांकेगंज और प्रशासन की होगी। धरने पर किसान नेता के साथ जितेंद्र पटेल, वीरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, सतीराम, रामनिवास, अजीत कुमार, अरुण कुमार, रामशंकर, देपिड वर्मा सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को सफाई के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई, जागरुकता और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित**

**अमृत विचारः** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई, जागरुकता और श्रमदान कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आसपास साफ, सफाई रखने के प्रति जागरूक किया गया।

शनिवार को अलीगंज रोड स्थित जमुनाबाद कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा है, अभियान के तहत सफाई जागरुकता हेतु श्रमदान कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कैंपस के आसपास साफ सफाई की। डॉ. सत्येंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य ध्येय अपने आसपास साफ सफाई रखकर दूसरों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना हैः। कैंपस स्थित छात्रावास और आसपास की जगह पर सफाई की गयी तथा कैम्पस को पॉलीथिन मुक्त किया गया।

स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए अधिष्ठाता ने बताया कि बच्चों जब आप दूसरों को साफ सफाई के बारे में बताओ, उसके पहले आप अपने आसपास जहां पर आप रह रहे हो वहां पर साफ सफाई करके उदाहरण प्रस्तुत करो। इस मौके पर छात्रावास अधीक्षक डॉ. आनंद कुमार पांडेय, डॉ. अरुण कुमार सहित विद्यार्थी और स्वयंसेवक मौजूद रहे

## सार-संक्षेप

### पूरनपुर में स्वामी प्रेम सुगंध का भव्य स्वागत



**पूरनपुर, अमृत विचार :** पीलीभीत मार्ग पर स्थित चैतन्य टेक्नो स्कूल में स्वामी प्रेम सुगंध का मिलन समारोह हुआ। उनके पहुंचने से पहले ही बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए और फिर स्वागत किया। उत्तराखंड की परंपरागत धुन के साथ स्वामी प्रेम सुगंध का स्वागत किया गया। इस दौरान पुष्प वर्षा की गई। तिलक वंदन और आरती की गई। कई धर्म गुरु भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अभिनेता राजपाल यादव ने स्वामी प्रेम सुगंध के साथ बीते हुए पलों को याद किया और कहा कि स्वामी प्रेम सुगंध मौन साधक है। आजकल लोग मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। प्रेम सुगंध महाराज तनाव ग्रस्त लोगों को शांति देते हैं। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, उनके पुत्र रितुराज और अन्य भाजपा नेताओं ने भी उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रेम सुगंध ने अनावश्यक विचारों को शांत करने और मौन से मिलने वाले लाभ बताए। देर रात तक भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, गुरभाग सिंह, बरखेड़ा के पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, नगरपालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, ध्रुव सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्राम चौपाल में सुनीं गईं समस्याएं



**बिझौली,अमृत विचार :** लखीमपुर सदर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सौठन में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं गईं। सौंठन के ग्राम पंचायत भवन में ग्राम प्रधान अरविंद वर्मा की अध्यक्षता में हुई ग्राम चौपाल में कई ग्रामीणों ने साफ सफाई, राशन कार्ड न बनने, आवास शौचालय आदि समस्याएं और शिकायतें दर्ज कराई, जिनका निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। चौपाल में एडीओ पंचायत गोविंद प्रसाद, ग्राम रोजगार सेवक रिंकेश त्रिवेदी, पंचायत सहायक विमल कुमार, एग्रीकल्चर से संतोष कुमार, बीट के सिपाही मौजूद रहे। राजस्व और स्वास्थ्य विभाग से कोई अधिकारी चौपाल में नहीं आया, जिससे लोगों में गुस्सा देखा गया।

### चिकित्सक और सीए दिवस मनाया, सौंपे गए शुभकामना कार्ड



**पीलीभीत, अमृत विचार :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार से बच्चे स्कूल पहुंचे। उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया और बच्चों के चेहरों पर उमंग दिखी। इस दौरान राष्ट्रीय चिकित्सक एवं सीए दिवस मनाया गया। प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा, प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बच्चों का स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने सीएमओ डॉ .आलोक कुमार, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा, डॉ. एसके अग्रवाल, डॉ. प्रांजल अग्रवाल, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. सौरभ अग्रवाल, डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ. रश्मि चौधरी, डॉ. आदित्य पांडे, डॉ. शैलेंद्र गंगवार, डॉ. जेएमएल अरोरा, डॉ. शोभा अरोरा, डॉ. भारत कंचन, डॉ. आस्था कंचन, डॉ. केएन तिवारी, डॉ .पीएन सक्सेना, डॉ. ममता सक्सेना, डॉ. तरुण सेट्ठी, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ ओजस्वी, डॉ अनुराग, डॉ. महेश चन्द्र, डॉ. उपेन्द्र नाथ मिश्रा, डॉ. नीलम, डॉ. पीयूष, डॉ. मनोज गुप्ता, , डॉ. शोभित . डॉ. शांतनु सिंह, डॉ. अमित सचान आदि को सम्मान स्वरूप कार्ड भेंट किए। वहीं सीए नेहा अरोरा, संजय अग्रवाल, रितु महाजन, मुदित, मासूम शम्सी को भी कार्ड भेंट किए गए। इस दौरान दोनों दिवसों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई।

### खाली खड़ा मिला 250 क्विंटल सरसों भरकर निकला ट्रक

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गोला से सोमवार की रात 250 क्विंटल सरसों भरकर निकला ट्रक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। ट्रक के राजापुर मंडी न पहुंचने पर तलाश की गई तो खाली ट्रक लालपुर बैरियर के पास खड़ा बरामद हुआ है। उसके चालक और सरसों का पता नहीं चल सका। पुलिस ने ट्रक मालिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी निवासी रूपेश कुमार सिंघल ने बताया कि उनका ट्रक गोला गया था। ट्रक गोला के सौरभ ट्रेडर्स से 250 क्विंटल सरसों लादकर देर रात लखीमपुर राजापुर मंडी के लिए निकला था। ट्रक अखिलेश कुमार निवासी राही थाना हरगांव सीतापुर चला रहा था। सरसों लखीमपुर की राजापुर मंडी में डालमिया ट्रेडर्स पर उतारनी थी, लेकिन मंगलवार सुबह तक ट्रक राजापुर मंडी नहीं पहुंचा। इसकी जानकारी होने पर उन्होंने जब जीपीएस देखा तो वह डिस्कनेक्ट था। कई बार कॉल करने के बाद भी चालक से संपर्क नहीं हो सका। परेशान होकर ट्रक की तलाश शुरू की। तलाश के दौरान खाली ट्रक लालपुर बैरियर के पास सड़क किनारे खड़ा मिला। ट्रक मालिक ने ड्राइवर के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# डॉक्टर की लापरवाही से किशोर के पके टांके

संवाददाता, बग्घून

**अमृत विचारः** मोहम्मदी के श्याम पांडे के पुत्र अनमोल पांडे (13) को शाहजहांपुर रोड पर किसी वाहन की टक्कर से पैर में चोट आई थी। परिवार के लोगों ने अनमोल का प्राथमिक उपचार बबौरी अस्पताल में कराया, जहां डॉक्टर ने धागा से टांका लगवा दिए। उसके बाद अनमोल को एक्सरे के लिए सीता माता प्रसाद अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर भेजा। वहां डॉक्टर प्रियंक मिश्रा ने बताया कि धागे वाले टांके से इंफेक्शन हो जाता है, पक जाते हैं। हम स्टेप्लर के टांके डालेंगे, जिनकी पूरी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने धागे वाले टांके काटकर स्टेप्लर के टांके डाल दिए और दो दिन की मेडिकल से दवा दी।

● **पीड़ित पिता ने की अधिकारियों से शिकायत**

> पीड़ित ने बाहर के मेडिकल स्टोर से दवा ली है, जबकि अन्य मरीज अस्पताल के मेडिकल से दवा ले रहे हैं। हो सकता है कि बाहर की दवा ने काम न किया हो, जिससे दिक्कत हुई है।
> -डॉ. प्रियंक मिश्र, मोहम्मदी।

उसके बाद तीन दिन की दवा पर्चा पर लिख दी तो पीड़ित ने उनके मेडिकल से दवा न लेकर अन्य मेडिकल से दवा ले ली। लेकिन टांके पक आने पर पुनः दिखाने गये तो डॉक्टर ने तानाशाही दिखाते हुए कहा कि मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है दवाई बाहर से ले रहे हो और बहस करने लगे। पीड़ित पिता ने अधिकारियों को पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## छेड़छाड़ के आरोपी को पांच साल कारावास, जुर्माना

**पीलीभीत, अमृत विचारः** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट त्रिभुवन नाथ पासवान ने छेड़छाड़ के एक मामले में आरोपी दियोरिया कलां क्षेत्र के रहने वाले रामस्वरूप कश्यप के पुत्र अशोक कुमार को दोषी पाकर सजा सुनाई। कोतवाली दियोरिया कलां में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि 11 दिसंबर 2017 की दोपहर करीब दो बजे आरोपी अशोक कुमार ने 15 वर्षीय बालिका को उसके घर में पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आरोपी ने तमंचा दिखाते हुए धमकी दी। इसके बाद भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट त्रिभुवन नाथ पासवान ने आरोपी को दोषी पाकर पांच वर्ष सश्रम कारावास और 32 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# पत्नी ने लगाई फांसी, उसी कुंडे से लटक कर पति ने दी जान

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचारः** थाना सिंगाही के गांव करदहिया निवासी एक युवक ने सोमवार रात कमरे में उसी कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसमें शनिवार की रात पत्नी ने फांसी लगाई थी।

ग्राम पंचायत तकिया पुरवा के मजरा करदहिया निवासी प्रवीण (27) की पत्नी शिल्पी (25) ने 29 जून को में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पत्नी की मौत के बाद से प्रवीण बेहद परेशान था। सोमवार रात वह घर के बरामदे में लेटा था, पूरा परिवार जब सो गया तो उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात करीब 11 बजे प्रवीण की मां दयावंती की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि बेटा चारपाई से गायब है। आशंका होने पर उन्होंने पति रामसनेही को जगाया और पूरा परिवार प्रवीण की तलाश करने लगा। इस दौरान परिवार के लोग उस कमरे में पहुंचे जहां शिल्पी ने आत्महत्या की थी तो देखा कि प्रवीण का शव भी उसी कमरे में फंदे से लटका था। यह देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। मोहल्ले के लोग भी एकत्र हो गए। एसओ अजीत कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को उतारवाया और छानबीन की। मृतक प्रवीण की मां दयावंती ने आरोप लगाया कि शिल्पी की मौत के बाद उसके परिजन समझौते के बदले छह बीघा जमीन और रुपये मांग रहे थे। ऐसा न करने पर पुत्र व परिवार के अन्य लोगों को जेल भिजवाने की धमकी दे रहे थे। इसी तनाव में पुत्र प्रवीण ने आत्महत्या की है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

● **पत्नी की मौत के बाद बेहद परेशान था प्रवीण**

## यूरिया वितरण के दौरान मची अफरा-तफरी

**मितौली, अमृत विचारः** क्षेत्र में कई दिनों से यूरिया किल्लत बनी हुई थी। इससे किसान काफी परेशान थे। मंगलवार को यूरिया के आने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में किसानों की भी किसान सेवा सहकारी समिति पर उमड़ पड़ी। इससे यूरिया वितरण के दौरान अफरा तफरी मच गयी। भीड़ के कारण वितरण व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस बुलाई गई। पुलिस ने मोर्चा संभाल कर स्थिति को काबू में किया। किसानों को लाइन में खड़ा कर कर व्यवस्थित तरीके से यूरिया का वितरण शुरू कराया। सचिव अर्चना सिंह ने बताया बीते 600 बोरी यूरिया आई थी, जो मंगलवार को वितरण के साथ खत्म हो गई। 600 बोरी यूरिया की डिमांड लगी है। देर शाम तक खाद समिति पर पहुंचने की उम्मीद है।

# राज्यमंत्री व डीएम ने ब्रह्मचारी घाट के परखे हालात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ब्रह्मचारी घाट पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर इन दिनों मामला गरमाया हुआ है। मानसून की दस्तक के बाद आधे -अधूरे कार्य को लेकर शिकायतें भी की जा रही हैं। इसी बीच राज्यमंत्री और डीएम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को देखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह मंगलवार शाम ब्रह्मचारी घाट पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। सौंदर्यीकरण कराने के साथ ही बरसात के दिनों में देवहा नदी के कटान को रोकने के लिए निरीक्षण कर हालात परखे गए। अब तक कराए गए कार्यों को देखा। अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खंड को ब्रह्मचारी घाट पर कटान को रोकने के लिए आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए। ताकि कटान को रोका जा सके। उन्होने कहा कि ब्रहमाचारी घाट पर घाट का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय निर्माण कार्य, सड़क निर्माण समेत अन्य व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने अधिशासी अभियन्ता को ब्रहमचारी घाट पर घाट के निर्माण के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे घाट पर गंगा आरती शुरू की जा सके। निरीक्षण के दौरान देवहा नदी के जलस्तर के बारे में भी जानकारी की गई। इसके साथ ही डीएम ने कार्यदायी संस्था से दूरभाष पर वार्ता की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड आशुतोष कुमार, सहायक अभियन्ता प्रथम सचिन कुमार, जूनियर इंजीनियर रक्षपाल सिंह, राजीव, हारून, पंकज कश्यप आदि मौजूद रहे।


ब्रह्मचारी घाट का निरीक्षण करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

● **कटान रोकने के लिए कार्य कराने के दिए निर्देश**

## ब्लाक के पास मेडिकल स्टोर से नकदी व सामान चोरी

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** मेडिकल स्टोर में चोरी हो गई। दूसरे दिन दुकान खोलने पहुंचने पर व्यापारी को घटना का पता चला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बे के वार्ड नंबर एक के निवासी तेज बहादुर का पीलीभीत बीसलपुर मुख्य मार्ग पर विकास खंड कार्यालय के सामने मेडिकल स्टोर संचालित है। सोमवार रात दस बजे वह मेडिकल स्टोर बंद करके घर आ गए। इसके बाद किसी वक्त चोर दुकान के ऊपर बने कमरे में शटर लगा न होने के चलते घुस गए। वहां से नीचे वाले रास्ते पर लगे दरवाजे की कुंडी खोली और 20 हजार रुपये व दवाएं चोरी कर ली। दूसरे दिन पहुंचने पर जानकारी हुई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की।

# मानसून की पहली बारिश में खुली सफाई की पोल

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचारः** बारिश के सीजन की पहली बारिश ने ग्राम पंचायतों में हुए विकास की पोल खोलकर रख दी है। सोमवार को हुई बारिश ने जहां किसानों, पशु-पक्षियों को बड़ी राहत पहुंचाई तो ग्राम पंचायतों के कर्मचारियों और अधिकारियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

सरकार के लाखों रुपये खर्च कर प्रत्येक ग्राम पंचायतों में विकास कार्य किए गए, जो धरातल पर दिखाई नहीं दिए, जिससे नालियां चोक होने से पानी और कीचड़ सड़कों पर भर गया। प्रत्येक गांव में सरकार की ओर से सफाईकर्मी तैनात है। किंतु सफाई कार्य सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। भल्लिया बुजुर्ग, सेमरई, अगौना, जलालपुर, केशवापुर, खम्हौल सहित लगभग सभी गांवों में एक जैसी ही स्थिति है। सेमरई में मेन रोड पर स्कूल के पास नालियों का पानी और कीचड़ भरा होने से स्कूल जाने वाले बच्चे परेशान होते हैं।


सेमरई में मेन रोड पर भरा नालियों का पानी और कीचड़।

● **सड़कों पर भरा नालियों का गंदगीयुक्त पानी, कागजों में बह रही विकास की गंगा**

# पिता और सौतेले भाई को कार से कुचल कर मार डाला

## जमीन को लेकर दोनों पक्षों में चल रहा था विवाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह करीब 10:30 बजे जमीन के विवाद में युवक ने बाइक सवार अपने पिता और सौतेले भाई को कार से कुचल कर मारा डाला। वारदात के बाद आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम अलगनी निवासी नन्हे (65) ने दो विवाह किए थे। वह अपने बेटे मिश्रयार (35) के साथ मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे बाइक से गांव से फरीदपुर जा रहे थे। आरोप है कि पहले से मौके की तलाश में घूम रहे नन्हे की दूसरी पत्नी के बेटे मकसूद ने ढकनी खुदागंज रोड पर निकट संत कबीर डिग्री कॉलेज के पास सामने अपनी इको कार से मिश्रयार की बाइक में से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की मिश्रयार और उनके पिता नन्हे उछल कर 20 मीटर दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मकसूद ने अपनी कार से पिता-पुत्र को दोबारा से रौंदा, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों की भीड़ आता देख आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## केदारनाथ से लौटते समय युवक की हादसे में मौत, साथी घायल

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर के मढ़ीनाथ निवासी हीरालाल ने बताया कि उनका बेटा राहुल (24) अपने दोस्त अनुराग और तीन अन्य दोस्तों के साथ बाइक से केदारनाथ और बद्रीनाथ के लिए गए थे। पांचों दोस्त अपनी-अपनी बाइक से रविवार शाम 4 बजे ऋषिकेश से बरेली के लिए निकले। जिस बाइक से राहुल आ रहा था, उसे अनुराग चला रहा था। रास्ते में मीरगंज में सिंधौली चौराहा के पास रात करीब 11 बजे तेज गति से आ रहे ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक एक ओर जाकर गिर गई, ट्रक ने राहुल को कुचल दिया, उसकी मौत हो गई।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष कैद

**बरेली :** किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी सीबीगंज क्षेत्र निवासी आसिफ अंसारी को कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाया। उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## दीवार गिरी छात्र की मौत

**बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव अहीर गौंटिया में देवेंद्र कच्चे मकान में रहते हैं। वह मंगलवार सुबह घर में मौजूद थे। इसी बीच तेज बारिश की वजह से अचानक एक दीवार भरभराकर गिर पड़ी। दीवार के पास में ही खेल रहा उनका 15 वर्षीय बेटा मोहित दब गया और उसकी मौत हो गई।

## बरेली कालेजः 4 को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहली मेरिट जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रवेश समिति पहली मेरिट 4 जुलाई को जारी कर सकती है। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को दो दिन प्रवेश का मौका दिया जाएगा। मेरिट कॉलेज की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर जारी की जाएगी। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने महाविद्यालयों को 15 जुलाई तक प्रवेश सुनिश्चित कर सीट लॉक करने की तिथि तय की है। प्रवेश समिति की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि मेरिट लिस्ट के आधार पर 5 और 6 जुलाई को दाखिला प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। विद्यार्थियों को तय तारीख के भीतर दस्तावेज सत्यापन, फीस जमा करने समेत सभी प्रवेश औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। इसके बाद प्रथम मेरिट के लिए प्रवेश की सुविधा समाप्त कर दी जाएगी। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्र-छात्राओं का नाम पहली सूची में नहीं आएगा, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। सीटों के शेष रहने पर दूसरी और तीसरी मेरिट सूची भी जारी की जाएगी, लेकिन पहली सूची में चयनित छात्रों को यह मौका नहीं गंवाना चाहिए। समिति ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने सभी मूल प्रमाणपत्र, अंकपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो आदि पहले से तैयार रखें ताकि प्रवेश के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## रुहेलखंड विवि में कृषि, बायो इन्फॉर्मेटिक्स में प्रवेश शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय और जीवन विज्ञान संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। कृषि संकाय में चार वर्षीय बीएससी ऑनर्स कृषि पाठ्यक्रम की 120 सीटें हैं। इसमें प्रवेश के लिए योग्यता इंटरमीडिएट (कृषि विज्ञान/पीसीबी/पीसीएम/ पीसीएमबी ) होना अनिवार्य है। इसका वार्षिक शुल्क 40,000 रुपये है। वहीं एमएससी कृषि एग्रोनॉमी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग और हॉर्टिकल्चर के प्रत्येक विषय में 30 सीटें है। इसके लिए वार्षिक शुल्क 50,000 रुपये है। वहीं, जीवन विज्ञान संकाय के कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एवं बायो इन्फॉर्मेटिक्स विभाग में एमएससी बायो इन्फॉर्मेटिक्स पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।

## पालतू कुत्ते ने दो बच्चों और पिता पर किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के रूपपुर पैगा गांव में घर में खेलते समय दो बच्चों पर पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चों के चीखने की आवाज सुनकर पिता बचाने पहुंचे तो कुत्ते ने उनपर भी हमला कर दिया। तीनों को मंगलवार को जिला अस्पताल में एंटी रैबीज सीरम लगाई गई। फारूख ने बताया कि सोमवार को दोपहर में उनका डेढ़ वर्षीय बेटा कासिम और तीन वर्षीय बेटी माहेनूर आंगन में खेल रहे थे और पास में ही उनका पालतू कुत्ता भी सो रहा था, लेकिन अचानक बच्चे की रोने की आवाज आई तो उन्होंने कमरे से देखा कि कुत्ता बच्चों पर हमलावर है। वह तुरंत दौड़कर पहुंचे और बच्चों को बचाने लगे कि तभी कुत्ते ने उनके हाथ पर भी काट लिया। परिजन तीनों को स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां वैक्सीन लगाई गई लेकिन बच्चे के गंभीर घाव होने पर एंटी रैबीज सीरम लगाने की सलाह देकर जिला अस्पताल भेजा गया। जहां तीनों को मंगलवार को एंटी रैबीज सीरम लगाया गया।

## जमा हुई फीस अब सीट लॉक होने का इंतजार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीएससी गणित में प्रवेश लेने वाले छात्रों की फीस जमा करने के बाद भी सीट लॉक नहीं हो रही है। अब तक प्रवेश लेने वाले 130 विद्यार्थियों की सीट लॉक नहीं हुई है। इससे विद्यार्थी परेशान हैं, क्योंकि उन्हें आशंका है कि कहीं तकनीकी कारणों की वजह से उनका प्रवेश अटक न जाए। बरेली कॉलेज में बीएससी गणित की 880 सीटें हैं। इसके सापेक्ष अब तक करीब 700 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। पहली मेरिट सूची के बाद से ही विद्यार्थियों ने फीस जमा करना शुरू कर दिया था लेकिन सीट लॉक होने की प्रक्रिया में देरी के चलते छात्रों को न तो कोई पुष्टिकरण संदेश मिला है और न ही पोर्टल पर उनका एडमिशन स्टेट्स स्पष्ट हुआ है। छात्रों का कहना है कि फीस जमा करने के बाद भी यदि सीट लॉक नहीं होती तो आगे की प्रक्रिया जैसे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और कक्षा प्रारंभ होने में बाधा आ सकती है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि सीट लॉक की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होती है और यह विश्वविद्यालय स्तर पर नियंत्रित है। कभी-कभी तकनीकी कारणों से इसमें देरी हो जाती है, लेकिन सभी विद्यार्थियों की सीटें समय पर लॉक कर दी जाएंगी और उन्हें इसकी सूचना पोर्टल व एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। बरेली कालेज प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने विद्यार्थियों को सलाह दी जा रही है कि वे घबराएं नहीं और पोर्टल पर नियमित रूप से अपनी स्थिति जांचते रहें।

## अश्लील फोटो लेने के बाद दोस्त ने किया ब्लैकमेल :

**बरेली अमृत विचार :** युवती से दोस्ती करने के बाद युवक ने उसके अश्लील फोटो खींच लिए। जब युवती की रिश्ता तय हुआ तो आरोपी फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा और जहां रिश्ता तय हुआ है, वहां भी कॉल करके बदनाम कर रहा है। पीड़िता के भाई ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिठौली विकास खंड इस्लामनगर, बदायूं**

दिनांक: 30.06.2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गौशाला सिठौली विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 05.07.2025 को दोपहर 2 बजे पंचायत घर पर की जायेगी।

सचिव प्रधान

**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दोई विकास खंड इस्लामनगर, बदायूं**

पत्रांक: निविदा/विज्ञप्ति/2025-26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक: 01.07.2025

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त, योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत चन्दोई विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 04-07-2025 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। व इस दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. धनराशि |
|---|---|---|
| 01. | आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत/लार्निंग लैब निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |

प्रधान सचिव

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती चमन बी पत्नी श्री आमिर खान निवासी वार्ड नं. 2 मो. साहूकारा कस्बा व तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड से जगदीश सिंह पुत्र श्री मैकूलाल निवासी ग्राम नौरंगाबाद परगना पूरनपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत के एक प्लाट को खरीदने हेतु ऋण ले रही है जो कि प्लाट नम्बर एस-03 व एस-04 है जो गाटा संख्या 94 का अंश भाग है जिसका क्षेत्रफल 74.32 वर्गमीटर है स्थित ग्राम आरंगाबाद ज. पूरनपुर परगना व तहसील व जिला पीलीभीत जिसकी चौहद्दी पूरब-मुझा रोड 20 फिट चौड़ी, पश्चिम-प्लाट नम्बर एस-50, उत्तर- रास्ता 19 फिट चौड़ा, दक्षिण- प्लाट नम्बर एस-02 है, को बंधक कर ही है। उक्त ऋण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से दस्तावेजों साक्ष्यों सहित, सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता हैं। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**सौरभ रस्तोगी एडवोकेट**
**सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, पीलीभीत**
**मो. नं. 9897044367**
**ई-मेल** srastogi.lawyer@gmail.com
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**आधार हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड**

**कार्यालय सहायक अभियन्ता चतुर्थ रूहेलखण्ड नहरखण्ड, फरीदपुर, बरेली**

पत्रांकः-293/स0अ0-चतुर्थ/नीलाम/ दिनांकः-24.06.2025

नीलामी सूचना शिकार मछली ग्रेम डाम वर्ष 2025-26 एक वर्ष हेतु।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ उपखण्ड फरीदपुर, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली के अन्तर्गत ग्रेम डाम की मछली की नीलामी वर्ष 2025-26 (एक वर्ष) हेतु दिनॉक 05.07.2025 को स्थान कार्यालय, सहायक अभियन्ता चतुर्थ फरीदपुर, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली पर समय 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता एंव उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि द्वारा की जायेगी। इच्छुक खरीद्दार ग्रेम डाम की स्थिति नीलामी से पूर्व देख सकते है। नीलामी की निर्धारित धरोहर धनराशि रू0 8000.00 जमा करना अनिवार्य है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, सहायक अभियन्ता चतुर्थ फरीदपुर, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली में देख सकते हैं।

UP – 235456 **दिनांक:** 30/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

सहायक अभियन्ता चतुर्थ
रूहेलखण्ड नहरखण्ड, बरेली

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा), बरेली**

पत्रांक: 688/लेखा/निविदा/क्षेत्र निधि/2025-26 **निविदा सूचना** दिनांक: 01.07.2025

एतद्द्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग जिला पंचायत, राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड भुता (कुआडांडा), बरेली को प्राप्त विधानमण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तगत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य के निर्माण हेतु (आइटम रेट) पर सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदायें दिनांक 22.07.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक विकास खण्ड भुता (कुआंडांडा), मुख्यालय बरेली में रखे निविदा बॉक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिनांक 22.07.2025 अपरान्ह 15:00 बजे निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रूप से गठित कमेटी के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | माप मी. | स्वीकृति धनराशि (जी.एस.टी. सहित लाख रूपये में) | निविदा शुल्क व जी.एस.टी. | धरोहर धनराशि | पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगीरामपुर में महेला वरूआ रोड से गंगवार डेरी से पूरव चकमार्ग पर इण्टरलॉकिंग | 200 | 9.912 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 2. | गुलडिया में गांव के दक्षिण शौचालय से कुलदीप शर्मा तक खडंजा | 440 | 9.994 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 3. | ए.पी.ओ. पंचायत के कार्यालय के सामने ग्राउन्ड में इण्टरलॉकिंग | 31X21 | 9.991 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 4. | महेशपुर में गांव के पूरव मढ़ी से पूरव खडंजा | 200 | 4.039 | 800 | 8078 | 90 दिन |
| 5. | भवनपुर वरूआ नवादा रोड मेजर सिंह के ट्यूववेल तक इण्टरलॉकिंग | 200 | 9.925 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 6. | रावलकला में रक्षपाल सिंह के खेत से सतनाम सिंह के झाला तक खडंजा निर्माण कार्य। | 440 | 9.979 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 7. | भवनपुर निमतुल्ला में रामदास फौजी के घर से आसिफ हुसैन के घर तक इण्टरलॉकिंग | 142 | 9.950 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 8. | भवनपुर नियामतुल्ला में अम्बेडकर पार्क की बाउन्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य। | 196 | 9.991 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 9. | विकास खण्ड की विभिन्न स्थानों (मनकापुर, सिमरा कैशोपुर पंचायत घर पर, जी.टी.आर. कॉलेज गजनेरा पर आर.ओ. की स्थापना) | 3 | 9.977 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 10. | अदीनापुर में गज्जु सिंह प्रधान के घर तक इण्टरलॉकिंग | 140 | 8.496 | 1500 | 16992 | 90 दिन |
| 11. | पदारथपुर में पंचायत घर से नाले तक खडंजा | 440 | 9.994 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 12. | भगवन्तापुर में गांव से उत्तर नहर रोड तक खडंजा | 440 | 9.991 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 13. | दौलतपुर में निर्मल सिंह के झाला तक खडंजा शेष भाग | 44 | 9.985 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 14. | उदयपुर भीकमपुर में गांव से नहर तक खडंजा | 440 | 9.994 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 15. | पटना में मुख्यमार्ग से कढ़ेराम के घर तक इण्टरलॉकिंग | 165 | 9.989 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 16. | खटेली में वीरेशपाल के घर से सूरजपाल के घर तक इंटरलॉकिंग। | 150 | 9.983 | 1500 | 20000 | 90 दिन |

1. निविदा प्रपत्र का शुल्क बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार होगा जो खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआंडाडा) के पक्ष में देय होगा 2. समस्त ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. रजि. एवं पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी 3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा। 4. निविदा को स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रूपये 100/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र व 10/- स्टाम्प पेपर पर 90 दिन वेलिडिटी निविदा के साथ संलग्न करना होगा। 6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपखनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषय भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश संख्या 3885/65-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। 7. पंजीकृत ठेकेदारों को ठेका दिये जाने के पश्चात् कभी भी संज्ञान में आता है। कि ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों में असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है। तो उस प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम अधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 8. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 9. निविदा फार्म क्रय किये जाने सामग्री से सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा) बरेली से दिनांक 02.07.2025 से दिनांक 22.07.2025 मध्यान्ह 12:00 बजे तक निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। 10. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा) बरेली के पक्ष में बन्धक हो मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है तथा 5 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (पं.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो निविदा स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध के समय जमा करनी अनिवार्य होगी जो कि कार्य समाप्ति के बाद कार्य की गुणवत्ता ठीक होने पर एक वर्ष उपरानत वापस की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा), बरेली** **ब्लाक प्रमुख, भुता (कुआडांडा), बरेली**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर**

पत्रांक : 225/न0पा0परि0सुल0/2025-26 दिनांक - 30-06-2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक-15-7-25को सायं 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनांक 14-7-25 तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/डी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ-साफ शब्दों एवं अंको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियाॅ किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी0एस0टी सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड गभड़िया में कब्रिस्तान के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 3,17,343.00 | 3,74,465.00 | 31,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 2 | नगर पालिका परिषद सुलतानपुर परिसर में स्थित अवर अभियन्ता के पास व कर अधीक्षक के आवास की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 2,80,347.00 | 3,30,811.00 | 28000.00 | 500+90 | 01 माह |
| 3 | वार्ड शास्त्रीनगर में रमेश जायसवाल के बाउण्ड्रीवाल से भरत जी सोनी के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क व कबर्ड नाली निर्माण कार्य। | 3,67,216.00 | 4,33,316.00 | 36,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 4 | वार्ड सिविल लाइन में सचिन शुक्ला के घर से चन्द्रशेखर शुक्ला के घर तक नाली व इंटरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 2,14,229.00 | 2,52,791.00 | 21,400.00 | 500+90 | 01 माह |
| 5 | नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में डूडा कार्यालय की रंगाई पुताई एवं मरम्मत कार्य। | 4,28,730.00 | 5,05,900.00 | 42,900.00 | 500+90 | 01 माह |
| 6 | वन विभाग पुलिया से अच्छेलाल के घर तक आर0सी0सी0 नाला के अवशेष भाग का निर्माण कार्य। | 2,88,148.00 | 3,40,015.00 | 28,800.00 | 500+90 | 01 माह |
| 7 | वार्ड घासीगंज में अलका मिश्रा के मकान से बजरंग बहादुर के घर तक इं0ला0 सड़क व कबर्ड नाली निर्माण कार्य। | 2,48,795.00 | 2,93,578.00 | 24,900.00 | 500+90 | 01 माह |
| 8 | वार्ड गभड़िया में लोकनाथ वर्मा की दुकान से सोनी के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 4,37,069.00 | 5,15,742.00 | 43,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 9 | वार्ड सिविल लाइन में गोपालदास पुल के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 3,20,581.00 | 3,78,285.00 | 32,000.00 | 500+90 | 01 माह |
| 10 | वार्ड सिविल लाइन में गोपालदास पुल के पास सीढ़ी निर्माण कार्य। | 8,39,855.00 | 9,91,029.00 | 84,000.00 | 800+144 | 01 माह |

(लाल चन्द्र सरोज)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

(प्रवीन कुमार अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

**कार्यालय उप जिलाधिकारी, दातागंज (बदायूं)**

पत्रांक: 243/मत्स्य आखेट/2025-26 दिनांक: 01.07.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-1/2019/33/1-2-2019 (रिट)/2018 दिनांक 10.01.2019 तथा शासनादेश संख्या: 97(1)/ सत्रह-म-/1-2024 दिनांक 19.01.2024 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में तहसील दातागंज (बदायूं)के क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी के पांच खण्डों तथा रामगंगा नदी के 10 खण्डों में मत्स्य आखेट करने हेतु नीलामी उप जिलाधिकारी दातागंज की अध्यक्षता में दिनांक 24.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तहसील सभागार दातागंज (बदायूं) में की जायेगी। खण्डों का ठेका न हो पाने की दशा में उक्त नीलामी प्रत्येक वृहस्पतिवार को होगी। इच्छुक मत्स्य जीवी सहकारी समितियां जो मत्स्य विभाग से पंजीकृत हैं उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। उक्त नीलामी शासनादेश में दी गयी शर्तो के अन्तर्गत की जायेगी। सूचनीय है कि प्रत्येक 5.00 कि.मी. के खण्ड में शिकारमाही की नीलामी हेतु न्यूनतम मूल्य रू. 56250.00 मत्स्य आखेट समिति दातागंज के द्वारा निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तो के लिये कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कमरा नं.-325, विकास भवन बदायूं (मो. नं. 9454358880) में किसी भी कार्यालय दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य/**
**सचिव, मत्स्य आखेट समिति, तहसील दातागंज**
**जनपद-बदायूं**

**कार्यालय उप जिलाधिकारी, सहसवान (बदायूं)**

पत्रांक: 242/मत्स्य आखेट/2025-26 दिनांक: 01.07.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-1/2019/33/1-2-2019 (रिट)/2018 दिनांक 10.01.2019 तथा शासनादेश संख्या: 97(1)/ सत्रह-म-/1-2024 दिनांक 19.01.2024 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में तहसील सहसवान (बदायूं) के क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी के 2 खण्डों में मत्स्य आखेट करने हेतु नीलामी उप जिलाधिकारी सहसवान (बदायूं) की अध्यक्षता में दिनांक 22.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तहसील सभागार सहसवान (बदायूं) में की जायेगी। खण्डों का ठेका न हो पाने की दशा में उक्त नीलामी प्रत्येक मंगलवार को होगी। इच्छुक मत्स्य जीवी सहकारी समितियां जो मत्स्य विभाग से पंजीकृत हैं उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। उक्त नीलामी शासनादेश में दी गयी शर्तो के अन्तर्गत की जायेगी। सूचनीय है कि प्रत्येक 5.00 कि.मी. के खण्ड में शिकारमाही की नीलामी हेतु न्यूनतम मूल्य रू. 56250.00 मत्स्य आखेट समिति सहसवान के द्वारा निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तो के लिये कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कमरा नं.-325, विकास भवन बदायूं (मो. नं. 9454358880) में किसी भी कार्यालय दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य/**
**सचिव, मत्स्य आखेट समिति, तहसील सहसवान**
**जनपद-बदायूं**

## एक नजर

### ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन आज

अमृत विचार, लखनऊ : ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। राजधानी समेत प्रदेश भर में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर विरोध सभा होगी, जबकि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 9 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में प्रदेश में एक लाख बिजली कर्मी सड़क पर उतरेंगे। निजीकरण का टेंडर होने पर जेल भरो आंदोलन को धार देने के लिए मंगलवार को संघर्ष समिति व जूनियर इंजीनियर्स संगठन के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजलीघर में आम सभा की।

### 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की बढ़ी संख्या

अमृत विचार, लखनऊ : श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा जारी की गई ताजा के परफारमेंस इंडिकेटर (केपीआई) रिपोर्ट में साफ हो गया है कि यूपी में निवेश व उद्यमिता को नया आयाम मिल रहा है। 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की संख्या बढ़ी है। कई क्षेत्रों में लक्ष्य से अधिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। श्रमायुक्त संगठन उत्तर प्रदेश से संबंधित केपीआई-1 में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार, पंजीकृत कारखानों की संख्या का लक्ष्य 3600 था, जिसके सापेक्ष 3644 कारखानों का पंजीकरण हुआ है, जो 101.22 फीसदी उपलब्धि को दर्शाता है।

# शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम : राष्ट्रपति

## द्रौपदी मुर्मु ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का किया लोकार्पण, महिला छात्रावास का भी शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। राष्ट्रपति ने वन महोत्सव के तहत यहां भी रुद्राक्ष का पौधा रोपा, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नए महिला छात्रावास का शिलान्यास कर सबसे अधिक खुशी हो रही है। शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, इसलिए यह कदम नारी सशक्तिकरण की दिशा में अमूल्य पहल है।

राष्ट्रपति ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरित सभी संस्थानों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना प्रसारित होती है। लगभग 700 वर्ष पहले महाराणा प्रताप ने राष्ट्रगौरव के लिए त्याग और पराक्रम का जो आदर्श प्रस्तुत किया था, वह देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। आशा जताई कि इस विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रोफेशनल एजुकेशन पर आधारित उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिकता तथा राष्ट्रप्रेम के आदर्शों को अपने आचरण में ढालेंगे। कहा कि नए पंचकर्म केंद्र से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो पाएंगे।

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री व कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. संजय निषाद, कुलपति डॉ. सुरेंद्र सिंह, गैलेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### देश के लिए प्रेरक उदाहरण है एमजीयूजी : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एमजीयूजी की चार साल से भी कम समय की उत्कृष्ट प्रगति की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि नाथपंथ के प्रवर्तक की तपोभूमि पर यह विश्वविद्यालय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का संगम बनकर उभर रहा है। यह विश्वविद्यालय केवल पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधाओं के क्षेत्र में भी कार्य कर रहा है। यह पूरे देश के लिए प्रेरणा की बात है।

### सेवा भावना को साकार कर रहा एमजीयूजी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद की संस्थाएं अपने संस्थापकों की भावनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप राष्ट्र प्रथम के भाव से सेवा कार्य कर रहीं हैं। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी परिषद की इसी भावना को उच्च शिक्षा और चिकित्सा के सेवा क्षेत्र में साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 1932 में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने शैक्षिक रूप से इस पिछड़े क्षेत्र में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। आजादी के बाद पहला विश्वविद्यालय स्थापित करने में इसी शिक्षा परिषद का योगदान रहा। आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की 52 से अधिक संस्थाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक कल्याण के क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की सेवा भावना को साकार कर रहीं हैं।

## 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' की शुरुआत करें : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किसानों से 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' अभियान की शुरुआत करने की अपील करते हुए कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के किसान औषधीय पौधों की खेती कर कमाई कर सकते हैं। सुझाव दिया कि एक गांव में एक तरह के औषधीय पौधे लगाए जाएं तो दूसरे गांव में दूसरे तरह के।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में राज्यपाल ने अपील की कि आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिये होम्योपैथ और आयुर्वेद की हानिरहित दवाएं लोगों तक पहुंचाई जाए। इसमें डॉक्टरों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को भी बड़ी भूमिका निभानी होगी। आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह को आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के. रामचंद्र रेड्डी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, सांसद रविकिशन शुक्ल, स्थानीय विधायक महेंद्रपाल सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आयुष विवि हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन : योगी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और अति विशिष्ट अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का स्वागत करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन बनेगा।

योगी ने कहा कि नवनाथ और चौरासी सिद्धों की परंपरा से आयुर्वेद का रस शास्त्र जुड़ा है। उन्होंने कहा कि 2014 के पूर्व भारत की आरोग्यता की प्राचीन पद्धतियों, सुविधाओं को वैश्विक मान्यता नहीं मिल पाई थी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथ, नेचुरोपैथी, सिद्धा को मिलाकर आयुष मंत्रालय बनाया और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को नया मंच दिया।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पीएम मोदी की प्रेरणा से सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए बनाया गया उत्तर प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है। लोकार्पण के साथ अब इस विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी। लोगों को आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, योग, नेचुरोपैथी, सिद्धा आदि विधाओं की चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय आयुष के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बड़े केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ेगा।

### राष्ट्रपति ने की वन महोत्सव की शुरुआत

देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहली से सात जुलाई तक चलने वाले 'वन महोत्सव-2025' की मंगलवार को शुरुआत की। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। राष्ट्रपति ने पौधों के संरक्षण पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति ने यहां जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# नहीं रुकेगी बिटिया की पढ़ाई, योगी ने दिया भरोसा

## गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलने आई पंखुड़ी ने कहा- फीस देने में हो रही दिक्कत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा- खूब पढ़ो बिटिया, फीस की व्यवस्था हम करेंगे

अमृत विचार : कक्षा-7 की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी, लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही सभी बाधाएं दूर हो गईं। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा-7 में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा-12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान छात्रा पंखुड़ी से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्राथमिकता है।

# दिव्यांगों को नगर निकायों की दुकानों में मिलेगा आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुनर्वास योजना के तहत दिव्यांगजनों को मिलेगा दुकान संचालन का मौका

अमृत विचार : राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने नगर निगमों और नगर पंचायतों में बनने वाली दुकानों और कीयोस्क में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण लागू करने का फैसला लिया है। इस पहल के तहत नगर निगम और सूडा (राज्य शहरी विकास प्राधिकरण) को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुनर्वास योजना के तहत दुकानों का आवंटन प्राथमिकता से दिव्यांगजनों को करें।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा में अपने कार्यालय में नगर निगम और सूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस योजना को जमीन पर उतारने के दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानों और कीयोस्क का आवंटन निर्धारित आरक्षण नीति के तहत किया जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र दिव्यांगजनों तक जानकारी पहुंचाई जाए।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बैठक में जोर देकर कहा कि नगर निगम और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संयुक्त रूप से एक नई योजना का प्रस्ताव तैयार करें, जिसके तहत शहरों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से दुकानें बनाई जाएं और उन्हें संचालन का अवसर प्रदान किया जाए। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के तहत 1318 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 199 दिव्यांगजनों को 19.90 लाख रुपये व्यय कर लाभान्वित किया जा चुका है।



लखनऊ में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत करते सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

## सूचना निदेशालय में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने मंगलवार को पं. दीनदयाल सूचना परिसर के मीटिंग हॉल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत की। यहां उन्होंने कहा कि इस नई पहल से न केवल प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी बल्कि समय की भी बचत होगी तथा विभागीय कार्यों में दक्षता और गति आएगी। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी संजय कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दुग्ध उपार्जन में 40 प्रतिशत की वृद्धि

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा कर दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में बीते जून महीने में दुग्ध उपार्जन प्रतिदिन 3.57 एलकेजीपीडी के साथ बीते वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। औसत तरल दुग्ध विक्रय प्रतिदिन 1.86 एलएलपीडी रहा है। दुग्ध संघ द्वारा 6295 दुग्ध समितियों में भ्रमण कर उत्पादन क्षमताओं और व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की गई।

पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने राज्य में दुग्ध उत्पादन की स्थिति साझा करते हुए मंगलवार को यहां विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी समितियां बंद न होने पाएं, अक्रियाशील समितियों को क्रियाशील किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा दुग्ध समितियों का भ्रमण एवं अनुश्रवण निरंतर किया जाए और निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जहां कहीं कोई कमी या समस्या हो उसका निराकरण किया जाए और शासन को अवगत कराया जाए। दुग्ध मूल्य का भुगतान समय पर कराया जाए। किसानों एवं पशुपालकों का हित राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक वैभव श्रीवास्तव, विशेष सचिव, दुग्ध विकास, रामसहाय यादव, दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्र, पीसीडीएफ के अधिकारी तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### पराग के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग पर दें ध्यान

धर्मपाल सिंह ने कहा है कि पराग के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए और उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। पराग के उत्पाद उपभोक्ताओं को आसानी से उपलब्ध हो सकें। पराग की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग को बेहतर किया जाए और इसके लिए मार्केटिंग के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए। किसानों एवं पशुपालकों के लिए समय-समय पर विशेष रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएं, ताकि उनको दुग्ध क्षेत्र में हो रहे नवीन शोधों एवं तकनीकों की जानकारी हो सके और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो।

### शिक्षकों की नियुक्ति में एनएफएस व्यवस्था खत्म करने का उच्च शिक्षा मंत्री से आग्रह

अमृत विचार, लखनऊ : उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में व्याप्त 'नॉट फाउंड सूटेबल' (एनएफएस) की व्यवस्था पर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने चिंता जताई है। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय से मुलाकात कर नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा एनएफएस व्यवस्था को समाप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान डॉ. रवि प्रकाश, प्रो. एसएस गौरव, प्रो.एके भारतीय, प्रो.नितिन गर्ग भी मौजूद रहे। इस दौरान असीम अरुण ने कहा कि बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों को बिना स्पष्ट कारण एनएफएस घोषित कर दिया जाता है, जिससे आरक्षित वर्गों के प्रतिभाशाली अभ्यर्थी चयन से वंचित हो रहे हैं।


## वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आँख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छाँ | द | ■ | ठा | ■ |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी-11.58 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** — आज आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ अनबन हो सकती है। लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात हो सकती है। शाम को मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**मिथुन** — आज नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर संदेह न करें। अधिक भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर समस्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय व्यर्थ न करें।

**कर्क** — आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय व्यर्थ न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — आज नए व्यावसायिक संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंगी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को नई जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं।

**कन्या** — आज आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र को लेकर मन में उत्साह की कमी देखने को मिलेगी। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर अधिक ध्यान न दें।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति प्राप्त हो सकती है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग प्रभावित रहेंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।


**धनु** — आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के आयात-निर्यात में उत्तम धन लाभ हो सकता है।

**मकर** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी।

**कुंभ** — आज पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा। ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं।

**मीन** — आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 11.07 तक तत्पश्चात हस्त।

## सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | | | 7 | | 1 |
| | 3 | | | 1 | | | | 8 |
| | | 5 | | 9 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | 8 | | | | 7 | |
| 5 | 2 | | | | | | 6 | 9 |
| | 4 | | | | 1 | | | 3 |
| | 1 | 2 | | 4 | | 3 | | |
| 4 | | | | 6 | | | 2 | |
| 7 | | 9 | | | | 5 | | 4 |

### सुडोकू - 25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

# जीएसटी का जोर कारोबार सुगमता बढ़ाने पर

## वित्त मंत्रालय ने आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड किया जारी, कहा- व्यापक आर्थिक समावेश पर होगा फोकस

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि आठ साल पूरे कर चुके माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का जोर अब कारोबार को सुगम बनाने, मजबूत अनुपालन सुनिश्चित करने और व्यापक आर्थिक समावेश को बढ़ावा देने पर होगा। कुल 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है।

वित्त मंत्रालय ने जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहा, माल एवं सेवा कर अपने नौवें साल में प्रवेश कर रहा है। यह कारोबार को सरल बनाने के साथ मजबूत अनुपालन और व्यापक आर्थिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए विकसित हो रहा है। इससे भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका मजबूत हो रही है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को दर्शाती है। सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है।

यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। लगातार दहाई अंक की वृद्धि न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत देती है, बल्कि बेहतर अनुपालन, कम कर चोरी और कम करदाता बोझ के साथ एक परिपक्व, प्रौद्योगिकी-संचालित कर परिवेश का संकेत भी देती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत का जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मई, 2025 तक 162 करोड़ से अधिक जीएसटी रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यह केवल आठ वर्षों में एक सुव्यवस्थित, डिजिटल-प्रथम कर प्रणाली अपनाने और बढ़ते भरोसे को बताता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष करों को मानकीकृत स्लैब (0 प्रतिशत, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) और निर्बाध पंजीकरण, जीएसटीएन के साथ सरलीकृत व्यवस्था में एकीकृत किया है।

### बिजली की खपत घटकर 150 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत जून में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत घटकर 150.04 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण मानसून के जल्दी आने के साथ घरों, दफ्तरों को ठंडा रखने वाले एसी, कूलर जैसे उपकरणों का कम उपयोग है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष जून में बिजली की खपत 152.37 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आने से जून में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग भी प्रभावित हुई है। जून में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए की गयी आपूर्ति) भी पिछले महीने घटकर लगभग 242.49 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रह गई, जो जून, 2024 में लगभग 244.52 गीगावट थी।

## गोल्ड कमोडिटी : सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प

गोल्ड कमोडिटी निवेश का एक सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प माना जाता है। यह न सिर्फ मुद्रास्फीति और बाजार अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि का भी माध्यम बनता है। निवेशक इसमें भौतिक सोना, गोल्ड ईटीएफ, सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड या फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। कीमतें वैश्विक आर्थिक घटनाओं, डॉलर की मजबूती और मांग-आपूर्ति के आधार पर प्रभावित होती हैं।

बात काम की

### क्या है गोल्ड कमोडिटी

गोल्ड कमोडिटी का अर्थ है सोने को एक व्यापारिक वस्तु के रूप में खरीदना और बेचना। यह अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी बाजार में एक मानक धातु मानी जाती है और इसकी कीमत वैश्विक कारकों से निर्धारित होती है। भारत में गोल्ड ट्रेडिंग एमसीएक्स पर की जाती है।

### गोल्ड में कैसे करें निवेश

**भौतिक सोना :** गहने, सिक्के या बिस्किट के रूप में। **गोल्ड ईटीएफ :** स्टॉक एक्सचेंज में ट्रेड होने वाले डिजिटल गोल्ड। **सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड (एसजीबी) :** सरकार द्वारा जारी, ब्याज सहित सुरक्षित विकल्प। **गोल्ड फ्यूचर्स :** कमोडिटी एक्सचेंज पर अनुबंध आधारित ट्रेडिंग।

### महत्वपूर्ण बिंदु

निवेश के साथ-साथ बीमा की तरह देखा जाता है। एसजीबी और ईटीएफ जैसे विकल्प टैक्स लाभ भी देते हैं। निवेश से पूर्व वित्तीय लक्ष्यों व जोखिम क्षमता का मूल्यांकन करें।

### निवेश के लाभ

**मुद्रास्फीति से सुरक्षा :** महंगाई पर गोल्ड की कीमत बढ़ती है। **सुरक्षा :** संकट के समय में स्थिर निवेश विकल्प। **तरलता :** कभी भी बेचने की सुविधा। **पोर्टफोलियो विविधता :** स्टॉक्स या रियल एस्टेट से संतुलन बनाता है।

### जोखिम और चुनौतियां

**कीमत में उतार-चढ़ाव :** वैश्विक बाजार पर निर्भरता के कारण मूल्य अस्थिरता। भौतिक सोने में चोरी या मिलावट का खतरा। **फ्यूचर्स में जोखिम :** अनुबंध आधारित ट्रेडिंग जटिल हो सकती है। लॉन्ग टर्म पर रिटर्न सीमित होते हैं।

### सोच समझकर उठाया जाने वाला कदम

गोल्ड कमोडिटी में निवेश एक सुरक्षित, लेकिन सोच-समझकर उठाया जाने वाला कदम है। यदि सही माध्यम और रणनीति अपनाई जाए, तो यह दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता का सशक्त उपकरण बन सकता है।

## देश में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीने के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- जून में बढ़कर उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंचा

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार का संकेत देता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का विनिर्माण पीएमआई जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डरों और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया। जून में नए ऑर्डर में भी तेजी देखी गई। विस्तार की दर करीब एक साल में सबसे मजबूत थी। समिति के सदस्यों के अनुसार वृद्धि को विपणन प्रयासों और निर्यात में पर्याप्त वृद्धि से समर्थन मिला।

## बैंकिंग, वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड में निवेश 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र आधारित म्यूचुअल फंड में निवेश मई, 2025 में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 48,000 करोड़ रुपये हो गया। निवेश में उछाल का कारण इस क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन है। उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि इन कोषों ने पिछले साल 22 से 30 प्रतिशत तक का 'रिटर्न' दिया है, जो इस क्षेत्र के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारतीय बाजार में 22 बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड हैं।

मई, 2025 में इनकी संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 48,000 करोड़ रुपये की थीं। मई, 2024 में यह आंकड़ा करीब 34,971 करोड़ रुपये था। यह तीव्र वृद्धि बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र की दीर्घकालिक क्षमता में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

## कमजोर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर मांग घटने से कच्चे तेल की कीमत मंगलवार को दो रुपये घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गई। एमसीएक्स में कच्चे तेल के अगस्त में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव दो रुपये या 0.04 प्रतिशत घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 15,230 लॉट का कारोबार हुआ। विप्रतिभागियों के दांव घटाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही। वैश्विक स्तर पर, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.92 डॉलर प्रति बैरल पर जबकि न्यूयॉर्क में ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत घटकर 64.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्त मंत्री ने चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव का किया आह्वान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विकास को समावेशी बनाने और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे और क्रेडिट रेटिंग प्रणालियों में सुधार की जरूरत बतायी। उन्होंने स्पेन के सेविले में विकास के लिए वित्तपोषण (एफएफडी) पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव के आह्वान का समर्थन किया और विकसित देशों से जलवायु वित्त को बढ़ाने का आग्रह किया।

सीतारमण ने कहा कि खासकर नाजुक देशों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भरोसेमंद, सरल पहुंच और रियायती वित्त की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा, भारत समावेशी विकास और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधारों का समर्थन करता है, जिसमें बहुपक्षीय विकास बैंकों (एकडीबी) में सुधार और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग प्रणाली शामिल हैं। बहुपक्षीय विकास बैंक से दिये जाने वाले कर्ज को दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए और मजबूत निगरानी ढांचे के जरिये इस पर नजर रखी जानी चाहिए ताकि कर्ज राशि का उपयोग उन्हीं मदों में किया जाए, जिसके लिए वे आये हैं। सीतारमण ने कहा कि कई देशों के लिए समावेशी और सतत विकास के लिए कर्ज एक संरचनात्मक बाधा बन गया है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान शुरू किए गए वैश्विक 'सॉवरेन डेट' गोलमेज सम्मेलन ने कर्ज के मामले में पारदर्शिता और ऋण पुनर्गठन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एहतियाती ऋण प्रबंधन के साथ-साथ जी-20 साझा रूपरेखा का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है।



# डिजिटल इंडिया ने अंतराल को पाटा : मोदी

## कहा- एक दशक पहले शुरू की गई पहल अब बन चुकी जन आंदोलन, अवसरों को भी लोकतांत्रिक बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई डिजिटल इंडिया' पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। उन्होंने कहा, जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है। मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी दुनिया में सबसे तेजी से लागू हो रहा है, जिसमें केवल दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

### डिजिटल इंडिया के बड़े-बड़े वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को लेकर किए गए बड़े-बड़े दावों के बावजूद वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं तथा इससे निजता को नुकसान पहुंचा है एवं पारदर्शिता भी कमजोर हुई है। इसके 10 साल पूरा होने के मौके पर खरगे ने उन गांवों और स्कूलों का हवाला दिया, जहां अभी तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी नहीं पहुंची है। उन्होंने सरकार के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनियों- एमटीएनएल और बीएसएनएल पर बढ़ते कर्ज और साइबर अपराधों में वृद्धि का भी उल्लेख किया।

## एक नजर

### प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक, जादूगर बीवी पट्टाभिराम का निधन

**हैदराबाद।** जानेमाने मनोवैज्ञानिक, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, जादूगर और लेखक बीवी पट्टाभिराम का दिल का दौरा पड़ने से यहां निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पट्टाभिराम के मित्रों ने मंगलवार को बताया कि पट्टाभिराम का निधन 30 जून की रात में हुआ। पंद्रह भाई-बहनों वाले परिवार से ताल्लुक रखने वाले पट्टाभिराम ने जादू के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और अन्य दक्षिणी राज्यों में अपने जादू के शो के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। वह एक व्यापक रूप से प्रशंसित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, परिवार और छात्रों के काउंसलर भी थे।

### आर्थिक अन्याय का हथियार बन गया जीएसटी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियार बन गया है तथा इसे प्रधानमंत्री मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की पैरवी की और कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था।

## मौलाना तेजस्वी चुनाव में हार भांपकर कर रहे हैं सांप्रदायिक राजनीतिः भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- विपक्षी गठबंधन एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के लिए शरिया कानून लाने के लिए चाहता है सत्ता हासिल करना

भाजपा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर टिप्पणी को लेकर राजद के नेता तेजस्वी यादव को मंगलवार को मौलाना करार दिया तथा उनपर इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी महागठबंधन की आसन्न हार को भांपकर सांप्रदायिक आधार पर समाज के ध्रुवीकरण का प्रयास करने का आरोप लगाया।

यादव के इस दावे पर कि बिहार में विपक्षी महागठबंधन सत्ता में आने पर वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में डाल देगा, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन केवल एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के वास्ते शरिया कानून लाने के लिए सत्ता हासिल करना चाहता है, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए काम करता है। भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा, ये नमाजवादी बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान नहीं चाहते। वे संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। वे केवल शरिया कानून चाहते हैं... वे केवल एक विशेष धर्म का सशक्तीकरण चाहते हैं। यादव पर मुस्लिम मतों के लिए 'सांप्रदायिक राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए भाटिया ने कहा, जो लोग बाबा साहब के संविधान और संसद द्वारा पारित कानून को कूड़ेदान में डालने की बात कर रहे हैं, बिहार की जनता उनकी सांप्रदायिक राजनीति को कूड़ेदान में डाल देगी।

यादव ने रविवार को दावा किया था कि बिहार में सत्तारूढ़ राजग खत्म होने की राह पर है और विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व वाली राज्य की नई सरकार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ (संशोधन) अधिनियम को 'कूड़ेदान में डाल देगी।

## कई राज्यों में अगले छह-सात दिन में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बरपेगा कहर

आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि अगले छह .सात दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा कि इस अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा।

विभाग के अनुसार एमपी, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है जबकि झारखंड और ओडिशा में कुछ दिनों में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा कि कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में कुछ स्थान पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा कि सौराष्ट्र और कच्छ में भी अगले सात दिन में भारी बारिश हो सकती है जबकि इस अवधि के दौरान पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने कहा कि तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में सप्ताह के कुछ दिन में भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने सोमवार को, जुलाई में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था।

### प्रकृति का कहर



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने के बाद ब्यास और सुकेती नदियों के संगम पर स्थित पंचवक्त्र महादेव मंदिर। एजेंसी

## तेलंगाना : दवा फैक्टरी विस्फोट में मरने वालों की संख्या 35 हुई

- मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटनास्थल का दौरा किया

**संगारेड्डी (तेलंगाना)।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में पशम्यलारम में 'सिगाची इंडस्ट्रीज' के दवा संयंत्र में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने बताया कि मलबा हटाते समय उसके नीचे दबे कई शव बरामद किए गए हैं। मलबे से 31 शव निकाले गए हैं, जबकि तीन लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बचाव अभियान का अंतिम चरण अब भी जारी है। वहीं, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी अपने कुछ कैबिनेट सहयोगियों के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। प्रणाम अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार को 21 लोगों को भर्ती कराया गया जिनके सिर में चोट लगी थी और शरीर पर जलने के निशान थे।

## छात्रा से दुष्कर्म के तीनों आरोपी कॉलेज से निष्कासित

कोलकाता, एजेंसी

### साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' के प्राधिकारियों ने लिया फैसला



कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म के सभी दोषियों को सख्त सजा देने की मांग को लेकर वकीलों ने एक विरोध रैली में हिस्सा लिया।

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के प्राधिकारियों ने कॉलेज की 24 वर्षीय छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के प्रमुख आरोपी की सेवा समाप्त करने के साथ ही मामले में दो अन्य सह आरोपियों को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है। प्रमुख आरोपी मनोजित मिश्रा की नियुक्ति अपराध से जुड़ी उसकी गिरफ्तारी के बाद रद्द कर दी गई है। उसकी नियुक्ति कॉलेज के शासी निकाय की एक पूर्व सिफारिश पर एक अस्थायी कर्मचारी के रूप में की गई थी।

मिश्रा को कॉलेज के छात्र एवं सह-आरोपियों जैब अहमद और प्रोमित मुखर्जी के साथ गिरफ्तार किया गया था और उन्हें अब पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस विधायक अशोक देब की अध्यक्षता में कॉलेज के शासी निकाय की एक बैठक के बाद प्राधिकारियों ने मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने और दो छात्रों को निष्कासित करने की घोषणा की। देब ने कहा, मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया गया है जबकि दो अन्य को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाएगा। घटना के विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किया।

## समयपूर्व रिहाई की दोषी की याचिका खारिज करने का फैसला रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कानून की छात्रा प्रियदर्शिनी मट्टू के साथ 1996 में दुष्कर्म और हत्या करने जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे संतोष कुमार सिंह की समयपूर्व रिहाई संबंधी याचिका खारिज करने के सजा समीक्षा बोर्ड के फैसले को मंगलवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव नरुला ने कहा कि सिंह में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने मामला फिर से सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) के पास भेजते हुए उसे दोषी की समयपूर्व रिहाई की याचिका पर नए सिरे से विचार करने को कहा।

न्यायमूर्ति नरुला ने फैसला सुनाते हुए कहा, मैंने उसमें सुधार की गुंजाइश देखी है। एसआरबी के फैसले को रद्द किया जाता है और मैंने मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए एसआरबी को वापस भेज दिया है। अदालत ने कैदियों की याचिकाओं पर विचार करते समय एसआरबी द्वारा पालन किए जाने वाले कुछ दिशानिर्देश भी दिए हैं।

## ओडिशा में कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की टांगें तोड़ने के आईपीएस अधिकारी के निर्देश से उपजा विवाद

भुवनेश्वर, एजेंसी

### इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया

ओडिशा कैडर के एक आईपीएस अधिकारी ने पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की टांगें तोड़ने का निर्देश दिया और उन्हें उनके इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया है। राज्य में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस टिप्पणी की निंदा की है।

यह विवाद उस कथित वीडियो के वायरल होने के बाद शुरू हुआ जिसमें भुवनेश्वर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नरसिंह भोल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों को यह निर्देश देते नजर आ रहे हैं कि उनकी टांगें तोड़ दो और मुझसे इनाम ले लो। पीटीआई-भाषा स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका। पुलिस अधिकारी ने पुरी में भगदड़ को लेकर रविवार रात को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक प्रदर्शन रैली के दौरान यह कथित निर्देश दिया।

### पुरी भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर कर रहे थे प्रदर्शन

पुरी में भगदड़ की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि भीड़ प्रबंधन में चूक हुई, जिसके कारण भगदड़ की घटना हुई। वायरल वीडियो में भोल को मुख्यमंत्री आवास के पास तैनात पुलिस कर्मियों को यह निर्देश देते हुए देखा गया कि वे किसी को भी अवरोधक तोड़ने न दें। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा, यह अत्यधिक निंदनीय है।

